आश्विन शुक्ल पक्ष पंचमी उपरांत 11:18 षष्ठी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 8 अक्टूबर 2024
वर्ष 3, अंक 60, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

अयोध्या

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



गैस की धारा छोड़ रहे बर्फीले पिंड की खोज 16

शर्वरी ने दिखाया फिटनेस का जलवा 15

## दुधवा में 117 वर्षों बाद मिला दुर्लभ सांप पेंटेड कीलबैक

संवाददाता, पलिया कलां (लखीमपुर खीरी)

- बायोलॉजिस्टों ने की इस गैर विषैले सांप की पहचान और पुष्टि

**अमृत विचार :** दुधवा टाइगर रिजर्व में 117 साल बाद दुर्लभ प्रजाति का गैर विषैला सांप पेंटेड कीलबैक मिला है। दुधवा टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक डा. रंगा राजू टी ने बताया कि उत्तर प्रदेश के फैजाबाद जिले में वर्ष 1907 में पेंटेड कीलबैक देखे जाने के बाद अब इसकी उपस्थिति दुधवा में दर्ज की गई है। पेंटेड कीलबैक को नकौआ नाले के पास स्थित दीमक के एक टीले के निकट मृत पाया गया। उसके शरीर के लाल-नारंगी रंग सहित अन्य



विशेष चिन्हों और स्किल पैटर्न से बायोलॉजिस्टों ने इसकी पहचान प्रिंटेड कीलबैक के रूप में की।

विश्व प्रकृति निधि के क्षेत्रीय अधिकारी रोहित रवि, बायोलॉजिस्ट विपिन सैनी एवं अपूर्व गुप्ता आदि ने गजन जांच कर पेंटेड कीलबैक की पहचान और पुष्टि की।

## कासगंज में पुलिस की पिटाई से आहत दलित ने फंदा लगाकर दी जान

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

### रामलीला मंचन के दौरान कुर्सी पर बैठने पर पिटाई करने का आरोप

**अमृत विचारः** रामलीला मंचन के दौरान दलित युवक का कुर्सी पर बैठना पुलिस कर्मियों को नागवार लगी, उन्होंने उसे जातिसूचक गालियां देते हुए पिटाई की। जिससे आहत होकर उसने घर में फंदा लगाकर जान दे दी। उसकी पत्नी ने आरोपी दो पुलिसकर्मियों के विरुद्ध सोरों कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना के पीछे गांव के ही कुछ लोगों की साजिश की बात कही जा रही है।

सोरों के गांव सलेमपुर में रामलीला का मंचन चल रहा है। रविवार को गांव निवासी 50 वर्षीय रमेश



- दोनों आरोपी पुलिसकर्मियों के खिलाफ पत्नी ने की शिकायत

दिवाकर पुत्र कन्हई लाल पंडाल में पड़ी कुर्सी पर बैठकर रामलीला देख रहे थे। आरोप है कि रामलीला कमेटी के इशारे पर पुलिस कर्मी विक्रम और एक अन्य कांस्टेबल ने रमेश का गिरेबान पकड़कर उठा लिया और अलग ले जाकर पिटाई कर जातिसूचक गालियां दीं। पिटाई से आहत रमेश ने घर आकर फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। परिजन सिपाहियों पर आरोप लगाकर कर्रवाई की मांग करने लगे। इंस्पेक्टर भोजराज अवस्थी ने मौका मुआयना कर ग्रामीणों और परिजनों से जानकारी ली। फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए। मृतक की पत्नी रामरती देवी ने तहरीर में कहा कि विक्रम नाम के सिपाही ने भरे पंडाल में मारपीट की। इंस्पेक्टर भोजराज अवस्थी ने बताया कि दोनों पुलिसकर्मियों के खिलाफ तहरीर दी गई है। जांच की जा रही है।

### भीम आर्मी जिलाध्यक्ष ने जताई नाराजगी

भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष विशाल कुमार ने नाराजगी जताते हुए कहा कि रमेश दिवाकर कुर्सी पर बैठे थे। इसी पर पुलिस कर्मियों ने मारपीट की। उनके सम्मान को ठेस पहुंची तो जान दे दी। ग्राम प्रधान गुड्डू ने कहा कि रामलीला के दौरान रमेश कुर्सी पर बैठ गए थे। कुछ लोगों के इशारे पर पुलिस कर्मियों ने मारा पीटा।

### विधान भवन के सामने युवक ने लगाई आग, गंभीर

- टेंट हाउस मालिक से लेनदेन का था विवाद, जांच शुरू

**लखनऊ, अमृत विचार :** विधान भवन के सामने सोमवार दोपहर करीब 3 बजे युवक ने शरीर पर पेट्रोल उड़ेलकर आग लगा लिया। वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने आनन-फानन कंबल डालकर आग बुझाई फिर सिविल अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। डॉक्टरों के अनुसार 50 प्रतिशत से अधिक झुलस गया है। पुलिस के मुताबिक टेंट हाउस मालिक से लेनदेन का विवाद था। पूछताछ के लिए टेंट हाउस मालिक को हिरासत में लिया गया है। पुराना चबूतरा दालमंडी सआदतगंज निवासी मुन्ना विश्वकर्मा (40) आलमबाग के बंगाल टेंट हाउस में बिजली का काम करता था। टेंट हाउस मालिक रंजीत चक्रवर्ती से उसका लेनदेन का विवाद था। एक महीने पहले आलमबाग थाने की मवैया चौकी पुलिस ने शिकायत मिलने पर दोनों को बुलाया। मुन्ना का आरोप है कि पुलिस ने टेंट हाउस मालिक का साथ देते हुए उसे चौकी से भगा दिया। उसकी बात नहीं सुनी। आर्थिक तंगी के कारण वह अपने बेटे की फीस भी नहीं भर पा रहा था। डीसीपी मध्य रवीना त्यागी के मुताबिक मुन्ना 50 प्रतिशत झुलस गया है। टेंट हाउस के मालिक रंजीत को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। साक्ष्यों व तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### हाईकोर्ट में इस माह 13 दिन होंगे न्यायिक कार्य

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में 15 अक्टूबर तक दशहरा अवकाश रहेगा। इसके चलते 8 दिनों तक हाईकोर्ट में कोई भी न्यायिक कार्य नहीं होगा। नए दाखिल केसों की सुनवाई अब 15 अक्टूबर के बाद होगी। दशहरा एवं उसके बाद दीपावली अवकाश के कारण हाईकोर्ट अक्टूबर माह में केवल 13 दिनों के लिए ही खुला रहेगा। न्यायिक कार्य पूरे माह में मात्र 13 दिन ही होना है।

### बस पलटने से तीन यात्रियों की मौत, कई घायल

**पालनपुर (गुजरात), एजेंसी।** गुजरात के बनासकांठा जिले में सोमवार को सुबह अंबाजी मंदिर से तीर्थ यात्रियों को लेकर जा रही एक निजी बस के पलट जाने से उसमें सवार तीन यात्रियों की मौत हो गई और लगभग 30 अन्य घायल हो गए। पुलिस अधीक्षक अक्षय राज ने बताया कि तीन यात्रियों की मौत होने के साथ नौ गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि 25 अन्य को मामूली चोटें आईं। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया।

### दो इनामी समेत चार नक्सली गिरफ्तार

**औरंगाबाद।** बिहार के नक्सल प्रभावित औरंगाबाद जिले में पुलिस और विशेष कार्य बल (एसटीएफ) टीम की संयुक्त कार्रवाई में प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा-माओवादी के दो जोनल कमांडर समेत चार नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक अंबरीश राहुल ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि किसी नक्सली घटना को अंजाम देने के लिए अवैध हथियार और कारतूस के साथ कुछ नक्सली बघोई टोला सत्यदेव नगर में सत्येन्द्र सिंह के घर पर रुके हुए हैं, जिस पर पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई की।

### कच्छ तट से 120 करोड़ की कोकीन बरामद

**गांधीधाम (गुजरात)।** गुजरात के कच्छ जिले में गांधीधाम शहर के निकट एक खाड़ी क्षेत्र से 12 किलोग्राम कोकीन से भरे दस लावारिस पैकेट बरामद किए गए हैं, जिसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत 120 करोड़ रुपये आंकी गई है। कच्छ-पूर्व संभाग के पुलिस अधीक्षक सागर बागमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि तस्करों ने संभवत: पकड़े जाने से बचने के लिए खाड़ी के पास प्रतिबंधित मादक पदार्थ छिपाया होगा।

# संजय रॉय ने ही किया था प्रशिक्षु चिकित्सक से दुष्कर्म और हत्या

### आरजी कर मामलाः सीबीआई ने दाखिल किया आरोपपत्र, सामूहिक दुष्कर्म का उल्लेख नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एक प्रशिक्षु चिकित्सक से बलात्कार और उसकी हत्या के मामले में मुख्य आरोपी संजय रॉय के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल कर दिया है।

अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि सीबीआई ने कोलकाता की एक विशेष अदालत में दाखिल अपने आरोपपत्र में कहा है कि स्थानीय पुलिस के साथ स्वयंसेवक के रूप में काम करने वाले रॉय ने 9 अगस्त को अस्पताल के सभागार में घटना को तब अंजाम दिया था जब प्रशिक्षु चिकित्सक वहां सोने के लिए गई थी।

अधिकारियों के अनुसार, एजेंसी ने आरोपपत्र में सामूहिक बलात्कार के आरोप का उल्लेख नहीं किया है, जिससे संकेत मिलता है कि रॉय ने



- 9 अगस्त को अस्पताल के सभागार में दिया था घटना को अंजाम

अकेले ही अपराध को अंजाम दिया। उन्होंने बताया कि कोलकाता पुलिस ने रॉय को सीसीटीवी फुटेज के आधार पर 10 अगस्त को गिरफ्तार किया था, जिसमें वह 9 अगस्त की सुबह सेमिनार रूम में प्रवेश करते हुए दिखा था। सीबीआई ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश के बाद 14 अगस्त को जांच का जिम्मा संभाला था। सीबीआई ने रॉय को हिरासत में लिया और उससे विस्तृत पूछताछ की, जिसके बाद पॉलीग्राफ टेस्ट कराया गया।

रॉय ने नार्को विश्लेषण के लिए सहमति देने से इनकार कर दिया था, जिसके बाद सीबीआई परीक्षण पर आगे नहीं बढ़ सकी। मामले में ताला पुलिस थाने के प्रभारी अभिजीत मंडल और मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्राचार्य संदीप घोष को भी सीबीआई ने गिरफ्तार किया है। घोष कथित भ्रष्टाचार से संबंधित सीबीआई के एक अन्य मामले का भी सामना कर रहे हैं। प्रशिक्षु चिकित्सक का शव नौ अगस्त को सुबह 9.30 बजे उसके एक सहकर्मी ने वार्ड में राउंड शुरू करने से पहले उसकी तलाश के दौरान देखा था। ताला पुलिस थाने को एक महिला के बेहोशी की हालत में पड़े होने के बारे में सूचित किया गया था और उसका दल पूर्वाह्न करीब 10.30 बजे मौके पर पहुंचा। प्रशिक्षु चिकित्सक की हत्या के बाद देशभर में रेजिडेंट डॉक्टर ने बेहतर सुरक्षा की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन किया।

### जू.डॉक्टरों का आमरण अनशन तीसरे दिन भी जारी

**कोलकाता।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में महिला चिकित्सक के साथ दुष्कर्म और उसकी हत्या के मामले में न्याय एवं कार्यस्थल पर सुरक्षा की मांग कर रहे आंदोलनरत कनिष्ठ चिकित्सकों का आमरण अनशन लगातार तीसरे दिन सोमवार को भी जारी रहा। प्रदर्शनकारी चिकित्सकों ने अपनी मांगों को लेकर दबाव बनाने के लिए मंगलवार को शाम करीब साढ़े चार बजे मध्य कोलकाता के कॉलेज स्कवायर से धर्मतला तक एक रैली करने की भी घोषणा की। एक कनिष्ठ चिकित्सक ने कहा कि कल, हम राज्य भर के सभी मेडिकल कॉलेज और अस्पतालों में सांकेतिक भूख हड़ताल भी करेंगे।

### मुख्यमंत्री योगी ने कहा-हर मत, संप्रदाय की आस्था का सम्मान हो

## महापुरुषों के प्रति टिप्पणी अस्वीकार्य लेकिन अराजकता भी बर्दाश्त नहीं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- योगी ने अधिकारियों के साथ की कानून-व्यवस्था की समीक्षा
- त्योहारों पर माहौल खराब करने वालों को चिन्हित कर करें कार्रवाई

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि किसी भी जाति, मत-मजहब अथवा संप्रदाय से जुड़े हुए ईष्ट देवी-देवता, महापुरुषों और साधु-संतों के विरुद्ध अपमानजनक टिप्पणी अस्वीकार्य है, लेकिन विरोध के नाम पर अराजकता भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

त्योहारों को ध्यान में रखते हुए सोमवार को मुख्य सचिव, डीजीपी, अपर मुख्य सचिव गृह, एवं अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कानून व्यवस्था की अपने सरकारी आवास पर समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हर मत, संप्रदाय की आस्था का सम्मान होना चाहिए। उन्होंने कहा कि महापुरुषों के प्रति प्रत्येक नागरिक के मन में कृतज्ञता का भाव होना चाहिए, लेकिन इसके लिए बाध्य नहीं किया सकता और जबरन किसी पर थोपा भी नहीं जा सकता।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोई भी व्यक्ति अगर आस्था के साथ खिलवाड़ करेगा, महापुरुषों, देवी-देवता, संप्रदाय आदि की आस्था के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करेगा, तो उसे कानून के दायरे में लाकर कठोरता पूर्वक सजा दिलवाई जाएगी, लेकिन सभी मत, मजहब, सम्प्रदाय के लोगों को एक-दूसरे का सम्मान करना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि विरोध के नाम पर अराजकता, तोड़-फोड़ अथवा आगजनी स्वीकार नहीं है, जो कोई ऐसा दुस्साहस करेगा, उसे उसकी कीमत चुकानी होगी। मुख्यमंत्री ने पुलिस प्रशासन को निर्देश दिए कि शारदीय नवरात्रि, विजयदशमी का पर्व हर्षोल्लास, शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हो, यह हर जिला-प्रत्येक थाना को सुनिश्चित करना होगा। माहौल खराब करने वालों को चिन्हित कर कठोर कार्रवाई करें। कानून के विरुद्ध कार्य करने वालों के साथ सख्ती से निपटें। महिला सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### पर्वों पर आमजन को न होने पाए परेशानी



**वाराणसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री के प्रस्तावित दौरे के पहले सोमवार की शाम ग्राउंड जीरो पर उतरकर विकास परियोजनाओं का जायजा लिया। अधिकारियों के साथ शिलान्यास और लोकार्पित होने वाली परियोजनाओं, विकास कार्यों और कानून व्यवस्था को लेकर बैठक की। इस दौरान उन्होंने दुर्गा पूजा, विजयादशमी एवं अन्य पर्वों पर पूरी चौकसी बरते जाने के साथ ही सुरक्षाकर्मियों की तैनाती पर जोर दिया। योगी ने कहा कि पर्वों पर किसी भी प्रकार से आमजन को परेशानी न होने पाए।

## दो अमेरिकी वैज्ञानिकों को चिकित्सा का नोबेल पुरस्कार

- माइक्रो आरएनए की खोज के लिए होंगे सम्मानित

**स्टॉकहोम, एजेंसी।** माइक्रो आरएनए की खोज के लिए अमेरिकी वैज्ञानिकों विक्टर एंब्रोस और गैरी रुवकुन को चिकित्सा का नोबेल पुरस्कार प्रदान किए जाने की घोषणा सोमवार को की गई। नोबेल असेंबली ने कहा कि इन वैज्ञानिकों की खोज जीवों के विकास और कार्यप्रणाली के लिए मौलिक रूप से महत्वपूर्ण साबित हो रही है। नोबेल समिति के महासचिव थॉमस पर्लमैन ने कहा कि एंब्रोस ने हार्वर्ड यूनिवर्सिटी में वह शोध किया जिसके कारण उन्हें यह पुरस्कार दिया जाएगा। वह वर्तमान में यूनिवर्सिटी ऑफ मैसाचुसेट्स मेडिकल स्कूल में प्रकृति विज्ञान के प्रोफेसर हैं। रुवकुन का अनुसंधान मैसाचुसेट्स जनरल हॉस्पिटल और हार्वर्ड मेडिकल स्कूल में किया गया, जहां वह जेनेटिक्स के प्रोफेसर हैं। पिछले वर्ष, फिजियोलॉजी या चिकित्सा के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार हंगरियाई-अमेरिकी नागरिक कैटालिन कारिको और अमेरिकी नागरिक ड्रू वीसमैन को दिया गया था।

## मोबाइल चोरी के आरोप में मजदूर को पीट-पीटकर मार डाला

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

- सीतापुर के महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र के पचदेउरा गांव की घटना, दो गिरफ्तार

**अमृत विचारः** मजूदर पर मोबाइल चोरी का आरोप लगा, फिर उसे पीटकर मार डाला गया। महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र के पचदेवरा गांव में हुई घटना में पुलिस ने मुख्य आरोपी व उसके भाई को गिरफ्तार कर लिया है। मृतक के पुत्र के प्रार्थनापत्र पर हत्या समेत एससी-एसटी की धारा में मामला दर्ज कर लिया गया है।

सदरपुर थाना क्षेत्र के इनायतपुर गांव का राकेश (45) पुत्र हीरालाल सोमवार को बेलौली चौराहे पर लगने वाली मजदूर मंडी आया था। महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र का पचदेवरा निवासी शोभाराम 12 मजदूरों को लेकर अपने धान के खेत में पहुंचा। अन्य मजदूरों के मुताबिक, शोभाराम ने सिद्धेश्वर बाबा मंदिर के पीछे मौजूद अपने खेत पर धान की पिटाई करने के लिए सभी मजदूरों को लगा दिया। यहीं पर शोभाराम का मोबाइल कहीं गुम हो गया। राकेश के पुत्र इंद्रजीत ने बताया कि शोभाराम और उसके परिवार के लोग पिता पर मोबाइल का आरोप लगा कर अपने घर ले गये। जहां, उनको अमानवीय यातनाएं दी गईं। लाठी- डंडों से ताबड़तोड़ किये गए वार से राकेश की मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद राकेश के शव को झाड़ी में ले जाकर डाल दिया। बढ़ते बवाल के बीच राकेश की मौत की पुष्टि के लिए पुलिस की मौजूदगी में महमूदाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सीओ दिनेश शुक्ला ने बताया कि मुख्य आरोपी शोभाराम व उसके भाई चमनलाल को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## आप सांसद संजीव अरोड़ा के ठिकानों पर ईडी का छापा

**जालंधर।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सदस्य संजीव अरोड़ा तथा अन्य लोगों के खिलाफ जमीन धोखाधड़ी के एक मामले में सोमवार को जालंधर, लुधियाना, गुरुग्राम तथा दिल्ली में कई स्थानों पर छापे मारे। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सांसद के पंजाब के लुधियाना और हरियाणा के गुरुग्राम में स्थित आवास समेत करीब 16-17 स्थानों पर तलाशी ली जा रही है। जालंधर में जिन स्थानों पर तलाश ली जा रही है उनमें रियल एस्टेट कारोबारी हेमंत सूद और एक अन्य व्यक्ति चंद्र शेखर अग्रवाल के परिसर भी शामिल हैं। अरोड़ा ने कहा कि उन्हें नहीं पता है कि असल में किस कारण से तलाशी की जरूरत पड़ी।

## जिला मलेरिया अधिकारी को रिश्वत लेते दबोचा

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव



- लखनऊ विजिलेंस टीम ने उन्नाव के अफसर को पकड़ा
- चिकित्सीय अवकाश स्वीकृत करने को मांगे थे 10 हजार

**अमृत विचार :** कर्मचारी का चिकित्सीय अवकाश स्वीकृत करने के लिए 10 हजार रुपये रिश्वत लेते जिला मलेरिया अधिकारी को सोमवार को लखनऊ विजिलेंस की टीम ने रंगे हाथ दबोच लिया। केके गुप्ता फाइलेरिया नियंत्रण इकाई में बायोलॉजिस्ट हैं। उन्होंने जिला मलेरिया अधिकारी रमेश चंद्र यादव को चिकित्सीय अवकाश स्वीकृत करने के लिए प्रार्थनापत्र दिया था। आरोप है कि अवकाश स्वीकृत करने के लिए जिला मलेरिया अधिकारी ने 10 हजार रुपये मांगे थे। जिसकी शिकायत केके गुप्ता ने लखनऊ सतर्कता अधिष्ठान में की थी। सोमवार दोपहर बाद जैसे ही पीड़ित ने रमेश यादव को रुपये दिए, विजिलेंस टीम उन्हें दबोच लिया और लखनऊ ले गई। सतर्कता अधिष्ठान ने रमेश यादव को केके गुप्ता की शिकायत पर रंगे हाथ उनके कार्यालय से पकड़े जाने की पुष्टि की है।

## गोंडा में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, दो की मौत

संवाददाता, गोंडा

- तीन की हालत गंभीर, एसपी व सीओ ने किया घटनास्थल का निरीक्षण

**अमृत विचार :** तरबगंज थाना क्षेत्र का बेलसर बाजार सोमवार को धमाके से दहल उठा। बाजार से सटे एक मकान में अवैध रूप से चल रही एक पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट हो गया। विस्फोट की जद में आकर लल्लू (30) व आकाश (15) की मौत हो गई। जबकि अयूब (17), कृष्ण कुमार (24) व इश्तियाक (40 ) गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही तरबगंज एसएचओ राजेश सिंह व सीओ विनय सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को एंबुलेंस की मदद से पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और फिर जिला अस्पताल पहुंचाया लेकिन अस्पताल के डाक्टरों ने घायलों की हालत को देखते हुए उन्हे लखनऊ रेफर कर दिया। कुछ देर बाद एसपी विनीत जायसवाल व तरबगंज विधायक प्रेम नरायन पांडेय भी घटनास्थल पर पहुंच गए। एसपी ने बताया कि दो लोगों के मरने की पुष्टि हुई है। जबकि तीन घायल हैं। उन्हें लखनऊ रेफर किया गया है। मौके पर डॉग स्क्वायड व फॉरेंसिक टीम बुलाई गई है। पटाखा फैक्ट्री बिना लाइसेंस के चल रही थी।

## 35 करोड़ की ठगी का आरोप, 6 बैंक खातों में सिर्फ 640 रुपये




इसी मशीन से जवान बनाने का किया दावा।

### जवानी की मशीन से बूढ़ों को युवा बनाने का आरोपी पहुंचा डीसीपी कार्यालय, दर्ज कराए बयान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बोला, मैं ठग नहीं, आरोप लगाने वाले ब्लैकमेलर, कभी नहीं कहा कि इजराइल से मंगाई मशीन
- डीसीपी और एसीपी ने की पूछताछ, अब आरोपी के दावों की सत्यता परख रही है एसआईटी




**अमृत विचार :** बुजुर्गों को जवान बनाने का झांसा देकर 35 करोड़ रुपये की ठगी का आरोपी स्वरूप नगर निवासी राजीव दुबे सोमवार दोपहर डीसीपी साउथ कार्यालय पहुंचा और बयान दर्ज कराए। खुद को बेकसूर बताते हुए उसने कहा कि उसके 6 बैंक खातों में मात्र 640 रुपये हैं। कंपनी ने कुल 40 लाख का ट्रांजेक्शन किया है। मैं ठग नहीं हूं, आरोप लगाने वाले ब्लैकमेलर हैं। मैंने कभी नहीं कहा था कि जवानी की मशीन इजराइल से मंगाई है। डीसीपी साउथ अंकिता शर्मा और एसीपी बाबूपुरवा अंजली विश्वकर्मा ने काफी देर तक उससे पूछताछ की, बाद में पुलिस उसे साकेत नगर स्थित जिम ले गई। एसआईटी टीम अब आरोपी के दावों की जांच कर रही है।

जवानी की मशीन से लोगों को झांसा देकर ठगी के आरोपी राजीव दुबे के डीसीपी कार्यालय पहुंचने पर उसे देखने वालों की भीड़ जमा हो गई। इस पर किदवई नगर थाने से फोर्स बुलाना पड़ा। पुलिस को दर्ज कराए बयान में आरोपी ने 35 करोड़ की ठगी का आरोप निराधार बताते हुए कहा कि वह और पत्नी रश्मि दुबे बेकसूर हैं। आरोपी ने रिपोर्ट दर्ज कराने वाली रेनू सिंह चंदेल को ब्लैकमेलर बताते हुए कहा कि वह और उनके साथी पीछे पड़े हैं। उसके पास आडियो साक्ष्य हैं, पहले 5 लाख फिर 10 लाख, बाद में 18 लाख रुपये की मांग की गई। राजीव ने पुलिस को बताया कि उसने कभी नहीं कहा था कि मशीन इजराइल से मंगाई है। अगर ठगी करनी होती तो पत्नी के नाम का सहारा क्यों लेता और मूल दस्तावेजों का उपयोग क्यों करता। उसके विदेश भागने की बात कही जा रही है, आरोप लगाने वालों को नहीं पता है कि उसका पासपोर्ट डेढ़ वर्ष पहले एक्सपायर हो चुका है।

एसआईटी टीम अब आरोपी के बयान की सत्यता परखने के साथ उसके बैंक खातों की जांच कर रही है। देर शाम आरोपी को साकेत नगर स्थित रिवाइवल वर्ल्ड के ऑफिस ले जाया गया। इसी संस्था के नाम से उस पर ठगी करने का आरोप है। बीती 20 सितंबर को स्वरूप नगर निवासिनी रेनू सिंह चंदेल द्वारा राजीव दुबे और पत्नी रश्मि पर धोखाधड़ी का आरोप लगाकर मुकदमा दर्ज कराए जाने के बाद आफिस और कथित मशीन पहले ही सील की जा चुकी है।

> किदवई नगर थाने में पंजीकृत मुकदमे में स्वरूप नगर निवासी राजीव दुबे और पत्नी रश्मि पर आरोप था कि इजराइल की मशीन से 60 साल के बूढ़ों को 25 साल का जवान बना दिया जाएगा। इस मामले में सोमवार को राजीव दुबे बयान दर्ज करने डीसीपी कार्यालय पहुंचे। अभी जो धाराएं उन पर लगी हैं, उनमें गिरफ्तारी नहीं है। मामले की सघन जांच की जा रही है, इसके बाद धाराएं बढ़ाई जाएंगी। आरोपी के बैंक अकाउंट के ट्रांजेक्शन देखे जा रहे हैं। आरोप लगाने वाले लोगों से भी पूछताछ की जा रही है। -**अंकिता शर्मा**, डीसीपी साउथ।

## षष्ठम कात्यायनी



कात्यायनी नवदुर्गा या हिंदू देवी पार्वती शक्तिद्ध के नौ रूपों में छठवीं रूप हैं। कात्यायनी अमरकोष में पार्वती के लिए दूसरा नाम है। संस्कृत शब्दकोश में उमा, कात्यायनी, गौरी, काली, शाकुम्भरी व ईश्वरी इन्हीं के अन्य नाम हैं। शक्तिवाद में उन्हें शक्ति या दुर्गा, जिसमें भद्रकाली और चंडिका भी शामिल हैं में भी प्रचलित हैं। देवी कात्यायनी की पूजा से बृहस्पति ग्रह मजबूत होता है।

**बीज मंत्र - क्लीं श्री त्रिनेत्राय नमः।**

नवरात्रि के पावन महोत्सव की
एम.के. बन्धानी हींग परिवार
की ओर से
हार्दिक शुभकामनाएँ
सर्वमंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके।
शरण्ये त्र्यंबके गौरी नारायणी नमोस्तुते॥
एम. के.
बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोनः 9519456555, 9695416555

## आज का मौसम

आगामी 24 घंटे में हल्के बादल छाए रहने एवं बूंदाबांदी की संभावना है।

33.5° अधिकतम तापमान | 24.0° न्यूनतम तापमान

## आज के कार्यक्रम

- हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के परीक्षा केंद्रों के निर्धारण को लेकर समीक्षा डीआईओएस कार्यालय में प्रातः 11:00 बजे से।
- विकास भवन में एआरपी पदों पर लिखित परीक्षा, साक्षात्कार अपराह्न 01:00 बजे से
- उप चुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी की बैठक हैरिंगटनगंज में अपराह्न 01:00 बजे से
- श्रीरामलीला समिति रुदौली की ओर से आयोजित रामलीला में सीता हरण एवं अन्य प्रसंग सायं 07:00 बजे से

### अभियान में 56 वारंटी गिरफ्तार

**अयोध्या, अमृत विचार :** जनपद पुलिस ने अभियान के तहत अलग-अलग थाना क्षेत्रों से कुल 56 वारंटियों को गिरफ्तार किया है। एसएसपी राजकरन नैय्यर ने बताया कि सभी थाना और कोतवाली पुलिस को अदालत से जारी वारंट को लेकर विशेष गिरफ्तारी अभियान चलाने का निर्देश दिया गया था। 24 घंटे के भीतर विभिन्न थाना क्षेत्रों में कुल 56 वारंटियों को गिरफ्तार कर संबंधित पुलिस ने उनका चालान किया है।

# मिल्कीपुर में जंगली जानवर के हमले में 13 घायल, दहशत

## फौजी व महिला का चल रहा इलाज, कई अन्य का हुआ प्राथमिक उपचार ▸ आदमखोर भेड़िया के हमले की आशंका, वन विभाग सक्रिय

मिल्कीपुर, अयोध्या

**अमृत विचार :** हैरिंगटनगंज ब्लॉक क्षेत्र में जंगली जानवर के हमले में 13 लोग घायल हो गए। इनमें गंभीर रूप से घायल दो लोगों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। कई को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के बाद घर भेज दिया गया। आदमखोर भेड़िये के हमले की आशंका जताई जा रही है। वन विभाग ने छह कर्मचारियों की टीम लगाने के साथ ही प्रभावित क्षेत्र में पिंजड़ा लगाने का दावा किया है। वह जंगली जानवर के पद चिन्ह की तलाश कर रहा है।

जंगली जानवर के हमले की शुरुआत रविवार की देर शाम लगभग पांच बजे हैरिंगटनगंज ब्लाक क्षेत्र में हुई। लगभग पांच घंटे के दौरान पांच किमी. के दायरे में उसने अलग-अलग गांव और मजरों में 13 लोगों पर हमला करके घायल कर दिया। लोगों की मानें तो लगभग पांच बजे उरुवा वैश्य मजरे महोलिया में कमलेश पत्नी श्याम लाल यादव पर भैंस की चरवाही करके गांव लौटने के दौरान हमला किया। महिला ने बताया कि भीखा दास स्कूल के पास जानवर ने हमला किया है। महोलिया की सावित्री पत्नी रामगोपाल ने बताया कि शाम साढ़े पांच बजे खेत से लौटने के दौरान एक छोटे जानवर ने हमला किया। उसके ऊपर बड़े-बड़े बाल थे, पूछ लंबी थी। वह भी घायल है। रात आठ बजे खड़भड़े पुर की तारावती पत्नी राज बहादुर पर गायत्री पब्लिक स्कूल के पास गन्ने के खेत से निकल हिंसक जानवर ने हमला किया। वह दर्जनों महिलाओं के साथ रेवतीगंज बाजार रामलीला देखने जा रही थी। उसे सीएचसी ले जाया गया। यहां से डॉक्टर ने उसे मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। जंगली जानवर ने खड़भड़ेपुर के ही रमेश कुमार पुत्र रामदीन को भी नुकसान पहुंचाया। रात नौ बजे जमोलिया के शिवराम पुत्र कालिका प्रसाद पर इसने हमला किया। शिवराम बताते हैं कि रात में वह अपने गाय को चारा डालने गए थे, तभी सियार जैसे एक जानवर ने नुकसान पहुंचाने की कोशिश की। डंडे से मारा लेकिन वह भागा नहीं, उनके दोनों पैरों में घाव हो गया है। बगल के उरुवा वैश्य के त्रिभुवन पुत्र भोला को सहकारी समिति के पास जानवर ने हमला करके घायल किया। इसी गांव के छुट्टी पर आए सेना के जवान देवेंद्र कुमार सिंह पुत्र राम शंकर सिंह को दरवाजे पर टहलते समय हमला करके घायल कर दिया। बताया कि मशक्कत के बाद वह उसके जबड़े से अपने को छुड़ा पाए। मध्य रात्रि के करीब भिच्छ का पुरवा में गीता देवी पत्नी दयाशंकर को घायल किया। वह खेत में फसल की रखवाली कर रही थी। आदिलपुर मजरे उमा मिश्र में एक महिला को पर हमला करके घायल किया। रात में लाला के पुरवा के पास सियाराम यादव पर हमला किया। वह बाल-बाल बच गए। वहीं हैरिंगटनगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर इलाज कराने पहुंचे लोगों का नाम रिकॉर्ड में दर्ज है। डॉ. मकसूद ने बताया कि तारावती को मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।



मिल्कीपुर के खड़भड़ेपुर परवरपारा गांव में दहशत के कारण पहरा देते ग्रामीण।



आदिलपुर गांव में हिंसक जानवर की तलाश करती वन विभाग की टीम। अमृत विचार

### सियार है कि भेड़िया, अभी तय नहीं

देर शाम वन विभाग और प्रशासनिक अधिकारी क्षेत्र में भेड़िया होने की खबरों से इन्कार करते रहे। मिल्कीपुर एसडीएम राजीव रत्न सिंह ने बताया कि भेड़िया नहीं सियार है। हालांकि ऐहतियात के तौर पर वन कर्मियों की टीम क्षेत्र में गश्त करने के लिए लगाई गई है। उप प्रभागीय वन अधिकारी केपन सुधीर ने कहा कि भेड़िए के पद चिन्ह नहीं मिले हैं। एहतियात के तौर पर पिंजड़ा लगाया जा रहा है। यह इन जानवरों का मैटिंग पीरियड है। कुछ बड़े सियार और भेड़ियों में लोग अंतर नहीं कर पाते हैं। जिस महिला को घायल किया है उससे बात की जा रही है। डॉक्टर उसे देखेंगे कि एनिमल बाइट है कि नहीं। वन दारोगा मुन्नी लाल के साथ गश्त करने निकले वन दरोगा सुनील दूबे ने बताया कि प्रथम दृष्टया सियार जैसा जानवर लग रहा है। रात्रि गश्त के लिए टीम बढ़ाई जा रही है।



नन्हका पत्नी शिवराम।



सावित्री पत्नी राम गोपाल।



कमलेश पत्नी श्याम लाल।

### जल्दी घर निकल चलो भेड़िया आया है

क्षेत्र में हिंसक जानवर की जबरदस्त दहशत का आलम यह रहा कि लोग सोमवार शाम होते ही अपने घरों में दुबक गए। घर के बुजुर्ग एवं बच्चों के माता-पिता बच्चों को घर से बाहर न निकलने की नसीहत देते रहे। दहशत ऐसी दिखी कि शाम होते ही घरों के दरवाजे पर उजाला किया गया। लोग सूर्य ढलने के पहले ही अपने घरों की ओर चल पड़े। यही नहीं एक दूसरे से भी लोग कहते रहे कि जल्दी घर निकल चलो, भेड़िया आया है।

### हिंसक जानवर के डर से स्कूल नहीं आए बच्चे

आदिलपुर कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय के सहायक अध्यापक डॉ बीपी दूबे ने बताया कि विद्यालय में सौ से अधिक बच्चे पढ़ते हैं, लेकिन रविवार को जब से हिंसक जानवर के हमले की बात चर्चा में आई है। लोग दहशत में आ गए हैं। अभिभावकों और बच्चों में भय का माहौल बना हुआ है। जिसके कारण आज हमारे विद्यालय में केवल 40 बच्चे आए। उसमें भी दस बच्चों को मै अपनी कार में बिठाकर लाया। एक ग्रामीण ने बताया कि रविवार की रात साढ़े बारह बजे कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय के चबूतरे पर हिंसक जानवर को देखा गया था। ग्रामीणों ने उसकी फोटो भी खींची है।

### ग्रामीण बंदूक व लाठी लेकर दे रहे पहरा

क्षेत्र में हिंसक जानवर होने की खबर के चलते ग्रामीणों ने रविवार की पूरी रात रतजगा किया। जगह-जगह ग्रामीणों की टोली लाठी, डंडे, भाला व बंदूक लिए अपने गांव की रखवाली कर रहे थी। भेड़िया यहां आया, वहां गया इस गन्ने में घुसा, उस खेत की तरफ जा रहा है। इस तरह की आवाज पूरी रात गूंज रही थी।

# आठ लाख घपले के मामले में सचिव को नोटिस

पूराबाजार, अयोध्या

**अमृत विचार :** पूराबाजार ब्लॉक की दो ग्राम पंचायतों में हुए आठ लाख के घपले के मामले में ब्लॉक प्रशासन ने सचिव को नोटिस जारी की है। इसके साथ ही समस्त पत्रावलियों समेत सचिव अजय सिंह को ब्लॉक मुख्यालय भी तलब किया गया है। बता दें कि सोमवार के अंक में 'अमृत विचार' ने आठ लाख के घपले से घिरी पूराबाजार की दो पंचायतें शीर्षक से खबर प्रकाशित की थी। जिसका संज्ञान लेते हुए सोमवार को खंड विकास अधिकारी अनुराग सिंह ने यह कार्रवाई की है।

पूराबाजार ब्लॉक की दो ग्राम पंचायतों अंजना और जलालउदीनपुर में बिना पक्के बिल और शासन द्वारा निर्धारित स्वराज पोर्टल पर दर्ज किए बिना करीब आठ लाख की धनराशि आहरित कर ली गई। वह भी तब संबंधित धनराशि के सापेक्ष कोई कार्य भी नहीं दिखाया गया है। इतना ही नहीं योजना तक का कोई उल्लेख नहीं किया गया है। 28 सितम्बर को पंचायत अंजना में 2 लाख 93 हजार और जलालउदीनपुर में पांच लाख रुपए की धनराशि का बंदरबांट किया गया। गजब बात यह है कि दोनों पंचायतों के प्रधान भी खुद को इससे अनभिज्ञ बता रहे हैं। जबकि पंचायत में संयुक्त खाते का संचालन किया जाता है। नई जानकारी यह मिली है कि दोनों पंचायतों में जिन तिथियों में यह धनराशि निकाली गई है उसमें कोई मद का जिक्र नहीं किया गया है। सोमवार को खबर प्रकाशित होने के बाद दोनों पंचायतों में हलचल रही।

**खबर का असर**



आठ लाख के घपले से घिरी पूराबाजार ब्लॉक की दो ग्राम पंचायतें

सुरेश दूबे, पूराबाजार (अयोध्या)

दिनांक 07.10.2024 को प्रकाशित खबर।

> सचिव को नोटिस जारी की गई है। पत्रावली उपलब्ध कराने को कहा गया है। पत्रावली के साथ स्थलीय निरीक्षण किया जाएगा। यदि दोषी पाए जाते हैं तो सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। **-अनुराग सिंह, खंड विकास अधिकारी, पूराबाजार**

# अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन पर वसूल रहे दोगुना शुल्क

अयोध्या, कार्यालय

**अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय मानक पर बने अयोध्या धाम जंक्शन पर मूलभूत सुविधाओं के नाम पर दोगुना शुल्क वसूले जाने का मामला सामने आया है। बस्ती जिले के पीड़ित रेल यात्री ने मामले की शिकायत पत्र भेज रेल मंत्री के प्रमुख सचिव से की है।

शिकायत में बस्ती जनपद के सोनहा थाना क्षेत्र स्थित कनेथू बुजुर्ग निवासीगण कृष्ण मोहन शुक्ला उर्फ संजय शुक्ला पुत्र स्वर्गीय राम बहादुर शुक्ला तथा घनश्याम मिश्रा पुत्र स्वर्गीय ज्वाला प्रसाद मिश्र का कहना है कि रविवार को वह लोग दोपहर बाद दो बजे अयोध्या पहुंचने पर उन्होंने तथा अन्य परिचित यात्रियों ने जंक्शन पर पुरुष संसाधन का प्रयोग किया। जहां पेशाब करने पर 10 रूपये व शौचालय का उपयोग करने पर 20 रुपये वसूला गया तथा रसीद भी नहीं दी गई। विरोध करने पर अभद्रता की गई तथा अधिकारियों से शिकायत पर जवाब मिला कि यहां शौचालय शुल्क महंगा लगता है तो बाहर चले जाइए। यात्रियों ने कहा कि पूरे मामले की जाँच करवा दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। ऐसा न होने पर कुंवर ब्रह्मदेव उपाध्याय जनहित संस्था की ओर से विरोध बढ़ाया जाएगा। स्टेशन अधीक्षक विमल चौबे का कहना है कि ऐसी कोई शिकायत मेरे संज्ञान में नहीं आयी है।

## सार-संक्षेप



रुदौली में प्रशिक्षण संस्थान का लोकार्पण करते विधायक रामचंद्र यादव।

### सात करोड़ से बनें औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का लोकार्पण

**रुदौली अयोध्या। अमृत विचार :** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मवई का लोकार्पण विधायक रामचंद्र यादव ने सोमवार को किया। इसका निर्माण कार्य 6 करोड़ 99 लाख रुपए की लागत से किया गया है। विधायक ने कहा कि इस इलाके में पहले तालुकेदारों का हुक्म चला करता था। गरीबों व किसानों का शोषण किया जाता था। सरकारी जमीनों पर तमाम फाटक वाले भूमाफिया लोग अपनी जागीर का हिस्सा समझते थे। 2012 से रुदौली विधानसभा क्षेत्र की जनता ने सेवा का अवसर दिया जिसके बाद लगातार सरकारी जमीनों को भूमाफियाओं के कब्जे से बेदखल करवाने का कार्य चल रहा है। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण संस्थान जिले के युवाओं के लिए मददगार साबित होगा। कहा कि शीघ्र ही सभी व्यवस्थाएं यहां संचालित कर दी जायेगी। इस मौके पर माँ कामाख्या नगर पंचायत अध्यक्ष शीतला प्रसाद शुक्ला, भाजपा नेता तेज तिवारी, मंडल अध्यक्ष संतोष मिश्रा, पंकज कौशल, महेश चौरसिया सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### सीएचसी की एक्सरे मशीन खराब

**तारुन, अयोध्या।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तारुन पर स्थित एक्सरे मशीन कई दिनों से खराब है। जिसके चलते मरीजों का बिना एक्स-रे हुये बैरंग वापस लौटना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि बीते शुक्रवार से एक्स-रे मशीन खराब पड़ी हुई है। सोमवार को अस्पताल पहुंचे तकमीनगंज निवासी रामसूरत निषाद बीमार थे। मौजूद डॉक्टर को दिखाया तो उन्होंने बाएं हाथ का एक्सरा जांच को पर्ची पर लिख दिया। लेकिन मशीन गड़बड़ होने के कारण एक्सरा नहीं हो पाया। ऐसे ही कई अन्य मरीज भी बिना एक्स-रे जांच कराए घर को लौट गए। एक्स-रे टेक्निशियन मोहम्मद अली ने बताया कि उच्च अधिकारियों को अवगत करा दिए हैं। अभी दो से तीन दिन मशीन को ठीक होने में लगेगा।

### कार सवार चोरों ने खड़े ट्रक से 150 लीटर डीजल किया चोरी

**कुमारगंज अयोध्या, अमृत विचार :** कुमारगंज थाना क्षेत्र स्थित तेन्धा गांव के पास अयोध्या- रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे खड़े ट्रक से कार सवार चोरों ने 150 लीटर डीजल पार कर दिया। इस दौरान मॉर्निंग वॉक पर निकले व्यापारी द्वारा वाकया देख गुहार लगाए जाने के असलहे से फायर करने की कोशिश की। हालांकि माजरा भांप व्यापारी युवक मौके से भाग निकला। कुमारगंज थाना क्षेत्र के मसेढ़ा गांव निवासी नरसिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि 6 अक्टूबर की रात उनके दो ट्रक तेन्धा गांव स्थित फोरलेन के किनारे उनके मकान के सामने खड़े थे। मारुति कार सवार पांच लोग ट्रक के पास पहुंचे और उन्होंने ट्रक के डीजल टैंक का लॉक तोड़कर 150 लीटर डीजल निकाल लिया। क्षेत्रीय उप निरीक्षक एसपी सिंह ने बताया जांच की जा रही है।

### एचआईवी से बचाव के प्रति लोगों को किया जागरूक

**अयोध्या।** पॉजिटिव वूमेन नेटवर्क सोसाइटी के द्वारा धारा रोड पर स्थित सीएससी कार्यालय पर एचआईवी के साथ जी रहे आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के सहायतार्थ दान उत्सव का आयोजन किया गया। प्रोग्राम मैनेजर बिपिन सिंह ने अधिकारियों को सम्मानित किया। इस अवसर लाभार्थियों को पौष्टिक खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम में जिला क्षय रोग अधिकारी डॉक्टर संदीप शुक्ला ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए संस्था के कार्य की सराहना की। ए आर टी सेंटर के नोडल डॉक्टर आर पी राय ने एचआईवी से बचाव के विषय में विस्तार से जानकारी दी।

### ब्लॉक व अस्पताल के रास्ते पर जल भराव से संकट



पूरा बाजार ब्लॉक मोड़ पर जल भराव।

**पूरा बाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** ब्लॉक, सीएचसी व आयुर्वेदिक अस्पताल पूराबाजार को जाने वाले मार्ग पर सदैव जलभराव रहता है। जिससे आने-जाने वालों को पानी में होकर गुजरना पड़ता है। अयोध्या-अंबेडकरनगर हाईवे पर स्थित पूरा बाजार ब्लॉक तिराहा से सड़क निकलकर आयुर्वेदिक अस्पताल, ब्लॉक कार्यालय, सीएचसी होते हुए नारा, कादीपुर कस्तूरीपुर के पास बिल्हार घाट मार्ग में जाकर जुड़ती है। पूरा बाजार के ब्लॉक मोड़ के पास ही सदैव जल भराव बना रहता है। पूरा बाजार के ही जोगेंद्र सिंह ने बताया कि इसी मार्ग से तमाम मरीज दोनों अस्पतालों पर आते जाते हैं व ब्लॉक कार्यालय पर भी इसी मार्ग से लोग होकर गुजरते हैं। यही नहीं इसी मार्ग से कादीपुर, कस्तूरी पुर और ब्लॉक के उत्तरी व पश्चिम दिशा की तरफ वाले दर्जन भर से अधिक गांव के लोगों का आना-जाना बना रहता है, जो जल भराव से होकर गुजरते हैं। सड़क के किनारे बने आवासीय मकान से पानी आकर भर जाता है, जिससे जलभराव की समस्या सदैव बनी रहती है। जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होना भी जलभराव का एक बड़ा कारण है।



बाइक पर पानी डाल कर आग बुझाता पुलिसकर्मी।

### बुलेट में लगी आग, बड़ा हादसा टला

**अयोध्या, अमृत विचार :** अयोध्या कोतवाली के नयाघाट पुलिस चौकी के पीछे सोमवार की दोपहर एक बुलेट बाइक में अचानक आग लगने से अफरा-तफरा मच गई। स्थानीय निवासियों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। बुलेट के आस-पास अन्य कई दो पहिया व चार पहिया वाहन खड़े थे, लेकिन स्थानीय लोगों की मदद व पुलिस की सक्रियता से आग जल्द ही बुझा ली गई। कोतवाली प्रभारी मनोज शर्मा ने बताया कि घटना नयाघाट पुलिस चौकी के पास होने से उस पर तुरंत काबू पा लिया गया। बुलेट अंबेडकरनगर जिले के अहिरौली क्षेत्र के गांव चांदपुर महबूब निवासी शैलेंद्र प्रताप सिंह की है। हर देव सिंह ने बताया कि गोंडा जिले में उनकी लड़की का तिलकोत्सव होना था। सामान की खरीदारी कर जा रहे थे।

# हनुमान चालीसा नहीं सुना सके साधु भेषधारी

कुमारगंज अयोध्या

**अमृत विचार :** कुमारगंज कस्बे में साधु के भेष में छह लोग भिक्षा मांगते हुए पाए गए। लोगों ने जब उनसे सनातन धर्म के बारे में पूछा, तो वे कोई जवाब नहीं दे पाए। पुलिस पूछताछ कर रही है।

कुमारगंज कस्बे में 6 की संख्या में साधु भेषधारी भिक्षा मांग रहे। जब कस्बे में स्थित हनुमान मंदिर पहुंचे तो वहां के पुजारी से भिक्षा मांगने लगे जिससे पुजारी को शक हुआ तो उन्होंने हनुमान चालीसा सुनाने को कहा तो सभी लोग सकपका गए और वे कुछ भी नहीं सुना सके। पुजारी ने पूछा आप लोग किस धाम से हैं तो उनके द्वारा बताया गया कि हम लोग अयोध्या धाम से हैं। देखते ही देखते



कुमारगंज थाने में पूछताछ के लिए लाए गए कथित साधु। अमृत विचार

**पुलिस ने लिया हिरासत में**

बड़ी संख्या में स्थानीय लोग एकत्र होने लगे। हनुमान मंदिर के पुजारी ने लोगों से कहा कि यह साधु के भेष में है यहां मंदिर में भिक्षा मांगने आए थे हमें यह संदिग्ध लग रहे हैं। हनुमान मंदिर के पुजारी ने मामले की सूचना कुमारगंज पुलिस को दी। पूछताछ में पकड़े गये लोगों ने बताया की हम सभी लोग महावत परिवार से हैं और हरदोई जिले के निवासी हैं व भिक्षा मांगते हैं। उप निरीक्षक एसपी सिंह ने बताया की जिन छह लोगों से पूछताछ की जा रही है उन्होंने अपना नाम मनोज, आकाश, अनोज, रामनिस, बचनिया, रिकू बताया है। हरदोई पुलिस से भी संपर्क किया जा रहा है।

## 50 क्विंटल फूलों सजेगा राम मंदिर चाइना लाइट प्रतिबंधित : चंपत राय

**अयोध्या, अमृत विचारः** राम मंदिर में दीपावली के लिए चाइना समानों को लगाए जाने की अनुमति नहीं होगी। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा है कि इस बार दीपावली पर 2 लाख दीप जलाये जाने के साथ भव्य समारोह के लिए सभी व्यवस्थाएं की जाएंगी। इस दौरान चीनी समान व लाइटों को लगाए जाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। राम जन्मभूमि परिसर में भव्य दीपोत्सव की भी तैयारी शुरू हो गई है। मंदिर परिसर को फूलों से सुसज्जित किया जाएगा इसके लिए 50 क्विंटल फूल लगाए जाएंगे तो वहीं परिसर में प्रकाश व्यवस्था के भी व्यापक इंतजाम किये जाएंगे, लेकिन इसके लिए चाइनीज झालरों का प्रयोग नहीं किया जाएगा बल्कि भारत में बनीं लाइट प्रयोग में लाई जाएगी।



**दीपावली** — तिथि और मान्यताओं को लेकर असमंजस, विद्वानों से विचार-विमर्श के बाद तय होगी राम मंदिर में दीपावली की तिथि

# दो दिन पड़ रही कार्तिक माह की अमावस्या, त्योहार पर मंथन

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** दीपावली का मुख्य पर्व मनाए जाने के लिए तिथि और मान्यताओं के बीच असमंजस की स्थिति है। कार्तिक मास की अमावस्या दो दिन पड़ रही है। ऐसे में दीपावली के पर्व को लेकर मंथन चल रहा है।

अयोध्या में दीपोत्सव का भव्य आयोजन छोटी दीपावली 30 अक्टूबर को होगा। इस हिसाब से दीपावली का मुख्य पर्व 31 अक्टूबर को पड़ना चाहिए, लेकिन इसको लेकर असमंजस है। धार्मिक मान्यता है कि कार्तिक माह की अमावस्या तिथि को श्रीराम 14 साल के वनवास और लंका विजय कर अयोध्या लौटे। इसी खुशी में अयोध्यावासियों ने नगर को दीपों से सजाया था। तरह-तरह के व्यंजन बनाकर खुशियां मनाई। इस खास दिन भगवान गणेश और माता लक्ष्मी की पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना की जाती है, लेकिन इस साल 2024 में दीपावली को लेकर भ्रम की स्थिति कही जा रही है। पंचांग की गणना के मुताबिक दीपावली का पर्व हर वर्ष कार्तिक माह की अमावस्या तिथि को मनाने का विधान है। इस बार 31 अक्टूबर 2024 को दोपहर बाद 3:52 बजे अमावस्या तिथि शुरू होगी। एक नवंबर की शाम साढ़े पांच समाप्त होगी। ऐसे में अमावस्या तिथि के आधार पर काशी विद्वत कर्मकांड परिषद और देश के अलग-अलग विद्वानों के दीपोत्सव की तिथि को लेकर अलग-अलग मत हैं। अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी और ज्योतिषाचार्य के बीच भी अलग-अलग मत सामने आए हैं, जिसमें 31 अक्टूबर या फिर एक नवंबर को दीपावली मनाने की बात सामने आ रही है।

रामलला के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास कहते हैं कि पर्व का निर्धारण सूर्य उदय, सूर्यास्त के आधार पर होता है। जहां पर जिस प्रकार से सूर्योदय, सूर्यास्त है। कहीं पर 31 अक्टूबर को और कहीं पर एक नवम्बर की तारीख को दीपावली मनाया जाएगा। दक्षिण में यह 31 अक्टूबर को मनाई जाएगी, लेकिन अयोध्या में 1 नवंबर को मनाया जाएगा।

### एक नवंबर को 3:12 बजे तक रहेगी अमावस्या

ज्योतिषाचार्य प्रवीण शर्मा के मुताबिक अमावस्या 31 अक्टूबर को मध्यान में लगभग 3:15 बजे लग रही है जो एक नवंबर को 3:12 बजे तक रहेगी। इसलिए शक संवत विजयदशमी का पर्व दीपावली 31 अक्टूबर को ही मनाया जाना उचित है। क्योंकि दीपोत्सव रात्रि में ही मनाई जाती है। 31 अक्टूबर की रात्रि को ही दीपोत्सव का नक्षत्र मिल रहा है। देश में सूर्योदय का समय अलग-अलग है, लेकिन अमावस्या की रात्रि तो 31 अक्टूबर की ही मिल रही है ऐसे में इसी दिन अमावस्या का पर्व मनाया जाना उचित है।

### ट्रस्ट ज्योतिषों की लेगा राय

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट का मानना है कि धार्मिक विद्वानों से इस बारे में विचार विमर्श कर यह निर्णय लिया जाएगा कि दीपावली का पर्व श्री राम जन्मभूमि मंदिर में कब और किस दिन मनाया जाएगा। ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा कि भारत में त्योहार के लिए एक सामान्य बात है। जन्माष्टमी कहीं एक दिन मनाई जाती है तो कहीं दूसरे दिन। कुछ लोग सूर्योदय के अनुसार मानते हैं कुछ लोग नक्षत्र के अनुसार मानते हैं। इसका निर्णय ट्रस्ट नहीं करेगा। कहा कि यह तो ज्योतिष के विद्वान तय करेंगे। पंचांग भी सबके अलग-अलग हैं कोई काशी का पंचांग है कोई दिल्ली का पंचांग है इसलिए यह सामान्य बात है।

## बोर्ड में उतरे करंट से किशोर की मौत

**तारुन, अयोध्या। अमृत विचारः** घर में लगे बिजली के बोर्ड में उतर रहे करंट की चपेट में आने से एक किशोर की मौत हो गई। मामला तारुन थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत रामदासपुर का है। राघवराम ने बताया कि सोमवार की सुबह 8:30 बजे उनका बेटा अरुण वर्मा 17 वर्ष मकान के अंदर लगे कमरे के बोर्ड में पंखे का प्लग लगा रहा था। इसी दौरान प्लग में विद्युत करंट उतर आया और इसकी चपेट में बेटा आ गया। परिजन आनन फानन में उसे सीएचसी तारुन ले आए। जहां मौजूद चिकित्सक ननकूराम ने किशोर को मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक सुमित श्रीवास्तव ने बताया कि मृतक के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# या देवि सर्वभूतेषु शक्ति रूपेण संस्थिता...

## नवरात्र में भक्ति गीतों से भक्तिमय हो रहा शहर का माहौल

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** शक्ति आराधना के पर्व नवरात्र में आम जनमानस अब भक्ति भाव में डूब गया है। पूजा पंडालों से या देवि सर्वभूतेषु शक्ति रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः के मधुर स्वर लोगों को आकर्षित कर रहे हैं। सोमवार को नवरात्र की पंचमी तिथि से दुर्गा पूजा महोत्सव परवान चढ़ने लगा है। प्रतिमाओं को पूजा पंडालों तक ले जाने का क्रम तेज है।

नवरात्र के दिनों के साथ शक्ति पूजा का रंग गाढ़ा हो रहा है। पंडालों में मां दुर्गा के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ने लगी है।



बल्ला हाता स्थित पंडाल में सजा मां का दरबार।

सुबह महिलाएं थाली सजाकर मां दुर्गा की पूजा अर्चना के लिए कतारबद्ध देवी मंदिर से पूजा पंडालों में पहुंच रही हैं। सोमवार को पंचमी की तिथि पर नए पूजा पंडालों में मां दुर्गा के प्रतिमाओं का वैदिक मंत्रोच्चार के बीच स्थापना की गई। श्रद्धालु और भक्तों ने प्रतिमा की आंखों से पट्टी हटाई तो दर्शन के लिए पहुंचने वाले लोगों में आनंद की लहर रही। पंडालों को करीने से सजाया जा रहा है। झालरों की झिलमिल रोशनी के बीच दर्शन से भक्त भाव विभोर हो रहे हैं।



रिकाबगंज नरेंद्र राय के पास सजी लाइट। अमृत विचार

पंचमी पर प्रतिमा स्थापना को लेकर रविवार की शाम प्रतिमाओं को ले जाने के लिए भीड़ रही। डीजे की धुन पर नाचते गाते श्रद्धालु ट्रैक्टर ट्राली से देर रात प्रतिमाओं को ले जाने रहे थे। यह क्रम देर रात तक चला। रात लगभग नौ बजे रीडगंज ओवरब्रिज पर प्रतिमा ले जा रहे वाहनों से जा की स्थिति बन गई। भक्ति गीतों से पूरा वातारवण भक्तमय हो रहा है।

## हाईवे पर हादसे में युवक की मौत, महिला घायल

**अयोध्या, अमृत विचार :** लखनऊ हाईवे पर सोमवार को दोपहर अयोध्या कोतवाली क्षेत्र में हुए हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसकी मां को गंभीर चोट आई है। कोतवाली क्षेत्र में हाईवे पर पेट्रोल पंप के सामने एक पिकअप वाहन ने एक मोटर साइकिल को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक के चालक गोंडा जिले के तरबगंज थाना क्षेत्र स्थित अमदही परासपट्टी उमरी बेगनगंज निवासी प्रदीप कुमार सैनी (28) पुत्र लाल बहादुर की मौत हो गई, जबकि उसकी मां मीना सैनी (45) को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। दोनों अयोध्या से फैजाबाद की ओर जा रहे थे। सूचना पर रिश्तेदार मेडिकल कालेज पहुंच गए हैं। चौकी प्रभारी रायगंज वीरेंद्र कुमार पाल का कहना है कि शव को मोर्चरी में रखवाया गया है।

### सार-संक्षेप



टकसाल स्थित रामलीला की बैठक को सम्बोधित करते पूर्व सांसद लल्लू सिंह।

### सजाएं भव्य झांकियां, कराएं सांस्कृतिक कार्यक्रम

**अयोध्या, अमृत विचार :** दुर्गा पूजा महोत्सव और रामलीला के आयोजन को भव्य बनाए जाने को लेकर सोमवार को जनप्रतिनिधियों, शहर के गणमान्य लोगों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में महोत्सव को बेहतर बनाए जाने के लिए सुझाव दिए गए। बैठक रामलीला मैदान में चौक टकसाल के प्रांगण में आयोजित की गई। पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने सभी दुर्गापूजा और रामलीला समिति के पदाधिकारियों से अपील की कि वह अपने कार्यक्रम में भव्यता बढ़ाने के लिए अच्छी सजावट करें, अच्छी झांकियां सजाएं, विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कराएं। महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि नगर निगम महोत्सव की भव्यता में कोई कमी नहीं रहने देगा। 24 घंटे दुर्गा पूजा और रामलीला स्थल पर नगर निगम सेवा कर रहा है। शोभायात्रा पर भी नगर निगम की ओर पुष्प वर्षा का आयोजन होगा। सभी आठ रामलीला के अध्यक्ष को रामलीला के उत्थान के लिए आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया। नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि रामलीला का कार्यक्रम अयोध्या में खासतौर से नगरी की गरिमा के अनुरूप भव्य होना चाहिए।

### डॉ. वीरेंद्र को अर्ली अचीवर इन क्रिटिकल केयर अवॉर्ड



**अयोध्या, अमृत विचार :** राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. वीरेंद्र वर्मा ने एक बार फिर से बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उन्हें अर्ली अचीवर इन क्रिटिकल केयर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। अवॉर्ड मिलने के बाद उन्हें बधाई देने वालों का तांता लग गया है। दरअसल लखनऊ स्थित किंग जार्ज मेडिकल कॉलेज में पहली बार नेशनल इमरजेंसी मेडिसिन एंड इन्सेंटिव केयर कांफ्रेंस का आयोजन पांच और छह अक्टूबर को हुआ था। इसमें देश भर के चिकित्सकों का जमावड़ा लगा था। किंग जार्ज मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी मेडिसिन के हेड ऑफ डिपार्टमेंट डॉ. हैदर अब्बास ने उन्हें अर्ली अचीवर इन क्रिटिकल केयर अवार्ड से सम्मानित किया। अयोध्या मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. ज्ञानेंद्र कुमार, उप प्राचार्य डॉ. सत्यजीत वर्मा, डॉ. दिनेश कुमार सिंह, डॉ. आनंद शुक्ला व अन्य स्टाफ ने बधाई दी है।

### अयोध्या धाम जैग्री मिल का उद्घाटन 9 नवम्बर को

**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** पूराबाजार क्षेत्र में नवनिर्मित अयोध्या धाम जैग्री मिल का शुभारंभ आगामी नौ नवम्बर को किया जाएगा। यह मिल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की महत्वाकांक्षी योजना वन डिस्ट्रिक्ट-वन प्रोडक्ट के अंतर्गत स्थापित हुई है। मिल का शिलान्यास मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उद्योग मंत्री राकेश सचान द्वारा किया गया था और अब यह पूरी तरह से तैयार हो चुकी है। मिल के निदेशक अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि मिल के शुभारंभ के साथ ही पूरा बाजार क्षेत्र के किसानों में एक नई ऊर्जा का संचार हो गया है। मिल के शुभारंभ से किसानों को अब अपने उत्पादों को दूर भेजने की आवश्यकता नहीं होगी इससे अयोध्या का नाम कृषि क्षेत्र में और भी मजबूती से उभरेगा।

### जहरखुरानी के शिकार को रिक्शा वाले ने भर्ती कराया

**अयोध्या, अमृत विचार :** एक बैटरी रिक्शा चालक ने सोमवार की दोपहर एक 30 वर्षीय युवक को बेहोशी की हालत में जिला अस्पताल लाकर भर्ती कराया है। युवक जहरखुरानी गिरोह का शिकार बताया जा रहा है। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि दोपहर ई रिक्शा वाला एक बेहोश युवक को लेकर आया था। युवक के साथ एक पिट्ठू बैग भी था। रिक्शे वाले ने बताया कि युवक बेहोशी हाल में रामपथ पर रोडवेज क्षेत्र में सिविल लाइन चौकी क्षेत्र के निकट पड़ा था। पुलिस वालों ने उसको जिला अस्पताल पहुंचाने को कहा था। अस्पताल प्रशासन की ओर से जांच के लिए मेमो नगर कोतवाली पुलिस को भेजवाया है। अभी युवक को होश नहीं आया है।

### मेडिकल कॉलेज गंजा में पकड़ा गया 10 फीट लंबा अजगर

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज गंजा परिसर में सोमवार को लगभग 10 फीट लंबा एक अजगर पकड़ा गया। अजगर ने छोटे जानवर को निगल रखा था। वन विभाग की टीम ने उसे पकड़ा। बताया जाता है कि परिसर स्थित गर्ल्स हॉस्टल के पास सोमवार को कूड़े के ढेर की सफाई कराई जा रही थी। सोमवार को अजगर दिखने के बाद वन विभाग को सूचना दी गई। वन दारोगा पन्ना लाल ने बताया कि अजगर लगभग 10 फीट लंबा था। उसने किसी जानवर को निगल लिया था। आशंका है कि उसने सियार को निगल लिया था। वन विभाग की टीम ने उसे पकड़ा, ले जाकर सुरक्षित स्थान पर छोड़ा।

### कार की टक्कर से वृद्ध किसान की मौत

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी।** कोतवाली क्षेत्र में रविवार की रात अज्ञात कार की टक्कर से गंभीर रूप से घायल वृद्ध किसान की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के ग्राम पूरे निहाल मजरे बड़ेला नारायणपुर निवासी वृद्ध किसान मोहनलाल रविवार की रात भगानपुर चौराहा के निकट सड़क पार कर रहा था। इसी बीच लखनऊ से अयोध्या जा रही कार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। गंभीर रूप से जख्मी किसान को पुलिस ने जिला अस्पताल भिजवाया। यहां पर इलाज के दौरान देर रात वृद्ध की मौत हो गई।

### हाईवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से अधेड़ की मौत

**रामनगर बाराबंकी। अमृत विचार :** बहन के यहां जाने को बात कर घर से निकले वृद्ध की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। पुलिस शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई कर रही है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम किसुनपुर निवासी 60 वर्षीय रामकरन सिंह पुत्र शीतल सिंह बीते रविवार को बहन के यहां जाने के लिए घर से निकले थे। सोमवार की देर शाम बाराबंकी गोंडा हाईवे के ग्राम सुरवारी के निकट अज्ञात वाहन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे आरक्षी बृजेश कुमार ने एंबुलेंस के द्वारा स्थानीय सीएचसी भिजवाया जहां पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। समाचार लिखे जाने तक पंचनामा पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जा रही थी। पुत्री के विवाह एवं पुत्र के बाहर चले जाने के बाद वृद्ध अकेला ही रहता था, आज वह अपनी बहन से मिलने जाने के लिए निकला था लेकिन अनहोनी हो गई।

### घायल बाइक सवार की इलाज के दौरान मौत

**जैदपुर, बाराबंकी : अमृत विचार।** तीन दिन पूर्व घर का सामान लेने जा रहे बाइक से निकले युवक को ट्रैक्टर ने जोरदार टक्कर मार दी। गंभीर दशा में जिला अस्पताल से ट्रामा सेंटर रेफर किए गए युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सर्वेश कुमार पुत्र बेचन लाल निवासी झलिया थाना सफदरगंज ने जैदपुर पुलिस को एक दिन पूर्व बताया कि 3 अक्टूबर की को उसका भाई उमेश 23 वर्ष सामान लेने के लिए बाइक से भनौली चौराहा तक गया था। तभी ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक क्षतिग्रस्त होने के साथ ही उमेश को गंभीर चोटें आई। उसे इलाज के लिए बाराबंकी जिला अस्पताल ले जाया गया जहां डाक्टरों ने घायल को ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। वहां पर इलाज के दौरान उमेश की मौत हो गई। थाना जैदपुर पुलिस ने ट्रैक्टर चालक कलीम पुत्र हबीब के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## भरत मिलाप के मार्मिक दृश्य देख भाव विभोर हुए दर्शक



फिल्मी रामलीला में राम को नदी पार करते केवट का मंचन करते कलाकार।

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** फिल्मी सितारों की रामलीला के पांचवें दिन राम केवट संवाद और भारत मिलाप लीला का मंचन किया गया। सोमवार को मंचन की शुरुआत गणेश वंदना से की गई, जिसके बाद केवट प्रसंग और राम-भरत मिलाप के मार्मिक दृश्यों के मंचन हुआ। केवट संवाद प्रसंग का मंचन देख श्रद्धालु भावविभोर हो गए। रामलीला में भरत ने प्रभु श्रीराम से 14 दिन बाद घर जाने के लिए आग्रह किया तो राम ने मना कर दिया। यह सुनकर राम आगे बढ़े भरत वापस अयोध्या को आ गए। केवट प्रसंग देख दर्शक द्रवित हो गए। इसके बाद भरत, शत्रुघ्न ननिहाल से सूचना के बाद आयोध्या आते हैं। अगले दृश्य में अयोध्या का माहौल श्रीराम के विरह में शोकाकुल है। इस बीच महाराज दशरथ अपने प्राण त्याग देते हैं।

अगले दृश्य में चित्रकूट का दर्शन होता है। यहां राम-सीता व लक्ष्मण के साथ विराजमान हैं। एक भील आता है और भरत के सेना के साथ आने की जानकारी देता है। लक्ष्मण को संशय होता है, राम उन्हें समझाते हैं। इस बीच भरत पहुंचते हैं और भगवान श्रीराम को देखते ही उनसे लिपट जाते हैं। राम-भरत मिलाप के इस मार्मिक दृश्य को देखकर सभी की आंखें भर आती हैं।

**फिल्मी सितारों की रामलीला**

**अब तक 41 करोड़ से अधिक लोगों ने देखी रामलीला**

रामलीला समिति के अध्यक्ष सुभाष मलिक बताते हैं कि आयोजन के पांचवें दिन रामायण के प्रसंग पर आधारित केवट प्रसंग और भरत मिलाप का आयोजन किया गया, जिसमें वेद सागर राम की भूमिका में, लक्ष्मण की भूमिका में अनिमेष ने निभाई। उन्होंने बताया कि रामलीला को सोशल मीडिया पर लोग बहुत पसंद कर रहे हैं अब तक 41 करोड़ से अधिक लोगों ने इस रामलीला को देखा है।

## रामलीला : गुरहि प्रनामु मनहिं मन कीन्हा...

भेलसर अयोध्या

**अमृत विचार :** श्रीराम लीला सीमित रुदौली द्वारा आयोजित रामलीला के चौथे दिन धनुष यज्ञ एवं राम विवाह का मंचन किया गया।

मंचन में दिखाया गया की राजा जनक ने घोषणा किया जो शिव धनुष को भंग करेगा उसके साथ वैदेही का विवाह होगा। इस समारोह में बड़े-बड़े योद्धा, राजा, राजकुमार आए। वहीं गुरु विश्वामित्र के साथ श्रीराम और लक्ष्मण भी सभा में शामिल हुए। मंच पर सर्वप्रथम रावण बाणासुर संवाद होता है जिसमें दिखाया जाता है कि भविष्यवाणी के द्वारा रावण को ज्ञात होता है कि उसकी लंका में कोई अप्रिय घटना हो गई है, लेकिन स्वयंवर से जाने से पूर्व रावण यह प्रतिज्ञा करता है कि सीता को लंका अवश्य दिखाएगा। रावण बने अनुराग अग्रवाल और बाणासुर बने ब्रज किशोर ने अपने संवाद से दर्शकों के रोंगटे खड़े कर दिये। रावण के सभा से जाने के बाद धनुष को उठाने के लिए बारी-बारी से तमाम बड़े योद्धा प्रयास करते है लेकिन तोड़ना तो दूर कोई धनुष को हिला भी नहीं पाता है। जब किसी भी योद्धा से धनुष नहीं उठता है तब राजा जनक विचलित हो जाते हैं और अपनी प्रतिज्ञा के प्रति पछताते और कहते हैं कि मालूम होता है कि पृथ्वी वीरों से खाली है। जनक का अभिनय कर रहे पंकज आर्य के हृदयस्पर्शी संवाद ने दर्शकों के आँसू निकलने पर मजबूर किया। जनक का यह शब्द सुन कर लक्ष्मण जी क्रोधित हो जाते हैं फिर गुरु आज्ञा पाकर प्रभु श्रीराम धनुष को तोड़ते है। धनुष भंग होते ही पंडाल में जय श्रीराम के जयकारे गूंज उठे। माता सीता ने प्रभु श्रीराम को वरमाला पहनाई। श्री राम का अभिनय अभिषेक मिश्रा, लक्ष्मण का सारांश शर्मा, बंदीजन का मनीष चौरसिया, मोटे राजा का रमेश गुप्ता एवं परशुराम का गणेश अग्रवाल ने किया। रामलीला के निर्देशक कमलेश मिश्रा एवं सह निर्देशक मृदुल अग्रवाल ने मंचन हेतु विशेष तकनीक के जरिए स्वयंवर सभा का अत्यंत सुंदर दृश्य बनाया।



रामलीला में धनुष यज्ञ का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

## विवाहिता और युवक ने खाया जहरीला पदार्थ

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में एक विवाहिता और एक युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया। विवाहिता को हालत गंभीर होने के चलते मेडिकल कालेज रेफर किया गया है। दोनों की हालत ठीक बताई गई है। रौनाही थाना क्षेत्र के पिलखावां गांव निवासी प्रिंस शर्मा ने अपने भतीजे रिषभ शर्मा (18) पुत्र प्रेम शर्मा को जिला अस्पताल पहुंचाया तो डॉक्टर ने हालत गंभीर देख भर्ती कर लिया। वहीं पूराकलंदर थाना क्षेत्र के पलिया गोवा निवासी विवाहिता रेखा (38) पत्नी अंजनी यादव को अस्पताल लाया गया तो डॉक्टर ने हालत गंभीर देख मेडिकल कालेज दर्शननगर रेफर कर दिया। महिला को उसका पति लेकर आया था। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि दोनों ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था। युवक को भर्ती कराने वाले प्रिंस तथा विवाहिता को भर्ती कराने वाले उसके पति अंजनी का कहना है कि अब हालत में सुधार है।

## 1119 मतदाता करेंगे प्रबंध कमेटी के 33 सदस्यों का चुनाव

**अयोध्या, अमृत विचार:** जिले की तीन सहकारी गन्ना विकास समितियों के 33 प्रबंध कमेटी के सदस्यों का चुनाव 1119 मतदाता करेंगे। मतदाता सूची का अनंतिम प्रकाशन कर दिया गया। मंगलवार को आपत्तियां दाखिल की जा सकती हैं। डेलीगेट के चुनाव के बाद अब प्रबंध कमेटी के सदस्यों के चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो गई है। फैजाबाद समिति के सचिव अशोक वर्मा के मुताबिक समिति में 11 डायरेक्टर के चुनाव के लिए 274 मतदाताओं की सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। मसौधा समिति के सचिव तुलसी राम यादव के मुताबिक समिति के 546 मतदाताओं की सूची का अनंतिम प्रकाशन किया गया है। इसी तरह गनौली गन्ना समिति के सचिव अनिल कुमार ने बताया कि 299 मतदाताओं की सूची का अनंतिम प्रकाशन किया गया है। मंगलवार को इस पर आपत्ति दी जा सकती है। बुधवार को सुनवाई के बाद मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

### पुजारी की बाइक चोरी

**बाराबंकी।** लाजपतनगर स्थित श्री रामजानकी मंदिर के गेट से पुजारी सोनू तिवारी की बाइक चोरी हो गई। घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। पुलिस ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

**सूचना**

मैं अरविंद प्रजापति पुत्र स्व. रामनारायण निवासी ग्राम जोगीपुर पोस्ट सेनपुर, अतरौलिया, आजमगढ़ ने विधिक तरीके से अपना नाम ARVIND KUMAR, पत्नी का नाम ANTIMA DEVI तथा पुत्री का नाम AYISHI PRAJAPATI किया है। आगे हमें इसी नाम से जाना जाए।



शिविर के समापन पर मौजूद स्काऊट गाइड। अमृत विचार

## तीन दिवसीय स्काउट प्रशिक्षण का समापन

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** फैजाबाद जीनियस इंटर कॉलेज फत्तेपुर कुशमाहा में उत्तर प्रदेश भारत स्काउट गाइड का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का रंगारंग ढंग से समापन हुआ। समापन में उपनिरीक्षक रणजीत यादव एवं लोको पायलट राजन यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उप निरीक्षक रणजीत ने बताया कि स्काउट करने से बच्चों में अनुशासन, नैतिक जिम्मेदारियों का बोध होता है। जिससे बच्चों में आत्मनिर्भर बनने के साथ साथ आपातकाल स्थिति में एवं कम संसाधन भी जीवन यापन कैसे किया जाता है यह जानकारी मिलती है। समापन सत्र में जिला प्रशिक्षण आयुक्त सिद्धी मौर्या नेबच्चों को गांठ बांधना पिरामिड निर्माण, कुकिंग, टेंट बनाना, प्रथम चिकित्सा, कैंपफायर आदि सिखाया गया। संयोजक सुरजीत यादव, सह संयोजक अनीता श्रीवास्तव, शिक्षकों में अजय यादव, इंद्रबली यादव, अंकित गौतम मौजूद रहे। विद्यालय के प्रबंधक डॉ श्वेता यादव ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## पति ने पीटकर किया गंभीर, नहीं हो सका सीटी स्कैन, मुकदमा दर्ज

**अयोध्या, अमृत विचार :** बीकापुर कोतवाली के साल्हेपुर में ब्याही एक युवती की उसके पति ने पिटाई की और कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला किया। शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट तो दर्ज कर ली, लेकिन अभी तक पीड़िता का सीटी स्कैन नहीं कराया है। मूल रूप से रौनाही थाना क्षेत्र के गांव दुर्जनपुर निवासी अनीता वर्मा पत्नी नीरज वर्मा का कहना है कि दो अक्टूबर की रात उनके पति ने गाली-गलौच शुरू कर दी और लात-घूंसा से पिटाई शुरू कर दी। कुल्हाड़ी के हत्थे से गला दबाकर जान लेने की कोशिश की और वह किसी तरह चंगुल से छूटी तो पीछे से कुल्हाड़ी से ही सिर पर जोरदार वार कर दिया, जिससे उसका सिर फट गया। पति ने बच्चों की भी पिटाई की। सीएचसी के डाक्टर ने पांच टांके लगा पट्टी कर दवा देकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। आरोप है कि पति की ओर से अक्सर नशे में उससे अभद्र व्यवहार किया जाता है और इसी के चलते 29 जुलाई को वह लिखित सुलहनामा के बाद ही ससुराल गई थी। प्रकरण में पुलिस ने मारपीट की मामूली धारा में रिपोर्ट दर्ज की और अभी तक सीटी स्कैन भी नहीं कराया। मामले के विवेचक संतोष कुमार ने बताया कि वह छुट्टी से लौट आए हैं। सीटी स्कैन कराया जा रहा है, मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

**अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार**

**क्लासीफाइड**

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

मैने अपना नाम SADADAM पुत्र SHAJAAD ALI से बदलकर SADDAM रख लिया। अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/O-SHAHZAD ALI NIYAMATPUR, N E O L I D A N A P U R, BARABANKI-225404 (UP)

**सूचना**

मेरे पुत्र पंकज कुमार उर्फ शेरा व पुत्रवधू निशा कुमारी का चालचलन ठीक नहीं है तथा पुत्र पंकज शराबी व जुआरी है। मेरी पत्नी की मृत्यु हो चुकी है। बहू खाना नहीं देती व गालीगलौज करती है। पुत्र ने दबगों से कर्ज ले रखा है। मैं कर्ज का डेढ़ लाख का कर्ज व 50 हजार का जेवर छुड़वा चुका है। इसके बाद भी पुत्र-पुत्रवधू परेशान कर रहे हैं। अतः मैं दोनों को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। उनके किसी भी कार्य के लिए वे जिम्मेदार होंगे, मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।- **उमेश चंद्र पुत्र राम भरोसे, नि.मो. बजरिया, छिबरामऊ**

**सूचना**

सूचित हो कि मै **राजा सोनकर पुत्र अनूप चन्द्र सोनकर, निवासी-137/67, तकिया गणेश गंज, लखनऊ,** मैने अपनी पुत्री का नाम नाव्या सोनकर जन्मतिथि-03.02.2010 के स्थान पर माही सोनकर रख लिया है अब मेरी पुत्री को नाव्या सोनकर के स्थान पर माही सोनकर के नाम से जाना व पहचाना जाये तथा माता का नाम श्यामली सोनकर है।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि **मेरा वास्तविक नाम गंगा देइ पत्नी दुर्गा प्रसाद निवासी ग्राम हयातनगर पोस्ट शुजागंज रूदौली, अयोध्या है।** मेरी जीवन बीमा की पॉलिसी संख्या-215379913 में मेरा नाम रामावती सोनी पत्नी दुर्गा प्रसाद सोनी हो गया है जबकि वास्तविक आधार पर मैं गंगा देई पत्नी दुर्गा प्रसाद के नाम से जानी व पहचानी जाती हूं।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित करना है कि मैं **गंगा प्रसाद पुत्र स्व0 काली चरण, निवासी- आर्य नगर, नगर पंचायत महराजगंज, जिला- रायबरेली** अपने तीन पुत्रों में से दो पुत्र सुरेंद्र कुमार व नरेन्द्र कुमार को उनके गलत चाल चलन के चलते अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर रहा हूं। आज के बाद से अपने गलत कृत्यों के जिम्मेदार वह स्वयं होंगे, मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं है ।

**सूचना**

मेरे आधार व पैन कार्ड में मेरा नाम चन्द्रिका पुत्र रामकिशोर दर्ज है जबकि ड्राइविंग लाइसेंस में भूल बस चन्द्रिका प्रसाद पुत्र राम किशोर लिख गया है ।दोनों नाम मेरे ही हैं। चन्द्रिका पुत्र राम किशोर नाम सही है जो लिखा व पढ़ा जाए। – **चन्द्रिका पुत्र राम किशोर निवासी ग्राम ककराही पोस्ट चिलौला थाना लालगंज रायबरेली।**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल अनुक्रमांक नंबर 4245431 वर्ष 2011 का अंकपत्र एवं प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। **दिव्य कुमार पुत्र राम कुमार, निवासी शंकरपुर, पोस्ट पखरौली, जनपद सुल्तानपुर।**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल अनुक्रमांक नंबर 2448242 वर्ष 2005 एवं इंटर मीडियट अनुक्रमांक नंबर 1935927 वर्ष 2007 का अंकपत्र एवं प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। **आलोक कुमार पुत्र राम कुमार, निवासी शंकरपुर, पोस्ट पखरौली, जनपद सुल्तानपुर।**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरा नाम पासपोर्ट में त्रुटिवश कादरी नजर मोहम्मद पुत्र मोहम्मद बशीर जन्मतिथि 01-01-1966 दर्ज हो गया है जबकि मेरा वास्तविक नाम नजर मोहम्मद पुत्र मोहम्मद बशीर जन्म तिथि 01-10-1965 है, इसे ही भविष्य में लिखा पढा जाए। **-नजर मोहम्मद पुत्र मोहम्मद बशीर, निवासी- कस्बाखास, पो0 बभनजोत, थाना- खोडारे जिला गोंडा।**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरे पासपोर्ट में कमर जहां पत्नी नजर मोहम्मद कादरी त्रुटिवश दर्ज हो गया है, मेरे पति का वास्तविक नाम नजर मोहम्मद है जिसे भविष्य में पढ़ा व लिखा जाए। पता कमर जहां (QAMAR JAHAN) पत्नी नजर मोहम्मद (NAZAR MOHAMMAD) निवासी कस्बाखास, पो0- बभनजोत, थाना- खोडारे, जिला गोंडा।

# पहली बार दो माह के बच्चे की सर्जरी कर दिमाग से निकाला पानी

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** दर्शन नगर स्थित राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों ने पहली बार दो माह के बच्चे के दिमाग का ऑपरेशन कर पानी निकालने में सफलता हासिल की है। इस करिश्माई ऑपरेशन के बाद प्राचार्य ने न्यूरो विभाग के सर्जन समेत टीम में मौजूद सभी चिकित्सकों को बधाई दी है।

मेडिकल कॉलेज के न्यूरो सर्जरी विभाग के डॉ. विक्रांत यादव ने बताया कि गोंडा के तरबगंज पकड़ी के रवि कुमार अपने दो माह के बच्चे उत्कर्ष को दिखाने के लिए बाल रोग विशेषज्ञ के पास पहुंचे थे। वहां डॉक्टर ने केस देखकर मुझे सूचित किया। परिवार मेरे पास आया। इसके बाद बच्चे की जांच कराई। पता चला कि दिमाग में पानी भरा हुआ है। बुधवार को ही उसे मेडिकल कॉलेज में एडमिट कराया गया। सोमवार को ऑपरेशन कर दिमाग से पानी निकाल दिया गया। उन्होंने बताया कि बच्चा अब पूरी तरह स्वस्थ है। ऑपरेशन के दौरान एनेस्थीसिया टीम के प्रभारी चिकित्सक डॉ. जेपी तिवारी भी मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि इस तरह का ऑपरेशन पहली बाहर हुआ है। टीम में डॉ.सर्वजीत वर्मा भी मौजूद रहे। प्राचार्य डॉ. ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि यह ऑपरेशन निशुल्क हुआ है। सर्जरी विभाग के एचओडी व उप प्राचार्य डॉ.सत्यजीत वर्मा ने ऑपरेशन करने वाली टीम को बधाई दी है।



ऑपरेशन करने के बाद ओटी में मौजूद चिकित्सक। अमृत विचार

# भाजपा नेता का भाई समेत 7 जुआरी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** शहर कोतवाली पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे के नेता के भाई व भतीजे समेत सात लोगों को धर दबोचा। रात में हुई इस कार्रवाई के बाद जहां हड़कंप मच गया। पुलिस ने 28 हजार रुपये, ताश की गड्डी आदि बरामद कर सातों जुआरियों को जेल भेज दिया।

जुआरियों की चल रही धरपकड़ के क्रम में क्रम में थाना कोतवाली नगर पुलिस ने शहर के नागेश्वर नाथ मंदिर के निकट छापेमारी की। इस कार्रवाई के दौरान कुल सात लोग सार्वजनिक स्थान पर जुआं खेलते मिले। बड़ी संख्या में रही फोर्स ने इन सभी को धर दबोचा। पकड़े गए लोगों में रेहसुल हसन पुत्र कासिम अब्बास व फराज हुसैन पुत्र रैसुल हसन निवासी नागेश्वर नाथ धाम पीरबटावन ने पकड़े जाने पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के नेता राजा कासिम के परिवार से होने का हवाला दिया। इनमें रेहसुल हसन भाजपा नेता का भाई व फराज हुसैन भतीजा है पर पुलिस ने बिना कोई सुनवाई किए इन्हे व अनवर अली पुत्र असगर अली निवासी मोहल्ला चंदना बारादरी, हुजूर आलम पुत्र छोटा सलमानी निवासी पीरबटावन, शादाब अहमद पुत्र सईद अहमद निवासी सिविल लाइन नेहरू नगर, निशान पुत्र मो. मुश्फिक निवासी रफीनगर देवा रोड व बच्चेलाल बाल्मीकी पुत्र रामलखन निवासी पीरबटावन सभी थाना कोतवाली नगर को कोतवाली ले गई।

**कुर्सी पुलिस ने दबोचे 8 जुआरी**

थाना कुर्सी पुलिस टीम ने सार्वजनिक स्थान पर जुआं खेल रहे रेहान पुत्र बसारत निवासी एक मिनारा मस्जिद, शीबू पुत्र मुसर्रफ अली, मो. सलीम पुत्र नुसरत अली, मो. शब्बू पुत्र पुत्तन निवासी मो. फाटक, मो. आसिफ पुत्र स्व. मो. जमील, मो. इरफान पुत्र मो. सुलेमान 8. मो. इमरान पुत्र खलील अहमद निवासी मुल्ला टोला सभी थाना कुर्सी व गुफरान पुत्र स्व. रमजान निवासी पाण्डेय टोला अलीगंज जनपद लखनऊ को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से ताश के पत्ते, मालफड़, जामातलाशी में 3,050 रुपये बरामद किए गए।

## एक नजर

### युवती ने नहर में लगाई छलांग, मौत

बसखारी, अंबेडकरनगर। नहर में छलांग लगाकर एक युवती ने अपने जीवन लीला समाप्त कर लिया। सूचना पर पहुंची बसखारी पुलिस ने गोताखोरों की मदद से युवती के शव को 2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकलवाया और जरूरी लिखा पढ़ी करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक युवती की पहचान सम्मनपुर थाना क्षेत्र के सिसारा निवासी गुड़िया 20 पुत्री ब्रह्म प्रकाश निवासी सिसरा थाना सम्मानपुर के रूप में हुई है। गुड़िया ने नहर में छलांग क्यों लगाई फिलहाल यह अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। प्रभारी निरीक्षक संत कुमार सिंह ने बताया कि शव का पंचनामा करवाने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। प्रार्थना पत्र मिलने पर मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# डीपीआरओ ग्राम पंचायतों के कार्यों में लाएं तेजी : राजभर

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।



अकबरपुर सर्किट हाउस में पंचायती राज और अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के कार्यों की समीक्षा करते मंत्री ओम प्रकाश राजभर।

**अमृत विचार**। पंचायती राज तथा अल्पसंख्यक कल्याण मुस्लिम वक्फ एवं हज मंत्री व सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर जनपद के एक दिवसीय दौरे पर रहे। कार्यक्रम के तहत अकबरपुर सर्किट हाउस में पंचायती राज तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के दौरान मंत्री ने पंचायती राज विभाग के कार्यों स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, आईएचएचएल भौतिक लक्ष्य, पूर्ति ऑनलाइन आवेदन, रेट्रो फिटिंग, ओडीएफ प्लस मॉडल ग्राम घोषणा, ओडी एफ प्लस ग्राम सत्यापन, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण वित्तीय वर्ष 2023- 24, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण वित्तीय वर्ष 2024-25, पंचायत भवन पूरे जनपद का आंकड़ा, पंचायत भवन निर्माण प्रगति वित्तीय वर्ष 2023-24 व 2024-25, अंत्योष्टि स्थल 2019-20 से 2023-24 तक ग्राम पंचायतवार निर्माण की प्रगति, कॉमन सर्विस सेंटर और जीएलसी ब्लॉकवार एवं ग्राम पंचायत वार, पंचायत कल्याण कोष की समीक्षा किया। मंत्री ने कार्य में तेजी लाने के डीपीआरओ का निर्देशित किया गया। मंत्री ने जिला पंचायत द्वारा कराये जा रहे बिभिन्न कार्यों की गहन समीक्षा किया। जिसमे निर्देश दिया गया कि कार्य को गुणवत्ता परक तरीके से कराए जाय। मंत्री ने जिला अल्पसंख्यक कल्याण बिभाग की समीक्षा में छात्रवृत्ति की समीक्षा किया। जिसमे जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने बताया कि आवेदन ऑनलाइन किए जा रहे हैं। बैठक में जिला पंचायत राज अधिकारी अवनीश कुमार श्रीवास्तव, अभियंता जिला पंचायत, अल्प संख्यक कल्याण अधिकारी और समस्त सहायक विकास अधिकारी पंचायत उपस्थित रहे।

### ओवैसी पर बोला जमकर हमला

**अंबेडकरनगर,अमृत विचार**। जनपद में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रदेश के कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने कटेहरी विधानसभा क्षेत्र के कटेहरी ब्लॉक में आयोजित महिला जागरूकता सम्मेलन के दौरान असदुद्दीन ओवैसी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि ओवैसी केवल जातीय और धार्मिक उन्माद फैलाने की बात करते हैं और कभी भी मुसलमानों के भले की चिंता नहीं करते है। मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने सपा, बसपा और कांग्रेस पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इन पार्टियों ने हमेशा राजभर समुदाय का वोट लिया है, लेकिन उनके अधिकारों की रक्षा नहीं की है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि मोदी सरकार ने महिलाओं के लिए आरक्षण दिलाने का काम किया है और केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनका लाभ महिलाओं को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने बहराइच में राजा सुहेलदेव के नाम पर पार्क और उनकी भव्य प्रतिमा स्थापित करने का कार्य किया है। इस प्रकार की गतिविधियों से समाज में जागरूकता और समृद्धि का संदेश फैलता है। राजभर ने ओवैसी की नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि वह नहीं चाहते कि मुसलमानों के बच्चे पढ़-लिखकर आगे बढ़ें।

# रोडवेज की दो बसों की टक्कर में 17 यात्री घायल

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार**। अहिरौली थाना क्षेत्र के खेमापुर के निकट रोडवेज की बस में पीछे से परिवहन निगम की ने टक्कर मार दी। हादसे में बसों में सवार 17 यात्री घायल हो गए। घायलों को सीएचसी कटेहरी में भर्ती कराया गया। जहां पर कुछ की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

सोमवार की शाम हैदरगढ़ डिपो की दो बसें लखनऊ से आजमगढ़ जा रही थीं। खेमापुर के पहले नहर के निकट पीछे चल रही बस ने आगे जा रही बस में टक्कर मार दी। बस में सवार जहांगीर थाना क्षेत्र के श्यामपुर निवासी निर्भय नरायन (55), इनकी दो पौत्रियां शिवानी (17) व शिप्रा सिंह (16), अयोध्या जनपद न्यायालय में अधिवक्ता शिल्पा मिश्रा (40) को सीएचसी से जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया है। सोहन राजभर (60), नीतू (32), अमित (30), ऋषभ (3), अमरावती (35), पिन्टू (36), आराध्या (4), साराध्या (1), अंतिमा (15), निशी कुमारी (30), रोहित (19), चंदन (18), फूलचंद (24) घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी कटेहरी में भर्ती करवाया है। जहां दो की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया गया है।

# समूह की दीदियों को किया जा रहा है प्रोत्साहित : स्वतंत्रदेव

## उत्कृष्ट कार्य करने पर ई-स्कूटी देकर किया सम्मानित, समूह की 51 दीदियों को जिला प्रशासन देगा ई-स्कूटी

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।



समूह की दीदी को ई-स्कूटी देकर सम्मानित करते जल शक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, साथ में एमएलसी डॉ. हरिओम पांडेय और जिलाधिकारी अविनाश सिंह।



समूह की दीदी को स्वीकृति पत्र देते जलशक्ति मंत्री।

**अमृत विचार**। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत जनपद की 60 हजार 318 समूह सदस्यों को लखपति दीदी बनाने के लक्ष्य की प्राप्ति के क्रम में सोमवार को मेडिकल कॉलेज सद्दरपुर के प्रेक्षागृह में विकासखंड टांडा की दीदियों के लिए, लखपति दीदी उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में समूह में अच्छा कार्य करने वाली दीदियों ने मुख्य अतिथि जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह को पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया।

मुख्य अतिथि मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री महिलाओं के लिए हमेशा चिंतित रहते हैं। समूह की दीदियों के जीवन में आर्थिक सशक्तिकरण हो इसके लिए लखपति दीदी योजना, ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत बिल की वासूली के कार्य, बैंकिंग कार्य को सुलभ बनाने के लिए बीसी सखी योजना, राशन की दुकान का संचालन के लिए कोटेदार का चयन, सामुदायिक शौचालयों के संचालन आदि के लिए समूह को प्रथमिकता प्रदान की जा रही है। समूह की दीदियों को प्रत्येक क्षेत्र में कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिससे वह लखपति दीदी बन सकें। जिलाधिकारी ने कहा कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के संकुल स्तरीय संघ की बुक कीपर समूह सखी जो अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रही हैं और दूर दराज क्षेत्र में उन्हें आने-जाने में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। ऐसी दीदी को स्कूटी प्रदान कर उनके कार्य को प्रोत्साहित करने के साथ ही साथ उनके कार्य में सुगमता प्रदान की जा रही है। जिसके तहत अब तक चार समूह की दीदियों को स्कूटी प्रदान की गई है। जिलाधिकारी ने कहा कि समूह के मध्य जो भी दीदी सबसे उत्कृष्ट कार्य करेगी निकट भविष्य में ऐसी 51 दीदियों का सम्मान स्कूटी देकर किया जाएगा। समूह सखी का मानदेय लगभग 2 वर्ष से अधिक का लंबित था जिसे मुख्यमंत्री के निर्देश पर सभी का भुगतान हो गया है और उनके मानदेय की बढ़ोतरी के लिए भी प्रयास किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त जिस तरह से सभी बीसी सखियों को ड्रेस है और समाज में अपनी पहचान बनाई है उसी प्रकार समूह सखी सीएलएफ की बुक कीपर और सीएलएफ के पदाधिकारीयो के ड्रेस का चयन हो गया है। जिसे शीघ्र ही मुख्यमंत्री के निर्देश पर समूह के लोगों को प्रदान कराया जाएगा। जिससे समूह के दीदियों की समाज में एक अलग पहचान बनेगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से एमएलसी डॉ. हरिओम पांडेय, जलालपुर विधायक राकेश पांडेय, भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी, सीडीओ आनन्द कुमार शुक्ला, परियोजना निदेशक अनिल कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार तिवारी, डॉ. शशि शेखर सिंह, डॉ. राघवेन्द्र प्रताप सिंह बीडीओ टांडा आदि उपस्थित रहे।

### समूह की 11 दीदियों को दी गई सिलाई मशीन

पंडित दीनदयाल अन्त्योदय योजना के तहत उप्र राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन में तीन करोड़ दीदी को लखपति बनाने के लिए विकास खण्ड टाण्डा के पांच दीदीयों दीपमाला, सीमा देवी, उर्मिला देवी, सविता देवी, किस्मती देवी को पशु आश्रय का स्वीकृति पत्र दिया गया। वहीं विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत 11 समूह के दीदीयों सुमित्रा वर्मा, मालती देवी, मृदुला श्रीवास्तव, रंजना देवी, पुष्पा देवी, रीता देवी, मालती देवी, सुभावती देवी, ओमलता और लक्ष्मी वर्मा को सिलाई मशीन का वितरित किया गया। जिला प्रशासन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में सुचिता देवी समूह सखी करमपुर बरसावा विकास खंड टांडा को समूह में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रोत्साहन के रूप में मंत्री स्वतन्त्र देव सिंह ने ई-स्कूटी देकर उन्हें सम्मानित किया।

### तीन समूह सखियों को दिया डेमो चेक

गायत्री देवी, दीपमाला और अन्य समूह की दीदियां जो स्वयं सहायता समूह से लोन लेकर अपना स्वयं का व्यवसाय करके लखपति बन गई हैं, उन दीदियों ने अपनी सफलता की कहानी भी बताई। समूह सखियों के भुगतान का प्रतीकात्मक रूप से तीन समूह सखियों को 24 लाख से अधिक का डेमो चेक भी प्रदान किया गया। एमएलसी डॉ. हरिओम पांडेय ने भी समूह की दीदियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ समूह की दीदियों के जीवन में उजाला लाने के लिए लागातर कार्य कर रहे हैं। उसके लिए पूरा जनपद मुख्यमंत्री का आभारी है।

## सार-संक्षेप

### मिशन शक्ति के तहत महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक



दुर्गा पंडाल में महिलाओं को जागरूक करती महिला पुलिसकर्मी।

**जलालपुर, अंबेडकरनगर,अमृत विचार**। नवरात्रि त्योहार के मौके पर जलालपुर पुलिस के द्वारा जगह-जगह मिशन शक्ति के अंतर्गत दुर्गा पंडालों में पहुंच कर महिलाओं की समस्याओं को जानने का प्रयास करते हुए उनको जागरूक किया गया। वहीं क्षेत्र में महिला अपराधों के विरुद्ध आवाज उठाने वाली महिलाओं का मनोबल बढ़ाया गया। जलालपुर कोतवाली की एंटी रोमियो टीम द्वारा उप निरीक्षक सविता के नेतृत्व में कोतवाली क्षेत्र के कैथा गांव में पहुंचकर दुर्गा पंडालों में दर्शन पूजन करने आयी महिलाओं से बात करते हुए पुलिस द्वारा महिलाओं की सुरक्षा के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति के बारे में जानकारी दी गई। उपनिरीक्षक सविता व कांस्टेबल मुंशीलाल द्वारा महिलाओं से जुड़े अपराध, बचाव और पुलिस की मदद लेने से जुड़े तमाम मुद्दों पर महिलाओं को जागरूक किया गया। वहीं महिला कांस्टेबल शिल्पी के नेतृत्व में दूसरी टीम ने कन्नूपुर गांव के दुर्गा पंडाल में पहुंचकर गांव की महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। इस दौरान महिला अपराधों के विरोध में आवाज उठाने वाली और विधिक कार्रवाई कर रही महिलाओं से मुलाकात कर उनको सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया।

### ग्रामीणों ने कोटेदार पर लगाया घटतौली का आरोप

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार**। जनपद के कटेहरी विकास खंड के खरगपुर गांव के सैकड़ों ग्रामीणों ने कोटेदार पर घटतौली का आरोप लगाते हुए कलेक्ट्रेट के निकट आंबेडकर प्रतिमा के प्रांगण में प्रदर्शन किया। उन्होंने जिलाधिकारी अविनाश सिंह को मांगों को लकर ज्ञापन सौंपा। बता दें कि ग्रामीण सुशीला कन्नोजिया ने आरोप लगाया कि खरगपुर की कोटेदार प्रेमा देवी द्वारा राशन बांटने में घटतौली की जा रही है। उन्होंने बताया कि कोटेदार के पास दो तौल मशीनें हैं, जिनमें से एक मशीन से सही तौल होती है जबकि दूसरी मशीन से घटतौली की जाती है। जब ग्रामीण राशन तौल की पर्ची मांगते हैं तो कोटेदार उन्हें पर्ची नहीं देती और झगड़ा करने लगती हैं। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर कोटे की दुकान का आकस्मिक निरीक्षण कराएं और उचित कार्रवाई करते हुए उसे निरस्त करने की मांग किया है। प्रदर्शन में शामिल ग्रामीणों ने बताया कि वह न्याय की उम्मीद करते हैं और अपनी समस्याओं का समाधान चाहते हैं। इस मौके पर मीरा देवी, पूनम, मनीषा, आशा, सुमित्रा, रूपा राजभर, इंद्रदेव, कक्कू, अमर, आदित्य, बृजेश, मनजीत, ग्यादीन, शिवम, रामपाल, शंभू, बृजेश, आशुतोष, रंजीत सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### राजस्व निरीक्षक समेत 15 नामजद व कई अज्ञात पर मुकदमा

**जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार**। बारिश में पांच करोड़ रुपए की मछली बहने के मामलें में पुलिस ने राजस्व निरीक्षक, प्रधान प्रतिनिधि समेत 15 ज्ञात और लगभग एक दर्जन अज्ञात के विरुद्ध संपत्ति नुकसान सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। मामला तहसील जलालपुर अंतर्गत मरहरा गांव का है। बता दें कि तहसील के दूसरे ग्राम पंचायत अमोला बुजुर्ग निवासी राम शकल ने मरहरा गांव स्थित तालाब का 2022 में मछली पालन का पट्टा लिया था। क्षेत्राधिकारी को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि तालाब में 37 कुंतल मछली का बीज पालन के लिए डाला था। इन बीज से वर्तमान में कुल आठ करोड़ रुपए कीमत की मछली तैयार होती। मगर बीते एक अक्टूबर को मछलियों को बहने से रोकने के लिए तालाब क्षेत्र में सडक़ किनारे जाली लगायी गयी थी। बीते दिन हुई बरसात के दौरान प्रधान प्रतिनिधि अजय गोस्वामी के नेतृत्व में पहुंचे दो दर्जन ग्रामीणों ने जाली को तोड़ दिया। जिससे पांच करोड़ रुपए की मछली बह गई। विरोध करने पर आरोपियों ने गाली गलौज देते हुए हत्या करने की धमकी देने लगे। क्षेत्राधिकारी के आदेश पर पुलिस ने राजस्व निरीक्षक जगदीश चंद्र, प्रधान पति अजय गोस्वामी, विजय प्रकाश, अख्तर खान, जमाल अहमद, जावेद खान, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष के पुत्र गिरीश समेत कुल 15 ज्ञात व 10 से 12 अज्ञात के विरुद्ध मारपीट समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाल संतोष कुमार सिंह ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच-पड़ताल की जा रही है। क्षेत्राधिकारी के आदेश पर दर्ज किए मुकदमें से आहत नव भारतीय किसान संगठन के जिलाध्यक्ष चलाकू पाल ने कहा कि प्रशासन से किसानों के विरुद्ध कोई कार्यवाही न करने की मांग की गयी थी, लेकिन किसानों के ऊपर मुकदमा दर्ज किया गया है। अब हम सब 10 अक्टूबर से तहसील परिसर मे अनिश्चित कालीन धरना-प्रदर्शन करेंगे।

### अश्लील वीडियो मामले में आरोपी पर मुकदमा दर्ज

**जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार**। चाइल्ड पोर्नोग्राफी से संबंधित अश्लील सामग्री अपलोड करने के मामले में गृह मंत्रालय के साइबर पुलिस पोर्टल से प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच प्रारंभ कर दी है। बता दें कि गृह मंत्रालय के अंतर्गत साइबर पुलिस द्वारा चलाए जा रहे हैं पोर्टल एनसीएमईसी द्वारा प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर जलालपुर कोतवाली अंतर्गत नगपुर बाजार निवासी समसुद्दुहा पुत्र वकील अहमद का साइबर अपराध में शामिल होना पाया गया है। इस मामले में आरोपी शमसुद्दीन द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से चाइल्ड पोर्नोग्राफी से संबंधित अश्लील वीडियो और फोटो को अपलोड तथा शेयर किया जा रहा है। आरोपी के मोबाइल नंबर की एसडीआर और ईमेल आईडी द्वारा अपलोड तथा शेयर की गई अश्लील सामग्री के आधार पर इसकी जांच साइबर थाने के निरीक्षक दर्शन यादव द्वारा की गई थी। उक्त आईडी और मोबाइल नंबर से वीडियो व फोटो शेयर की गई है। साइबर थाने के जांच निष्कर्षों के आधार पर जलालपुर कोतवाली पुलिस द्वारा आईटी एक्ट तथा पोक्सो एक्ट की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए विधिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है।

### मारपीट व छेड़खानी में नौ के खिलाफ केस, तीन गिरफ्तार

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार**। जनपद के अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र में बीते रात दबंगों द्वारा घटर में घुसकर की गई मारपीट के मामले में पुलिस ने छह नामजद और तीन अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बीती रात थाना कोतवाली अकबरपुर क्षेत्र एक गांव में रंजिश को लेकर 8-10 लोगों द्वारा घर में घुसकर मारपीट और छेड़खानी की गई थी। पीडिता द्वारा रात्रि में ही थाना स्थानीय पर लिखित सूचना देकर बताया गया कि गांव के ही चांद अली, रोशन अली, शाह आलम पुत्रगण मोहम्मद हनीफ, सुधांशु यादव उर्फ लालू यादव पुत्र मयाराम, डब्लू यादव उर्फ अंश यादव पुत्र दयाराम, सलमान पुत्र इजेदार और तीन अज्ञात लोगों के द्वारा जमीन को लेकर पुरानी रंजिश में घर में घुसकर शिकायतकर्ता से छेड़खानी करते हुए उसके व परिवार के लोगों के साथ मारपीट की। गांव के लोगों के इकट्ठे होने पर आरोपी अपनी फार्चूनर कार छोड़कर भाग गए। जिसे पुलिस ने सीज कर दिया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर छह नामजद और तीन अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया है। पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी द्वारा पुलिस टीम गठित कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

# अनियंत्रित कार ने महिला श्रमिक को रौंदा, मौत

बसखारी, अंबेडकरनगर



महिला की मौत के बाद लोगों की लगी भीड़। अमृत विचार

**अमृत विचार**। बसखारी थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग-233 पर उगी हुई झाड़ियों की सफाई कर रही महिला मजदूर को अनियंत्रित स्कॉर्पियो वाहन ने रौंद दिया। जिससे महिला मजदूर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

हादसा सोमवार शाम को उस समय हुआ जब प्यारी देवी पत्नी कौशल निषाद निवासी कटारगढ़ उम्र लगभग 62 वर्ष राष्ट्रीय राजमार्ग 233 शुकुल बाजार बाईपास के डिवाइडर पर उगी झाड़िया की मजदूरों के साथ सफाई कर रही थी। इसी बीच बसखारी की तरफ से जा रही सफेद रंग की अनियंत्रित स्कॉर्पियो ने उसे रौंद दिया। जिससे महिला की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मजदूरी कर रहीं अन्य महिलाएं जब तक कुछ समझ पाती स्कॉर्पियो चालक स्कॉर्पियो की रफ्तार बढ़ाते हुए फरार हो गया। महिला की मौत के बाद मजदूरी कर रही अन्य महिलाएं और ग्रामीण आक्रोशित होकर सड़क पर एकत्रित हो गए। सूचना पाकर लहटोरवा चौंकी प्रभारी विनय सिंह और थाना प्रभारी निरीक्षक संत कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए और आक्रोशित महिलाओं को किसी तरीके से समझा-बूझाकर शव का पंचनामा करवाते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस संदर्भ में थाना प्रभारी निरीक्षक संत कुमार सिंह ने बताया कि लोगों को समझा-बुझाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। प्रार्थना पत्र मिलने पर अन्य जरूरी विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### हादसे में दो लोग हुए घायल, एक रेफर

**सम्मनपुर, अंबेडकरनगर**। आलापुर थाना क्षेत्र के बाहरपुर गांव निवासी मनीष ओझा एजेंसी से हुंडई नई कार लेकर घर जा रहे थे। तभी पलई पेट्रोल पंप के पास पहुंचने पर वह पेट्रोल पंप की तरफ तेल भराने के लिए मुड़ गए। इसी बीच बाइक से बरियावन की तरफ से अकबरपुर जा रहे टांडा कोतवाली क्षेत्र के कोरई मोहद्दीनपुर गांव निवासी भोलू और सचिन कार की चपेट में आ गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के अनुसार दोनों बाइक सवारों ने शराब पी रखी थी। भोलू की स्थिति गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने लखनऊ ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि हादसे में क्षतिग्रस्त वाहन को कब्जे में ले लिया गया है। अनय विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### हादसे के बाद रूट को किया डाइवर्ट

राष्ट्रीय राजमार्ग-233 पर हादसे के बाद जुटी महिलाओं और अन्य ग्रामीणों की भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने गाडियों को शुकुल बाजार की तरफ से डायवर्ट कर दिया। रूट डायवर्ट होने के कारण शुकुल बाजार में भी जाम जैसी स्थिति बनी रही। हालांकि कुछ देर बाद थाना प्रभारी निरीक्षक संत कुमार सिंह ने लोगों को समझा बूझाकर सडक़ से भीड़ को हटाने में कामयाबी पाई। इसके बाद राष्ट्रीय राजमार्ग 233 से वाहनों का आवागमन शुरू हो गया।

### पेड़ से लटकता मिला अधेड़ का शव

**टांडा, अंबेडकरनगर**। जनपद के इब्राहिमपुर थाना क्षेत्र के गोवर्धनपुर गांव के बाहर अधेड़ का शव पेड़ से लटकता पाया गया। गांव में शव मिलने की सूचना पर हडक़ंप मच गया। वहीं बड़ी तादात में ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए। जिसके बाद ग्रामीणों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पेड़ से उतार कर कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बता दें कि इब्राहिमपुर थाना क्षेत्र के गोवर्धनपुर गांव के बाहर काली माता के स्थान के निकट एक अधेड़ का शव नीम के पेड़ से लटका पाया गया। पुलिस ने मृतक की पहचान 55 वर्षीय राम यज्ञ के रूप में किया है।

### करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

**बसखारी, अंबेडकरनगर,अमृत विचार**। बसखारी थाना क्षेत्र के बसखारी सब्जी मंडी में देर रात बेसमेंट से पानी निकालते समय करंट की चपेट में आने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को आनन-फानन में परिजन इलाज के लिए बसखारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया है। बता दें कि बसखारी थाना क्षेत्र के बसखारी सब्जी मंडी निवासी 45 वर्षीय सुभाष मौर्य पुत्र राम दास मौर्य का बेसमेंट नुमा मकान है। पिछले दिनों हुई बारिश से उनके बेसमेंट मे पानी भर गया था, जिसे वह देर रात मोटर लगाकर निकाल रहे थे। बताया जाता है की मोटर लगाते समय वह करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए। करंट की चपेट में आने की सूचना पर परिजन उन्हें बसखारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की सूचना पर आसपास के लोग इक्ट्ठा हो गए। लोगों ने घटना की पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक का शव कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। वहीं युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। बसखारी थानाध्यक्ष संत कुमार सिंह ने बताया कि मृतक का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अन्य विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# तीन पर एससी-एसटी व छेड़छाड़ का केस

**जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार**। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध एससी-एसटी, मारपीट, छेडख़ानी समेत अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है। मामला कटका थाना क्षेत्र स्रके दुल्हूपुर गांव का है। प्राप्त एफआईआर के अनुसार गांव निवासिनी कौशल्या देवी ने दो पक्षों के बीच हो रहे मारपीट में बीच-बचाव करने गई थी। उस समय वहां मौजूद मुज्जमिल, रुस्तम, जावेद आदि ने जाति सूचक गाली-गलौज देकर मारपीट व अश्लील हरकत किया। आगे उन्होंने लिखा है कि 20 जुलाई 2024 को सुबह 9 बजे पीडिता अपने घर से सैयद नादिर हसन के घर गई हुई थी। सैयद नादिर हसन अपना रुपया विपक्षी मुज्जमिल आदि से मांग रहे थे, इसी पैसे को लेकर दोनों के बीच वाद-विवाद हो रहा था, जिसे पीडिता समझाने बुझाने गई थी। आरोप है कि उक्त तीनों लोग प्रार्थिनी को मारने-पीटने लगे और जाति सूचक गाली-गलौज देते हुए जान से मारने की धमकी दिया। पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं किया जिससे आहत पीड़ित ने न्यायालय में वाद दायर कर मुकदमा दर्ज करने की मांग की थी। थानाध्यक्ष अजय कुमार यादव ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गय है।

# प्रधान से रुपये मांगने का सचिव का वायरल हुआ ऑडियो

**अंबेडकर नगर, अमृत विचार**। सोशल मीडिया पर एक आडियो वायरल हो रहा है। इसमें सचिव द्वारा ग्राम प्रधान से 10 हजार रुपए दिए जाने की बात कही जा रही है।

मामला विकास खण्ड कटेहरी के ग्राम पंचायत नकटहा के ग्राम प्रधान व सचिव का बताया जा रहा है। चर्चा है कि ग्राम प्रधान ने दो पक्के कार्यों का इस्टीमेट बनवाया जिसमें फाइल आगे बढाने के लिए सचिव ने ग्राम प्रधान से 10 हज़ार रुपए की मांग की। प्रधान ने बताया कि वो अस्वस्थ हैं इलाज करवाकर वापस आए हैं। प्रधान ने बताया कि सचिव ने मेरे पास गूगल पे नम्बर भी भेजा और तत्काल पैसा भेजने की बात कही।

कटेहरी विधानसभा में होने वाले उपचुनाव को लेकर प्रदेश के मुखिया की इज्जत दांव पर लगी है। लगातर सूबे के कई मंत्री क्षेत्र में पहुंच विकास कार्यों को धार देने में लगे हैं। वहीं जिलाधिकारी अविनाश सिंह खुद सभी प्रधानों को लेकर विकास कार्य हेतु कटेहरी ब्लॉक में बैठक कर चुके है, ऐसे में उनके कर्मचारी कितनी जिम्मेदारी से कार्य कर रहे हैं, प्रत्यक्ष रूप से सोशल मीडिया पर वायरल आडियो सब कुछ बयां कर रही है। हालांकि अमृत विचार वायरल ऑडियो की पुष्टि नहीं करता।

# खाद्य सुरक्षा की टीम ने जांच को भेजे नौ नमूने

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर



जांच के लिए नमूने संग्रहित करते सहायक आयुक्त खाद्य श्रवण कुमार त्रिपाठी।

**अमृत विचार**। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन और जिलाधिकारी अविनाश सिंह के आदेश के अनुपालन में सहायक आयुक्त खाद्य श्रवण कुमार त्रिपाठी के निर्देशन में नवरात्रि पर्व पर आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य, पेय पदार्थ उपलब्ध कराने को लेकर खाद्य पदार्थों की दुकानों पर छोपमारी की गई।

खाद्य सुरक्षा और औषधि प्रशासन के सचल दल ने विशेष अभियान चलाकर जनपद के विभिन्न स्थानों पर औचक छापेमारी करते हुए मिलावट के संदेह पर कुट्टू आटा, सिंघाड़ा आटा, मेवा, रामदाना चिक्की, घी, दूध इत्यादि खाद्य पदार्थों के कुल 09 नमूनें संग्रहित कर खाद्य विश्लेषक उप्र की प्रयोगशाला को जांच के लिए प्रेषित किया है। राजेश किराना स्टोर महरूआ भीटी के प्रतिष्ठान पर भण्डारित 250 ग्राम के 62 पैकेट सिंघाडा आटा जिसकी कुल मात्रा 15.5 किलोग्रमा, पर बैच नंबर, बेस्ट यूज विफोर, एफएसएसएआई लाइसेंस नंबर इत्यादि आवश्यक सूचनाएं अंकित न होने के कारण बिक्री के लिए भंडारित उपरोक्त सभी पैकेटों को खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 की सुसंगत धारा में जब्त किया है। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने अरविंद ट्रेडर्स महरूआ भीटी के प्रतिष्ठान से रामदाना चिक्की तथा गजक, राजेश किराना स्टोर महरूआ भीटी के प्रतिष्ठान से सिंघाड़ा आटा किंग स्टार ब्राण्ड, सागर किराना स्टोर महरूआ भीटी के प्रतिष्ठान से किशमिश, शिवम टेडर्स महरूआ भीटी के प्रतिष्ठान से मखाना नन्द भोग ब्राण्ड, स्मार्ट बाजार अकबरपुर के स्टोर से घी, दूध और किशमिश, श्री सिक्सटी पहितीपुर रोड अकबरपुर के स्टोर से कुट्टू आटा जांच के लिए संग्रहित किया है।

### मिलावट पाए जाने पर होगी कार्रवाई

उपरोक्त नमूनों की जांच रिपोर्ट प्रयोगशाला से प्राप्त होने के उपरान्त मिलावट पाए जाने पर सम्बन्धित खाद्य कारोबारियों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जाएगी। जांच टीम में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुरेन्द्र वर्मा के साथ खाद्य सुरक्षा अधिकारी अमित कुमार पाण्डेय, चन्द्र प्रकाश यादव, दिनेश कुमार राय, ओम प्रकाश, मनीषा सिंह और आदर्श प्रताप सम्मिलित रहें।

## एक नजर

### एक महीने बाद भी नहीं खाली हो सकी चरागाह भूमि

**बालपुर, अमृत विचार :** बीते एक महीने पहले छिटनापुर गांव के लोगों ने जिला अधिकारी से चरागाह की भूमि को खाली कराए जाने की लेकर शिकायत की थी। जिलाधिकारी ने तत्परता दिखाते हुए चरागाह की भुमि को खाली कराए जाने के लिए तहसीलदार की अध्यक्षता में सात सदस्यीय टीम का भी गठन किया। टीम ने मौके पर पहुंच कर भूमि की पैमाइश कर सीमांकन करा दिया। टीम ने भूमि पर कब्जा किए लोगों से दो दिन में भूमि को खाली करने के लिए चेतावनी भी दी थी। चेतावनी के बाद भी एक सप्ताह बीत जाने के बाद अभी तक चरागाह की भूमि को खाली नहीं कराया सका।

### अभियान के तहत भाजपा ने बनाए दो सौ सदस्य

**परसपुर :** सरयू मंडल में सदस्यता महा अभियान के सापेक्ष हर बूथ पर चार सक्रिय सदस्य बनाकर हर सदस्यों से पचास-पचास सदस्य बनाए जाने के लिए बिवियापुर गोसाई में कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि करनैलगंज विधायक अजय सिंह रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने लोगों को प्रेरित करते हुए बैठक में आये दो सौ से अधिक लोगों को डिजीटल भाजपा की सदस्यता ग्रहण करायी तथा सभी शक्ति केंद्र संयोजक बूथ अध्यक्षों को सक्रिय करते हुए सदस्यता अभियान को और प्रभावी बनाने पर बल दिया एवं पचास पचास सदस्य बनवाने के लिए आग्रह किया। बैठक में मंडल अध्यक्ष कुंवर बहादुर सिंह, संदीप सिंह जिला मंत्री, जगदीश सिंह प्रधान चतरौली बूथ अध्यक्ष, पप्पू गोस्वामी पूर्व प्रधान, शुभम सिंह, अमरेश सिंह, शुभम सिंह, अमरेश मिश्रा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### सामुदायिक शौचालय अधूरा

**रुपईडीह।** ब्लॉक की ग्राम पंचायत तिर्रे मनोरमा में सामुदायिक शौचालय का निर्माण आज तक अधूरा है। इससे ग्राम वासियों और राहगीरो को शौच के लिए दिक्कत उठानी पड़ रही है। ग्राम वासियों ने खंड विकास अधिकारी से सामुदायिक शौचालय का निर्माण पूरा कराये जाने की मांग की है।

# पूजा पंडालों में माता रानी विराजमान, लगे जयकारे

## शारदीय नवरात्र की मची धूम, पांचवें दिन श्रद्धालुओं ने की स्कंदमाता की पूजा अर्चना

करनैलगंज, गोंडा


मौर्य नगर चौराहे पर रथ पर सवार मां दुर्गा की प्रतिमा। अमृत विचार

**अमृत विचार :** आदि शक्ति मां भगवती की उपासना के महापर्व शारदीय नवरात्र के अवसर पर नगर में दुर्गा पूजा की धूम मची हुई है। दुर्गा पूजा पंडालों में माता रानी विराजमान हैं। नगर की हर गली और मोहल्ले रंग बिरंगी लाइटों से रोशन हो उठे हैं, चारों तरफ सिर्फ मां के जयकारे लग रहे हैं। शाम होते ही दुर्गा पूजा पंडाल और मंदिर जगमग हो उठते हैं।

नवरात्र के पांचवें दिन सोमवार को स्कंदमाता की पूजा-अर्चना की गई। इस बार कैलाश बाग में दुर्गा मां की प्रतिमा झूले पर स्थापित की गई है। झूले पर सवार महा माई का अद्भुत श्रंगार भक्तों के आकर्षण का केंद्र बना है। मां के दिव्य स्वरूप और सुंदर साज-सज्जा को देखने के लिए हर रोज भक्तों का तांता लगा रहता है। वर्ष 1986 से यहां पर देवी मां की प्रतिमा स्थापित की जा रही है। यहां के मुख्य कार्यक्रम आयोजक सरदार जोगिंदर सिंह जानी, शिव शंकर भट्ट शिवा, गणेश वैश्य, राघवेंद्र शुक्ल, व राजीव मोदनवाल हैं। वहीं स्टेशन रोड स्थित सर्वामाई थान पर भी दुर्गा मां की प्रतिमा स्थापित की गई है। यहां पूरे दिन वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मां के जयकारे लग रहे हैं। यहां पर वर्ष 1991 से दुर्गा मां की प्रतिमा रख कर पूजन अर्चन का कार्य होता हो रहा है। यहां कार्यक्रम आयोजक डॉ रतन शुक्ल, राजबहादुर गुप्ता, नवीन वैश्य, नंद कुमार सिंघानिया आदि हैं। इसके अलावा सकरौरा ग्रामीण के छतई पुरवा ब्रह्मचारी बाबा स्थान पर भी इस बार दुर्गा मां की प्रतिमा स्थापित की गई है। जहां पूजन अर्चन का कार्य चल रहा है। यहां आयोजक अशोक ओझा, कृष्ण चंद्र ओझा, पुष्पेंद्र तिवारी, रजत ओझा, महेश तिवारी, नानबाबू तिवारी, अजय पाण्डेय व दिनेश मिश्र आदि हैं। वहीं स्टेशन रोड पर गुरुद्वारा के सामने वैष्णो देवी की गुफा बनाई गई है। जिसमें माता वैष्णो देवी, काल भैरव सहित कई देवी देवताओं की प्रतिमा स्थापित की गई है। सायंकाल में दर्शन के लिए तमाम भक्त जुट रहे हैं। यहां के आयोजक मुन्ना वैश्य, अप्पू मोदनवाल, अरमान पुरवार, गौरव वैश्य आदि हैं।

### 10 अक्टूबर को होगी महाआरती और श्रृंगार

गोंडा-लखनऊ मार्ग पर मौर्य नगर चौराहे पर जय मां दुर्गे शक्ति समिति की ओर दुर्गा मां की प्रतिमा स्थापित की गई है। इस बार यहां शेरावली मां रथ पर सवार है। सन 1985 से यहां पर प्रतिमा रखी जा रही है। यहां 10 अक्टूबर को सायंकाल में महाआरती एवं भव्य श्रृंगार व आरती थाल प्रतियोगिता का आयोजन होगा। 12 अक्टूबर को कुमार जागरण पार्टी द्वारा माता जी का जगराता होगा। आयोजक ज्वाला प्रसाद तिवारी, गिरीश कुमार शुक्ल, संतोष पाण्डेय, आशीष गिरि, विकास शुक्ल, वीके श्रीवास्तव आदि हैं।


स्टेशन रोड स्थित सर्वामाई थान पर स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा।

## जय अंबे गौरी जय, जय श्यामा गौरी...

**गोंडा, अमृत विचारः** शारदीय नवरात्र के पांचवें दिन भक्तों ने स्कंद माता की पूजा किया। शहर से लेकर गांव तक देवी मंदिर व पंडाल में पूजन व स्तुति कर रहे हैं। पंडाल में जय अंबे गौरी, जय श्यामा गौरी, ज्योति मन की जगा ली ,तेरी आरती उतारु भोली मां की धूम मची हुई है। पहाड़ों पर रह कर सांसारिक जीवन में नौ चेतना का निर्माण करने वाली स्कंद माता का श्रद्धालुओं ने घरों व मंदिरों में पूजन किया। मां की

**▶▶ मंदिरों व पंडालों में भक्त कर रहे हैं पूजा अर्चना**

महिमा है कि उनकी कृपा से मूर्ख भी ज्ञानी हो जाता है। स्कंद कुमार कार्तिकेय की माता के कारण इन्हें स्कंदमाता नाम से अवहित किया गया है। इनके विग्रह में भगवान स्कंद बाल रूप में इनके गोद में विराजित हैं। देवी स्कंदमाता की पूजा से बुध ग्रह का दोष कम होता है। श्रद्धालुओं ने मां का पूजन करते हुए मनवांछित फल पाने के लिए व्रत रख रहे हैं। मंदिरों पर सुबह शाम लंबी-लंबे लाइन लग रही है। नवरात्रि को लेकर मंदिरों पर साफ सफाई व सुरक्षा की व्यवस्था की गई है। नगर मे खैरा मंदिर, काली भवानी मंदिर, विंध्यवासिनी मंदिर, सेमरा मंदिर, काली मंदिर, समय थान समेत सभी मंदिरों में पूजार्चन हो रहा है। नवरात्रि पर कीर्तन भजन संध्या कार्यक्रम भी खूब आयोजित किया जा रहे हैं।

## दुर्गुण विनाशिनी शक्ति का नाम दुर्गा

**खरगूपुर, अमृत विचार :** दुर्गुण विनाशिनी शक्ति का नाम दुर्गा है। दुर्गुणों का नाश करने के लिए मां दुर्गा ने अवतार लिया था। ये बातें आचार्य विवेकानंद शारदीय नवरात्र में कथा के दौरान कही।


देवी कथा कहते आचार्य विवेकानंद।

शारदीय नवरात्र पर असिधा गांव में दुर्गा प्रतिमा स्थापित की गई है और देवी भागवत कथा चल रहा है। कथा के पांचवें दिन कथावाचक आचार्य विवेकानन्द ने कहा कि दुर्गुणों का नाश करने के लिए मां दुर्गा ने अवतार लिया था और देव और दैत्यों के संग्राम में महिषासुर का वध किया था। माता दुर्गा सदैव दुर्गुणों से दूर रहने की प्रेरणा देती हैं। हमें निर्मल चित्त से मां की आराधना करनी चाहिए।

कथा के दौरान नरसिंह नारायण पाण्डेय, मदन मोहन पाण्डेय, कृष्ण कुमार तिवारी, सुधीश पाण्डेय, शिव नाथ तिवारी, राजकुमार मिश्र, विवेक, राजू, शेर बहादुर पाण्डेय, शिवकुमार पाण्डेय सहित भारी संख्या में श्रोताओं ने कथा का रसास्वादन किया।

## सार-संक्षेप

### विभीषण शरणागति व सेतुबंध रामेश्वरम की लीला का मंचन


रामलीला का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

**करनैलगंज, गोंडा :** श्री रामलीला महोत्सव के 17वें दिन सोमवार को रामलीला मैदान में विभीषण शरणागति, रामेश्वरम पूजन एवं सेतुबंध निर्माण की लीला का सजीव मंचन किया गया। जिसमें दूरदराज क्षेत्र से आए भारी संख्या में दर्शकों की भीड़ जुटी रही। मंचन में दिखाया गया कि रावण के अपमान से लज्जित विभीषण लंका से चलकर श्रीराम के शरण में आ जाते है। श्रीराम जी समुद्र के जल से विभीषण का अभिषेक करते है तत्पचात समुद्र के तट पर आकर समुद्र से मार्ग देने का आग्रह करते है। समुद्र द्वारा आग्रह न स्वीकार करने पर भगवान राम धनुष पर बाण चढ़ा लेते है। तब समुद्र देवता प्रकट होते है और भयभीत होकर राम से विनय करते है की आप मेरे ऊपर सेतु बनाकर लंका को प्रस्थान करें। भगवान राम का आदेश पाकर समस्त वानर सेना बड़े बड़े शिलाखंडो को लेकर समुद्र में डालने लगे। नल और नील को प्राप्त वरदान के प्रभाव एवं हनुमान जी द्वारा पत्थरो पर राम का नाम लिखने पर पुल बनकर तैयार हो गया। श्रीराम चंद्र एंव लक्ष्मण के द्वारा रामेश्वरम की स्थापन एंव पूजन के पश्चात सारा रामा दल सेतु से लंका की ओर प्रस्थान किया। लीला का लेखन व निर्देशन श्री भगवान साह एवं संचालन पंडित राम चरित्र मिश्र ने किया। इस मौके पर कमेटी के अध्यक्ष मोहित पाण्डेय, महामंत्री कामता नाथ वर्मा, उपाध्यक्ष कन्हैया लाल वर्मा, अरमान पुरवार, अभिषेक पुरवार, अंकित जायसवाल, राजेंद्र वर्मा, श्रीनाथ रस्तोगी आदि मौजूद रहे।

### मां की डांट से घर छोड़कर जा रही छात्रा को परिजनों को सौंपा

**मनकापुर, गोंडा, अमृत विचार :** मां की डांट पड़ने से नाराज नाबालिग छात्रा को घर से भाग कर स्टेशन जाते समय रास्ते में पीआरवी के जवानों ने पकड़ कर पूछताछ के बाद अपने वाहन से ले जाकर छात्रा को परिजनों के हवाले कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सोनबरसा बक्सरा आज्ञाराम निवासी राम मूरत तिवारी के अनुसार उसकी 11 वर्षीय पुत्री सानिया कक्षा सात की छात्रा है। जो बीते कई दिनों से स्कूल नहीं जा रही थी। सोमवार को उसकी मां ने स्कूल जाने के लिए डांटा तो वह स्कूली बैग लेकर स्कूल जाने के लिए घर से निकली थी। डांट से नाराज होकर लुधियाना अपनी बड़ी बहन के यहां जाने के लिए मनकापुर स्टेशन जा रही थी। इस बीच मनकापुर-गोंडा मार्ग पर बंजरिया गांव के पास पीआरवी के जवानों ने उसको रोता हुआ देख कर उससे पूछताछ करने के बाद समझाबुझा कर घर पहुंचा गए हैं। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि पुलिस ने छात्रा को ले जाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया है।

### ब्लॉक संसाधन केंद्र पर विज्ञान प्रतियोगिता 10 को

**रुपईडीह, गोंडा।** राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत ब्लॉक संसाधन केंद्र रुपईडीह पर आगामी दस अक्टूबर को खंड स्तरीय विज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। ब्लॉक के बीईओ मनीष कुमार सिंह ने बताया कि इस प्रतियोगिता में ब्लॉक के विभिन्न विद्यालयों के चयनित कक्षा छह, सात व आठ को मिलाकर तीन छात्र-छात्राओं को प्रतिभाग कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता को संपन्न कराए जाने का दायित्व एआरपी अनुज तिवारी को सौंपा गया है।

## धर्म दर्शन

### शक्ति स्वरूपा महादेवी दुर्गा



'नवरात्रों' या 'नवरात्रियों' में शारदीय नवरात्र का विशेष महत्व है। शारदीय आश्विन (क्वार) शुक्ल प्रतिपदा से नवमी तक मनाया जाता है। इसी प्रकार चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से नवमी तक मनाया जाने वाला दूसरा नवरात्र (नौरात) कहलाता है। शारदीय नवरात्र में तो नवो दिन अत्यंत उत्तम फलदायक हैं। इनमें भी षष्ठी (कात्यायनी का), सप्तमी(कालरात्रि का) अष्टमी (महागौरी का) तथा नवम (सिद्धिदात्री का) का संबंधित देवी का पूजन विशेष फलदायी माना गया है। चैत्र नवरात्र में बहुत से भक्त प्रतिपदा और अष्टमी को ही व्रत, उपवास, विशेष पूजन करते हैं। बंगाल की दुर्गापूजा तो अंतर्राष्ट्रीय महत्व होता है। पुरुषरुप में जिस प्रकार भगवान शिव, श्रीहरिविष्णु, व्रह्मा तथा प्रजापति आदि के रुप में परब्रह्म का ध्यान किया जाता है, उसी प्रकार स्त्री रुप में मां दुर्गा या उनके विभिन्न स्वरुपों की पूजा, उपासना और ध्यान किया जाता है। पुरुषरुप में माया और मायी को कभी एक ही तो कभी भिन्न, स्त्री-पुरूष दोनों रुपों में कल्पना की जाती है। प्रभा मंडल विहीन नटराज तथा कालिय नाग पर नृत्य करती हुई, श्रीकृष्ण मूर्ति में त्रिगुणात्मिका (सत्व, रज, तम) माया और ब्रह्म का प्रतीक परिकल्पित है। ये ही भाव अलग-अलग हर-गौरी, तथा राधा-कृष्ण आदि के रुपों में साकार किए जाते हैं। ललिता सहस्रनाम के सत्रहवें श्लोक में अंकित है,-"पुरूषं वा स्मरेर्द्देवि स्त्रीरुपं वा विचिन्तयेत्।

अथवा निष्कलं ध्यायेत् सच्चिदानन्दलक्षणम्।।"

अर्थात (परब्रह्म का) पुरुषरुप अथवा स्त्री रुप में ध्यान करे, या निराकार सत्-चित्त-आनन्द मात्र का ही ध्यान करे।) शक्ति मात्र होने के कारण ब्रह्म का कोई निश्चित रुप नहीं है। इसीलिए उसकी कोई लिंग या जाति भी नहीं है। रुप तो निमित्त पर आश्रित है। इस संदर्भ में विद्युत (बिजली) का उदाहरण उपयुक्त प्रतीत होता है।


डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

हम इसके स्वरूप की निश्चित पहचान आज भी नहीं कर पाए हैं, किंतु निमित्त भेद से यह प्रकाश देती है, गर्मी देती है, ठंड प्रदान करती है, छोटे से लेकर अतिविशालकाय से लेकर छोटे यंत्रों का संचालन करती है। ब्रह्म के विषय में भी कुछ मनीषियों की धारणा कुछ ऐसी ही है। पिता का स्नेह एवं संरक्षण तथा माता का अगाध दुलार, प्यार और लालन-पालन के इच्छुक माता तथा पिता दोनों ही रुपों में ब्रह्म की उपासना कर सकते हैं।'ललिता सहस्रनाम'में ही अंयत्र कथित है:-"न त्वमब पुरुषो न चाड्गना चित्तस्वरुपिणी षंडतापि त्वं।/ नापि भर्तुरपि ते त्रिलिंगता त्वां बिना न तदपि स्फुरेवयम्।।" "हे अमब तुम न तो पुरुष हो, न स्त्री हो और न नपुंसक। तू तो केवल चित्त मात्र है। तुम्हारे पति में भी तीनों लिंग नहीं हैं। तुम्हारे बिना उनमें स्फुरण नहीं होता है।" नमामि भवभीतो हम संसारार्णवतारिणीम।।॥१९॥" "(दुर्गा) देवी मंत्रों की माता और शब्दों का ग्यान हैं। ग्यान में भी चेतना से आगे और शून्यों मैं भी शून्य की साक्षिणी हैं। जिनसे बढ़कर कोई भी नहीं है, उनका ही अभिधान (नाम) दुर्गा है।

### स्त्री जीवन के नौ रूप हैं नवरात्र

क्या खूब कहा है किसी ने कि हर स्त्री के जीवन के नौ रूप है जिनका प्रतीक माता के नवरात्र है और जब एक स्त्री इन नौ रूपों में अपना जीवन व्यतीत करती है तो वह देवी तुल्य मानी जाती है।


ममता सोनी
राष्ट्रीय अध्यक्ष, कला भारती फाउंडेशन नई दिल्ली

सबसे पहले स्त्री एक पुत्री के रूप में जन्म लेती है इसलिए पहले रोग मां दुर्गा का शैलपुत्री के रूप में आता है। स्त्री जीवन का दूसरा पड़ाव ब्रह्मचर्य व्रत का पालन करते हुए कुछ सीखने का है। इसलिए उसे ब्रह्मचारिणी रूप में दिखाया जाता है जिसके हाथ में ना तो कोई शस्त्र है और न ही शेर की सवारी। स्त्री के जीवन का तीसरा पड़ाव उसका विवाह है इसलिए गौरी के तीसरे रूप को चंद्रघंटा के रूप में दिखाया जाता है जहां वह पति के माथे के चांद को अपने माथे पर धारण करती है। इसके बाद जय माता बनने के लिए तैयार होती है इसलिए इस रूप को कुष्मांडा कहा गया है कूष का मतलब कॉस्मिक और अंडा संतान की उत्पत्ति का प्रतीक है। तत्पश्चात एक स्त्री मां बनती है इसलिए मां गौरी का अगला रूप स्कंदमाता है। फिर शुरू होती है उसकी आंतरिक यात्रा और वह अपने बाहरी एवं भीतरी संघर्षों से लड़ती है तभी गोरी के रूप को कात्यायनी कहा गया है अर्थात महिषासुर को मारने वाली यह महिषासुर एक स्त्री के भीतर एवं बाहरी संघर्षों का प्रतीक है। और जब वह इन सब संघर्षों पर विजय पा लेती है और सामाजिक बंधनों को तोड़ देती है तो वह कालरात्रि बन जाती है। ऐसा करके जब वह अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा बनती है तो एक महान स्त्री होती है इसलिए गौरी के इस रूप को महागौरी कहा गया है। दूसरों को प्रेरणा के साथ-साथ जब वह समाज एवं अन्य स्त्रियों के उत्थान का कार्य करती है और अपने को सिद्ध कर देती है तो वह सिद्धिदात्री कहलाती है। यही है एक नारी के जीवन के रूप।

## वर्ग पहेली-215

**बाएं से दाएं**

3.1.एक तरह की कस्तूरी 2.एक तरह का तरल गंध द्रव्य जो गंधमार्जार या मुश्कबिलाव के अंडकोश से निकलता है।

5.1.जिसका अपमान हुआ हो, बेइज़्ज़त, तिरस्कृत 2.तुच्छ, नीच, अधम 3.जिसकी बेकद्री की गई हो।

7.ऐसा स्थान जहां कोई परिवार कई पीढ़ियों से रहता चला आ रहा हो, डीह।

8.1.अंतिम, आख़िरी, चरम 2.निर्णायक


**ऊपर से नीचे**

1.1.ज़मीन, भूमि 2.देश, मुल्क 3.पृथ्वी, धरा 4.पेशबंदी 5.गज़ल की रदीफ़।

2.दोनों हथेलियों को ऊपर की ओर जोड़ने से बनने वाला गड्ढा जिसमें पानी या कोई वस्तु भरकर दी जाती है, करसंपुट, चुल्लू; ओक, अंजुरी, अंजलि।

4.वह स्थान जहां बच्चों के अनुसार खेलने-सीखने की चीज़ें रखी जाती हैं, बच्चों के लिए बना सार्वजनिक स्थल, बालभवन, बच्चों का उपवन, आंगनवाड़ी।

6.1.बारूद या गंधक भरकर बनाए गए खिलौने



### वर्ग पहेली -214 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 द | ■ | ■ | 2 शु | 3 चि | ता |
| या | ■ | ■ | ■ | ड़ि | ■ |
| र | ■ | ■ | 4 द | हा | ना |
| ■ | 5 ए | का | हा | र | ■ |
| ■ | का | ■ | ड़ | ■ | 6 झाँ |
| ■ | धि | ■ | ■ | ■ | ई |
| ■ | 7 क | चा | यँ | ध | ■ |

### सुडोकू -128

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | 6 | 5 | | 9 | | |
| 7 | 3 | | 4 | | | | 6 | |
| | | 6 | | | 1 | 5 | | 3 |
| | | 8 | | | 9 | | 3 | |
| | 2 | | | | | | 1 | |
| | 4 | | 7 | | | 6 | | |
| 9 | | 3 | 1 | | | 2 | | |
| | 5 | | | | 6 | | 7 | 4 |
| | | 7 | | 2 | 5 | | 8 | |

### सुडोकू - 127 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 8 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 6 |
| 1 | 3 | 7 | 6 | 9 | 8 | 2 | 4 | 5 |
| 6 | 4 | 2 | 5 | 1 | 7 | 8 | 3 | 9 |
| 7 | 6 | 1 | 9 | 8 | 3 | 4 | 5 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 |
| 9 | 5 | 3 | 2 | 4 | 1 | 6 | 8 | 7 |
| 4 | 7 | 6 | 1 | 3 | 9 | 5 | 2 | 8 |
| 2 | 1 | 8 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 | 3 |
| 3 | 9 | 5 | 8 | 6 | 2 | 7 | 1 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति :8 अक्टूबर मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-पंचमी 11.17 तक तत्पश्चात पष्ठी।

**मेष:** आज कार्यक्षेत्र में आपको नई-नई उलझनों का सामना करना पड़ सकता है। सरकारी कार्य रुक सकते हैं। समाज में आपको परेशानी उठानी पड़ेगी। मेहनत का पूरा फल नहीं मिलेगा। आपको ईर्ष्यालु व्यवहार से आपको बचना चाहिए।

**वृष:** आज आपकी दबी हुई प्रतिभा लोगों के सामने निखर कर आयेगी। आपको व्यवसाय में बड़ा लाभ मिल सकता है। परिवार के साथ आपके शॉपिंग के लिए जा सकते हैं। घर में रिश्तेदारों का आना-जाना लगा रहेगा। शेयर मार्केट में बहुत बड़ा निवेश करने से पहले सावधानी रखनी चाहिए।

**मिथुन:** आज जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बितायेंगे। निम्न रक्तचाप के रोगियों को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए। दूसरों के मन की बातें आप समझ लेंगे। किसी विशेष मुद्दे को लेकर मित्रों से झगड़ा हो सकता है। बदलते मौसम को लेकर अपना बचाव करें।

**कर्क:** आज आप अपने लक्ष्य को लेकर थोड़े कन्फ्यूज़ हो सकते हैं। बच्चों की पढ़ाई को लेकर आप थोड़े चिन्तित रहेंगे। नौकरीपेशा लोगों को जॉब के नए ऑफर मिलने के योग बन रहे हैं। आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी।

**सिंह:** आज व्यापार में कर्ज न लें वरना चुकाने में थोड़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। माता के स्वास्थ्य की चिन्ता रहेगी। अपने खर्चों पर नियंत्रण रखें। आज अत्यधिक काम के कारण आपको थकान हो सकती है। फेफड़ों में संक्रमण की समस्या हो सकती है।

**कन्या:** आज अधिकारियों के साथ आपके संबंध मधुर रहने वाले हैं। प्रेम संबंधों में नजदीकी बढ़ेगी। इन्टरव्यू आदि में सफलता मिलने की संभावना प्रबल है। कार्यक्षेत्र में आज आपको बहुत मेहनत करनी पड़ेगी। समाज में आपका सम्मान बढ़ेगा।

**तुला:** आज कार्यक्षेत्र में उच्च पद प्राप्त होगा। आपको आलस्य से बचना चाहिए। सामाजिक कार्यों में आप रुचि लेंगे। अपनी उपलब्धियों पर गर्व करेंगे। आपको सबके साथ अच्छा व्यवहार करना चाहिए। संतान के भविष्य की चिंता हो सकती है।

**वृश्चिक:** आज आप हर कार्य आत्मविश्वास के साथ करेंगे। प्राइवेट जॉब कर रहे लोगों का प्रमोशन हो सकता है। समाज में आपकी छवि काफी मजबूत होगी। आयात-निर्यात के व्यवसाय से आपको लाभ मिलेगा। जीवनसाथी की सलाह आपको काफी काम आने वाली है।


**धनु:** आज माइग्रेन के रोगियों को आज धूल और धूप से बचना चाहिए। योग और अध्यात्म के प्रति आपकी रुचि बढ़ेगी। आपको पुराने संपर्कों के कारण परेशानी उठानी पड़ सकती है। किसी की भी गारण्टी आपको नहीं लेनी चाहिए।

**मकर:** आज का दिन आपके लिए विशेष रूप से शुभ है। प्रेमी जन को आप काफी समय देंगे। परिवार की समस्याओं का समाधान होगा। व्यापार में नई योजना बना सकते हैं। विवादित मामलों का निपटारा होगा। विदेश से शिक्षा और नौकरी के अवसर मिल सकते हैं।

**कुंभ:** आज शोधकार्यों से जुड़े लोगों को बड़ी सफलता मिल सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें। जीवनसाथी के साथ मूवी देखने जा सकते हैं। अनजान व्यक्तियों पर ज्यादा विश्वास न करें। आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। नए कार्यों की शुरुआत कर सकते हैं।

**मीन:** आज परिजनों से आप विशेष महत्व की अपेक्षा रखेंगे। लेकिन दूसरों की भावनाओं को भी समझें। अधिकारियों का व्यवहार आपको दु:ख पहुंचा सकता है। धर्म-चिंतन और अनुष्ठानों में आपकी रुचि हो सकती है। नए कार्यों को लेकर आत्मविश्वास की कमी महसूस हो सकती है।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**-उत्तर। **ऋतु**-शरद।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुम्भ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-ज्येष्ठा 9 अक्टूबर 04.08 तक तत्पश्चात मूल।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
इंसानियत — सुबह : 09.00
आग ही आग — शाम : 06.00

**SONY PIX**
जर्नी 2 — सुबह :09.56
वेनम — शाम : 05.33

**&pictures**
परमाणु — सुबह :08.14
विवाह — रात : 07.30

**ZEE CINEMA**
सिर्फ तुम — सुबह : 07.35
सिंघम — रात : 07.30

**ZEE ACTION**
किस्मत — सुबह : 10.38
एनकाउंटर सरकार — शाम : 04.45

### आज की सुपरहिट फिल्म



एंड पिक्चर्स पर रात :07.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

सोनू ने अपनी पत्नी सोनी से पूछा :नवरात्रि का व्रत रखा है क्या?
पत्नी : हां जी!
सोने : फिर कुछ खाया की नहीं?
पत्नी :जी पर कुछ खास नहीं...
सोने :फिर भी क्या खाया, बताओ तो?
सोनी सुबह सुबह चाय ली थी, फिर अनार, आलू टिक्की, साबूदाने की खीर बस।

रमन यार चमन, जिस तरह इस बार नवरात्रि में बारिश हो रही है,
मुझे तो समझ नहीं आ रहा है कि,
इस बार दशहरे पर रावण जलेगा कैसे?
चमन-अरे यार, इस बार रावण जलकर नहीं डूबकर मरेगा... समझें।
हा...हा...हा...

## एक नजर

### विक्षिप्त युवती ने फंदा लगाकर दी जान

**परसपुर, गोंडा।** मानसिक रूप से विक्षिप्त युवती ने सोमवार को घर के अन्दर फन्दा लगाकर जान दे दिया। सूचना पर पुलिस पे शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना क्षेत्र के ग्राम रूदौली निवासी संतराम उर्फ गुड्डु ने सोमवार को पुलिस को सूचना देते हुए कहा कि उसकी पुत्री लक्ष्मी उम्र 16 वर्ष सोमवार को घर के अन्दर मानसिक बीमारी के कारण फांसी लगा कर जान दे दिया है। इस सम्बध में थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि सूचना पर शव को पोस्टमार्टम के लिए लिए भेजा गया है।

### हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**खरगूपुर :** अज्ञात कार की चपेट में आकर युवक घायल हो गया। घटना सोमवार सुबह महाराजगंज आर्य नगर मार्ग की है। ग्राम पंचायत भटपी के तुर्क पुरवा निवासी विजय शंकर मिश्र (35) सुबह रोड पार कर रहे थे। इसी बीच बलरामपुर से आर्य नगर की ओर जा रही एक अज्ञात कार ने टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद चालक कार सहित फरार हो गया। घर वालों ने घायल व्यक्ति को जिले के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक कमलाकांत त्रिपाठी ने बताया कि जानकारी मिलने पर पुलिस को मौके पर भेजा गया है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### नलकूप की नाली का निर्माण कराने की मांग

**रुपईडीह, गोंडा।** ब्लॉक की ग्राम पंचायत कौड़िया में स्थापित राजकीय नलकूप की नाली क्षतिग्रस्त हो गई है। इससे किसानों को फसल सिंचाई के लिए दिक्कतें उठानी पड़ रही है। ग्राम प्रधान रिंकू मिश्र ने नलकूप विभाग के अधिशासी अभियंता से मिलकर नाली का निर्माण करवाए जाने की मांग की है।

### एनसीसी कैडेटों को दिया आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण

**नवाबगंज :** नंदिनी नगर महाविद्यालय में 48 वीं वाहिनी एनसीसी यूपी की ओर से चल रही दस दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में आठवें दिन सोमवार को आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया गया। इस मौके पर गोंडा से आई राज्य आपदा मोचन बल की टीम ने कैडेटों को आपदा राहत से संबंधित विभिन्न तरीकों और उपचार और उपकरणों बारे में जानकारी दी। टीम ने कैडेटों को बाढ़, भूकंप तथा अग्निकांड जैसी आपदाओं से खुद के बढ़ने तथा दूसरों को बचाने का तरीका बताया। कमान अधिकारी कर्नल सुनील कपूर ने कहा कि कैडेटों को आपदा प्रबंधन में प्रशिक्षित होना चाहिए। इस मौके पर आपदा मोचन बल के टीम प्रमुख उपनिरीक्षक हर्षित वर्मा, लेफ्टिनेंट कर्नल रणयोध्द सिंह सहित एनसीसी कैडेट्स मौजूद रहे।

### दूसरे की जमीन का कराया बैनामा, मुकदमा दर्ज

**खरगूपुर :** मामला गौनरिया गांव का है। यहां के रहने वाले धर्मेंद्र कुमार ने पुलिस अधीक्षक को दिए गए शिकायत पत्र में आरोप लगाया है कि उनकी जमीन पर इसी गांव के रहने वाले जगदीश प्रसाद ने फर्जी तरीके से दस्तावेज बनवाकर बैनामा करा लिया। शिकायत पत्र में उन्होंने यह भी कहा है कि 23 दिसंबर 2023 को कराए गए कथित बैनामा में न तो उनके हस्ताक्षर हैं और न ही गवाह का नाम और पता है न ही हस्ताक्षर ही हैं। पीड़ित धर्मेंद्र कुमार का यह भी आरोप है कि स्थानीय पुलिस से शिकायत किए जाने के बावजूद आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई नहीं हुई। प्रभारी निरीक्षक कमला कांत त्रिपाठी ने बताया कि धोखाधड़ी का आरोपी जगदीश प्रसाद के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर विवेचना की जा रही है।



जिला अस्पताल से लखनऊ रेफर किए घायल व्यक्ति को एंबुलेंस पर ले जाते स्वास्थ्य कर्मी।



जिस कमरे में हुई घटना, उसकी जांच करती फोरेंसिक टीम।



घटना के बाद मौके पर पहुंच कर जानकारी लेते विधायक प्रेम नरायन पांडेय।


# घटनास्थल पर मांस के लोथड़े बता रहे थे भयावह विस्फोट की कहानी

## मौके से 20 मीटर दूर तक फैले थे मांस के टुकड़े, किसी का पैर तो किसी को कमर का हिस्सा विस्फोट में उड़ा

**गोंडा/बेलसर, उमानाथ तिवारी**

**अमृत विचारः** सोमवार को बेलसर डीहा गांव में बिखरे मांस के लोथड़े यहां हुए पटाखा विस्फोट की भयावहता की कहानी कह रहे थे। हादसे के बाद मांस के टुकड़े दूर दूर तक छिटके पड़े थे। विस्फोट में किसी का पैर उड़ गया था तो किसी के कमर का हिस्सा गायब था।

पटाखा फैक्ट्री चला रहा इशहाक तो मकान की बाउंड्री से करीब 20 मीटर दूर जा गिरा। जिसने भी इस दृष्य को देखा उसकी रूह कांप गयी। मकान के भीतरी हिस्से में पांच लोग झुलसे पड़े थे। चेहरा और शरीर इस कदर झुलस गया था कि उनकी पहचान मुश्किल हो रही थी। विस्फोट से मकान की बाउंड्रीवाल का एक हिस्सा गिर गया जबकि उसकी दीवारें भी क्षतिग्रस्त हो गयीं। इस विस्फोट ने ग्रामीणों को भूकंप का एहसास करा दिया। ग्रामीणों ने बताया कि विस्फोट इतना भीषण था कि उनके मकान हिल उठे। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी को एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया जहां दो लोगों की मौत हो गयी, जबकि तीन लोगों को लखनऊ मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। तीनों की हालत नाजुक बताई जा रही है।



घटनास्थल की जांच करते पुलिस कर्मी। अमृत विचार

नगर पंचायत बेलसर के वार्ड नंबर एक बेलसर उत्तरी में फारुख का एक पुराना मकान है। फारूख गैर प्रांत में रहता है। उसने अपना मकान इशहाक उर्फ नक्कू मनिहार को किराए पर दे रखा है। इशहाक इसी मकान में अवैध रूप से पटाखा फैक्ट्री चला रहा था। वह पटाखे की पैकिंग के लिए आसपास के रहने वाले लोगों को बुला लेता था। सोमवार को भी उसकी फैक्ट्री में पटाखा बनाने के साथ साथ पैकिंग का काम चल रहा था। फैक्ट्री में इशहाक (40) के साथ आकाश उर्फ छोटू (15), कृष्ण कुमार (27), अय्यूब उर्फ लल्लू (20) अयास उर्फ तूफान (12) भी काम कर रहे थे। दोपहर 12 बजे अचानक फैक्ट्री में विस्फोट हो गया। विस्फोट इतना तेज था कि काम कर रहे सभी लोग उछलकर दूर जा गिरे। गांव वालों ने विस्फोट की आवाज सुनी तो इशहाक के मकान की तरफ दौड़े। देखा तो सभी जमीन पर पड़े तड़प रहे थे। मांस के लोथड़े इधर उधर बिखरे पड़े थे। यह देखकर सभी कांप उठे। इसी दौरान घायलों के परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए और फिर चीख पुकार मच गयी। सभी को सीएचसी बेलसर ले जाया गया वहां डॉक्टरों ने स्थिति गंभीर देख सभी को गोंडा रेफर कर दिया।

जिला अस्पताल पहुंचने से पहले ही आकाश उर्फ छोटू व अय्यूब उर्फ लल्लू की मौत हो गयी। तीन लोगों को लखनऊ रेफर किया गया है। सीएमओ डॉ. रश्मि वर्मा ने बताया कि सभी घायल 50 से 80 प्रतिशत तक झुलस चुके हैं। हालत नाजुक है। घटना की सूचना पर एसपी विनीत जायसवाल, एडीएम तरबगंज विशाल कुमार, सीओ तरबगंज विनय कुमार सिंह ,फोरेंसिक व डॉग स्क्वाड टीम मौके पर पहुंची। तरबगंज विधायक प्रेम नारायण पांडेय ने भी मौके पर पहुंचकर शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी। सपा नेता राम भजन चौबे ने भी सीएचसी पर पहुंचकर घायलों का हाल जाना।

### कई वर्षो से चल रही थी पटाखा फैक्ट्री

बेलसर डीहा गांव बेलसर कस्बे से सटा हुआ है। गांव में मुस्लिम समुदाय के चार पांच परिवार ही रहते हैं। इन्ही में फारूख और इशहाक का परिवार भी है। फारुख गैर प्रांत में रहता है। उसका मकान इशहाक ने किराए पर ले रखा है। इसी मकान में पटाखा फैक्ट्री चल रही थी। इशहाक मकान के अगले हिस्से में ताला लगाकर रखता था जिससे बाहर से देखने पर मकान बंद दिखाई देता था। मकान के पिछले हिस्से में लगे दरवाजे से आना जाना होता था। पिछले हिस्से में ही पटाखा बनाने और उसे पैक करने का काम किया जाता था। यहीं से इसकी सप्लाई भी होती थी। गांव वालों के मुताबिक वर्षों से अवैध पटाखा बनाने का कारोबार फलफूल रहा था। गांव वालों का कहना है कि ऐसा नहीं है कि पुलिस को इसकी जानकारी नहीं थी, लेकिन वह जान कर भी इससे अंजान बनी रही। नतीजा सोमवार को भयानक विस्फोट के रूप में सामने आया।

### मंदिर से लौटकर इशहाक के घर गया था कृष्णा

विस्फोट में घायल कृष्ण कुमार की बहन मोनी ने बताया कि भाई कृष्ण कुमार सुबह उसे लेकर मंदिर गया था। करीब दस बजे वापस लौटा तो उसे घर छोड़ने के बाद इशहाक के घर चला गया। थोड़ी देर बाद जोरदार आवाज आई। पिता राम छबीले ने मोनी को जाकर देखने को कहा। जब मोनी इशहाक के घर पहुंची तो कृष्ण कुमार के साथ करीब पांच लोग गंभीर रूप से घायल पड़े थे। मोनी ने बताया कि सभी का चेहरा झुलस गया था। पहचान में नहीं आ रहा था। कपड़े के आधार पर भाई को पहचान किया।

### दिल्ली में रहता था अयूब, मौत खींच लाई गांव

पटाखा विस्फोट में जान गंवाने वाला अय्यूब उर्फ लल्लू दिल्ली में रहता था। वह एक सप्ताह पहले ही गांव आया था। सोमवार को वह इशहाक के घर कैसे पहुंच गया इसकी जानकारी परिवार वालों को नहीं थी।

मां साबिया ने बताया कि उसने जब विस्फोट की आवाज सुनी तो भागकर इशहाक को घर पहुंची। देखा तो बेटा अय्यूब जमीन पर पड़ा तड़प रहा था। लोग उसे अस्पताल ले गए लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गयी। बेटे की मौत की खबर ने मां साबिया को बेदम कर दिया। गांव के लोगों का कहना था कि अय्यूब की मौत ही उसे गांव खींच लाई थी।

### एमडीबी कॉलेज में 9वीं का छात्र था आकाश

विस्फोट में जान गंवाने वाले आकाश उर्फ छोटू के माता पिता की पहले ही मौत हो चुकी थी। वह भाई सत्रोहन व भाभी रेनू के साथ रहता था। बड़े भाई शत्रुहन कस्बे में कपड़ा प्रेस की दुकान करते है। जबति आकाश अभी पढाई कर रहा था। वह बेलसर के एमडीबी इंटर कालेज में कक्षा 9 का छात्र था। भाभी रेनू देवी ने बताया कि छोटू सोमवार को स्कूल नहीं गया था। इशहाक उससे चोरी छिपे कोई काम कराता था लेकिन वह क्या काम करने जाता था इसकी जानकारी नहीं थी। सोमवार को भी छोटू इशहाक के घर गया था। दोपहर में जब विस्फोट हुआ तो वह दौड़कर मौके पर पहुंची। देखा तो छोटू गंभीर हालत में पड़ा था।

# बच्चों को निपुण बनाएं शिक्षक : बीईओ



निपुण अभियान के तहत गतिविधि कराते प्रशिक्षक। अमृत विचार

**बेलसर, अमृत विचारः** निपुण भारत मिशन के अंतर्गत सोमवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र बेलसर मे बुनियादी भाषा एवं गणित आधारित प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षकों ने बच्चों को निपुण बनाने के तरीके बताये।

बेलसर ब्लॉक के प्राथमिक व कंपोजिट विद्यालयों के प्राथमिक स्तर के बच्चों के लिए एनसीईआरटी की नई पाठ्य पुस्तक पर आधारित प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सोमवार को प्रशिक्षक पुष्कर तिवारी व अनिल मिश्रा ने हिंदी भाषा की पुस्तक सारंगी को पढ़ाने, बच्चों से अभ्यास कराने और पाठ आधारित गतिविधि करने के विधि बताई। उसके बाद प्रशिक्षक राघवेन्द्र सिंह व श्याम नारायन पांडेय ने गणित विषय के तहत सम विषम संख्या से जुड़ी गतिविधि कराई। कहा कि बच्चों को गतिविधि के माध्यम से आसानी से समझाया जा सकता है। प्रशिक्षकों ने शिक्षक संदर्शिका के अनुसार शिक्षण कार्य करने, समय-समय पर बच्चों का आकलन करने व कमजोर बच्चों को उपचारात्मक शिक्षण देने के तरीके बताए। बीईओ राम खेलावन सिंह ने कहा कि इस प्रशिक्षण में मैं करू, हम मिलकर करे और तुम स्वयं करो की सीखने की प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से सभी बच्चों को बुनियादी भाषा तथा गणित में निपुण करना है। अब तक 10 बैच को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। प्रत्येक बैग में 50 प्रतिभागी शामिल होते है। प्रशिक्षण में पवन कुमार सिंह, प्राची सिंह, छविरानी, दीपमाला जिंदल, विनय, अर्पिता समेत दर्जनों शिक्षक उपस्थित रहे।

# विद्युत विभाग के कर्मियों ने काट डाले हरे भरे पेड़

**नवाबगंज :** नवाबगंज में बिजली सप्लाई के तारों में छू रही हरे पेड़ों की टहनियों के कारण आये दिन बिजली की आपूर्ति बाधित हो जाती है। खासकर बारिश और तेज हवाओं में ये टहनियां और इनसे होने वाले फाल्ट बिजली विभाग की आपूर्ति व्यवस्था के लिए पनौती बनती रही है। विभागीय शिथिलता के चलते यह काम समय पर नहीं हुआ और जब लाइन फाल्ट के चलते दस दिन पूर्व 4 दिनों तक बिजली आपूर्ति ठप होने के चलते हाहाकार मचा तो बरसात के पहले किया जाने वाला काम अब सम्पन्न हुआ। लौवावीरपुर स्थित 132 केवी विद्युत स्टेशन से महंगूपुर मोड़ तक टहनियों की सफाई का अभियान चलाया गया, किन्तु टहनी के साथ-साथ विद्युत कर्मियों ने हरे पेड़ों पर भी आरा चला दिया। सफाई के नाम पर विद्युत कर्मियों ने दर्जनों पेड़ों को बीच से ही काट दिया। इन कटे पेड़ों में शीशम, जामुन, अर्जुन, विलायती आदि शामिल हैं। इसकी शिकायत जब ग्रामीणों ने वन विभाग को की तो पता चला कि वन विभाग इस बात से अनजान था। लापरवाह और मगरूर बिजली कर्मियों ने सफाई के नाम पर टहनी की जगह पेड़ तो काट दिए लेकिन तारों पर लटकी लताएं अब भी साफ नहीं की। इस संबंध में एसडीओ लोकेश ने कहा कि पेड़ काटने की बात की जानकारी नहीं है। मामले की जांच कराई जाएगी। वहीं वन क्षेत्राधिकारी अभिषेक सिंह ने कहा कि वन विभाग की टीम भेजकर जांच कराई जा रही है।

# बीडीओ, एडीओ व ग्राम प्रधान पर भ्रष्टाचार का मुकदमा

**संवाददाता, परसपुर, गोंडा**

▶▶ जलाशय में पानी भराने के नाम पर हजारों रुपये के सरकारी धन का किया गया था बंदरबांट

**अमृत विचारः** तत्कालीन ग्राम प्रधान एवं सचिव द्वारा ग्राम पंचायत के खाते से फर्जी बिल वाउचर लगा कर पैसा निकाले के मामले में तथा खण्ड विकास अधिकारी द्वारा जांच-पड़ताल में भ्रामक सूचना देने तथा हेरफेर करने में पांच साल बाद न्यायालय के आदेश पर भ्रष्टाचार का मुकदमा दर्ज किया गया है।

परसपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सेमरी खुर्द निवासी पवन पाण्डेय ने वर्ष 2019 में आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी को शिकायती पत्र देते कहा था कि उनके द्वारा गांव में स्थित गोसाईं बाबा तालाब में मई जून के महीने में पशु पक्षियों के लिए अपने इंजन से प्रतिवर्ष निस्वार्थ भाव से जल भराई कराया जाता था।

वर्ष 2019 में उन्हें पता चला कि तत्कालीन ग्राम प्रधान राकेश पाण्डेय, सचिव परमात्मा दीन वर्तमान में एडीओ पंचायत इटियाथोक उक्त तलाब भरायी का बिल बाउचर लगा कर 21,900 रुपये सरकारी खाते से निकाल लिए हैं। शिकायत की जांच कराने पर भ्रष्टाचार का खुलासा होने पर तत्कालीन खण्ड विकास अधिकारी राशिद खान ने जांच रिपोर्ट में हेर फेर कर कार्यवाही से ग्राम प्रधान तथा सचिव को बचा लिया और उच्च अधिकारियों को गुमराह किया था। जिसकी शिकायत पर शिकायत चलती रही।




पांच साल की लम्बी लड़ाई के बाद न्यायिक मजिस्ट्रेट नेहा रूंगटा ने मुकदमा पंजीकृत करने का आदेश दिया। इस सम्बध में थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि उपरोक्त लोगों पर न्यायालय के आदेश से मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की गयी है।

## सार-संक्षेप

### बाल विवाह में चुनौतियां थीम पर कार्यक्रम आयोजित

**गोंडा, अमृत विचार :** मिशन शक्ति 5 .0 के तहत सोमवार के लिए निर्धारित थीम जनपद स्तर पर रोके गये बाल विवाहों में शामिल बालिकाओं के सम्मान में विशेष समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद में रोके गये दो बाल विवाहों की बालिकाओं को उनके अभिभावक के साथ आमंत्रित किया गया। जिला प्रोबेशन अधिकारी संतोष कुमार सोनी ने दोनों बालिकाओं से बाल विवाह रोके जाने में उनके सामने आई चुनौतियों पर चर्चा की गयी। डीपीओ ने संबोधित करते हुए कहा कि बाल विवाह का मतलब है, किसी बच्चे का कानूनी या अनौपचारिक विवाह, जब उसकी उम्र 18 साल से कम हो। भारत में 18 साल से कम उम्र की लड़की और 21 साल से कम उम्र के लड़के का विवाह करना बाल विवाह की श्रेणी में आता है। यह कानूनी अपराध है। उन्होंने आमजन से अपील किया कि वह अपने बच्चों का बाल विवाह न करें, बल्कि सरकार द्वारा निश्चित आयु के उपरान्त विवाह करें, इससे बच्चों के मानसिक व शारीरिक विकास में अवरोध उत्पन्न न हो। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने दोनों बालिकाओं को सम्मानित करते हुए योजना से जोड़ने के लिए सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। इस दौरान संरक्षण अधिकारी चन्द्रमोहन वर्मा, परियोजना समन्वयक आशीष मिश्रा, केन्द्र प्रशासक चेतना सिंह, रिचा तिवारी, सुपरवाइजर माखनलाल तिवारी, एक्शन एड से विजय शुक्ला व वली मोहम्मद आदि मौजूद रहे।

### कीचड़ और जलभराव के बीच से होकर स्कूल जा रहे बच्चे



सरयू नहर खंड प्रथम की तरबगंज करनैलगंज शाखा पर मंगूरा के पास जलभराव।

**बेलसर, गोंडा :** जान जोखिम में डालकर हजारों बच्चे स्कूल आते जाते हैं। नहर की पटरी पर सड़क निर्माण के लिए विधायक ने एक साल पहले पत्र लिखा था। लेकिन उस पर कोई सुनवाई नहीं हुई। सरयू नहर खंड प्रथम के तरबगंज कर्नलगंज शाखा की पटरी सात सौ पचास मीटर कच्ची है। हल्की सी बरसात होने पर पटरी पर जलभराव व कीचड़ हो जाने से आवागमन बाधित हो जाता है। स्कूली बच्चे पैदल व साइकिल से नहर के पटरी के किनारे से जाते है। जरा सी चूक होने पर नहर में गिरने का खतरा बना रहता है। कई बार छात्र नहर में गिरकर चोटिल भी हो चुके हैं। जिन्हें स्थानीय नागरिकों ने यदि निकला न होता तो शायद डूबकर मौत भी हो जाती। भाजपा विधायक कर्नलगंज ने 13 जून 2023 को मंडलीय अभियंता लोक निर्माण को नहर की पटरी पर सड़क निर्माण के लिए पत्र लिखा था। लेकिन तेरह महीने बाद नहीं शुरू हो सका निर्माण कार्य। नहर की पटरी पर सड़क निर्माण के लिए क्षेत्रीय लोगों ने जिला पंचायत अध्यक्ष से मिलकर सड़क निर्माण की मांग की थी। उन्होंने आश्वासन दिया था लेकिन वह आश्वासन भी कोरा साबित हो रहा है। नहर विभाग ने भी पटरी को ठीक करने के लिए विभाग से अनुमति प्राप्त किया। अवर अभियंता बब्बू आजाद ने बताया कि विभाग से मनरेगा से कार्य कराने की अनुमति मिली है। लेकिन कार्य कराने के बजाय विभाग की मिलीभगत से रोटावेटर से पटरी की जुताई कर मामला रफा दफा कर दिया गया।

### वर्षों से पैर जमाए बिजली विभाग का टीजी टू कर्मचारी

**करनैलगंज, गोंडा :** मामला करनैलगंज विद्युत वितरण खण्ड तृतीय कार्यालय से संबन्धित है। यहां टीजी टू के पद पर अमित यादव जो कि स्थानीय तहसील के ही निवासी है। बताया जा रहा है कि डिवीजन बनने के समय से ही इनकी तैनाती यहां है। इससे पूर्व ये कार्यदायी संस्था के मुंशी रह चुके हैं। इस प्रकार इनकी तैनाती हुए यहां करीब 8 वर्ष बीत रहे हैं। आरोप है कि ये इस पद पर रहते हुए कुछ लोगों को अनैतिक लाभ पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। यही नहीं इनके यहां से न हटने का कारण अधिकारियों की कृपा व राजनैतिक संरक्षण बताया जा रहा है। जबकि चेयरमैन पावर कार्पोरेशन आशीष गोयल ने स्पष्ट आदेश दिया जा चुका है कि पांच वर्ष से अधिक एक ही स्थान पर जमे टीजी टू कर्मियों को तत्काल प्रभाव से हटा दिया जाए। साथ ही ऐसे सभी टीजी टू कर्मियों की लिस्ट उन्हें उपलब्ध करवाई जाय। जब इस विषय में मुख्य अभियंता दीपक अग्रवाल से बात की गई तो उनका कहना था कि ऐसे किसी भी आदेश की कापी उन्हें अभी प्राप्त नहीं हुई है। पत्र मिलते ही जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

**आयोजन** — रानी बाजार में आयोजित हो रही रामलीला

# फुलवारी लीला का मंचन देख पुलकित हुए श्रद्धालु

**कार्यालय संवाददाता, गोंडा**

**अमृत विचारः** रानी बाजार मे श्री राम लीला कमेटी के तत्वावधान मे रामलीला महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। रामलीला को देखने के लिए सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु जुट रहे हैं। रामलीला का मंचन मिथिलांचल अवध आदर्श रामलीला फाउंडेशन के कलाकार कर रहे हैं।

रामलीला में अहिल्या उद्धार, गंगा अवतरण, नगर भ्रमण तथा फुलवारी के लीला का मंचन कलाकारों ने किया। मुनि विश्वामित्र ने श्री राम और लक्ष्मण को बताया कि आपके पूर्वज भागीरथ ने अपने पूर्वजों को स्वर्ग में पहुंचने के उद्देश्य से पृथ्वी पर गंगा जी का आगमन कराया था। उन्होंने कठिन तपस्या करते हुए सभी पूर्वजों को मुक्ति दिलाने के उद्देश्य से प्रभु को प्रसन्न कर गंगा को पृथ्वी पर अवतरित किया । रामलीला में मंचन किया गया कि दशरथ के दोनों पुत्र नगर भ्रमण को निकलते हैं। नगर के महलों को देखकर बहुत ही मुदित होते हैं। विश्वामित्र के पूजा के लिए राम लक्ष्मण फूल चुनने के लिए फुलवारी में जाते हैं। जहां पर पुष्प के चुनने के दौरान ही सीता मैया भी आ जाती हैं। कमेटी के लालजी तिवारी ने बताया कि रानी बाजार के रामलीला मे दूर दराज के गांव के काफी संख्या में दर्शक आते हैं। रानी बाजार की रामलीला बहुत ही विख्यात है। शाम होते ही दर्शक आ जाते हैं। जो पूरी रात रामलीला मंचन का आनंद उठाते हैं। 12 दिन तक चलने वाली रामलीला सामाजिक सद्भाव की प्रतीक है। वैभव नारायण ने बताया कि रानी बाजार की रामलीला ऐतिहासिक होती है। इस दौरान पूरन चंद गुप्ता, राज नारायण राजू, गौरी शंकर, मंटू, अरविंद मिश्रा, ध्रुव कमलापुरी, विशाल, चंद्रप्रकाश, बबलू साहू, भोला मोदनवाल आदि मौजूद रहे।



रानी बाजार में रामलीला मंचन का दृश्य। अमृत विचार

# गणेश लक्ष्मी की प्रतिमा समेत 1.20 लाख की चांदी बरामद

▶▶ गोरखपुर से चोरी कर बलरामपुर जा रहा था आरोपी

**गोंडा, अमृत विचारः** गोरखपुर जिले से चोरी कर बलरामपुर जा रहे एक किशोर को जिले की राजकीय रेलवे पुलिस ने रविवार की रात दबोच लिया। किशोर के पास से पुलिस ने गणेश व लक्ष्मी जी की चांदी की प्रतिमा व सिंहासन समेत 839 ग्राम चांदी बरामद की है। जिसकी कीमत करीब 1.20 लाख रुपये है।

रविवार की रात थाने के उप निरीक्षक राज कपूर सिंह, धर्मवीर सिंह, हेड कांस्टेबल संजय मद्धेशिया व कांस्टेबल जितेन्द्र कुमार यादव व सुनील जायसवाल स्टेशन पर गश्त कर रहे थे। इसी दौरान प्लेट फार्म नंबर 4/5 के पूर्वी जंक्शन बोर्ड के पास एक किशोर सोता हुआ दिखाई दिया। उसके पास एक बैग भी था। पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली तो बैग से एक गणेश लक्ष्मी की चांदी की प्रतिमा व सिंहासन बरामद हुआ। इसका वजन करीब 839 ग्राम पाया गया। आरोपी के पास से पुलिस ने 4210 रुपये की कीमत के सिक्के भी बरामद किए। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम विजय पुत्र लाल बहादुर पासवान निवासी बिस्कोहर थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर बताया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी नशे का आदी है घटना की रिपोर्ट गोरखपुर जीआरपी नें पहले से दर्ज है। आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई कर उसे किशोर न्यायालय भेजा गया है।

# स्कंद माता के जयकारों से गूंजे मंदिर व पूजा पंडाल

## नवरात्र के 5वें दिन भक्तों ने मां भगवती से मांगा सुख समृद्धि का आशीर्वाद

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार:** शारदीय नवरात्र के पांचवें दिन सोमवार को मां स्कंदमाता की पूजा अर्चना की गई। मां स्कंदमाता की उपासना से जीवन में सांसारिक सुख की प्राप्ति होती है। इनकी कृपा से संतान संबंधित हर कष्ट से मुक्ति मिलती है। शारदीय नवरात्र के पांचवे दिन जनपद के देवी मंदिरों में आदिशक्ति मां भगवती के पंचम स्वरूप मां स्कंदमाता के पूजन को भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर और बिजलीपुर स्थित मां बिजलेश्वरी देवी मंदिर में श्रद्धालू दर्शन पूजन के लिए भोर से ही कतारबद्ध हो गए। भक्तों ने दुर्गा सप्तशती व दुर्गा चालीसा का पाठ किया। नगर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में सजे दुर्गा पूजा पंडालों पर भक्तों ने मां की आरती उतारी। समूचा वातावरण मां भगवती के जयकारों व देवी गीतों से भक्तिमय रहा। नगर के चौक उत्तर लाइन में जय मां भगवती पूजा समिति के तत्वाधान में गायत्री परिवार बलरामपुर द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। नवरात्र के मद्देनजर सफाई, पेयजल व सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं।



नगर के चौक उत्तर लाइन में सजा मां दुर्गा का भव्य पूजा पंडाल। अमृत विचार



प्रमाण पत्र के साथ आविष्कार परीक्षा में चयनित छात्र व छात्राएं। अमृत विचार

# राष्ट्रीय आविष्कार अभियान परीक्षा में 10 छात्र- छात्राएं चयनित

संवाददाता, पचपेडवा, बलरामपुर

**अमृत विचार:** निपुण भारत अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय आविष्कार अभियान परीक्षा का आयोजन ब्लॉक संसाधन केंद्र पचपेड़वा में किया गया। पंजीकृत 243 छात्र-छात्राओं के सापेक्ष 176 बच्चों ने प्रतिभाग किया ।इस परीक्षा में विज्ञान गणित विषय से संबंधित प्रश्न शामिल किया गया प्रथम चरण की परीक्षा बी आर सी प्रशिक्षण कक्ष एक व दो कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय तथा प्राथमिक विद्यालय के दो कक्ष कुल पांच कक्षा में 40 मिनट की परीक्षा संपन्न कराई गई। प्रथम चरण की लिखित परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले कुल 25 छात्र-छात्राओं को चयनित किया गया । इसके उपरांत इन 25 बच्चों को रेंडम आधार पर पांच समूह में बाटकर पुनः द्वितीय चरण की परीक्षा 30 मिनट की कराई गई। इन पांच समूह में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले 10 बच्चों का चयन किया गया ।खंड शिक्षा अधिकारी घनश्याम वर्मा ने बताया कि प्रतिभाग करने वाले सभी बच्चों को परियोजना कार्यालय द्वारा निर्धारित समस्त सामग्री उपलब्ध कराई गई। बच्चों को खंड शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में एस आर जी आलोक शर्मा, व समस्त ए आर पी गण संतोष त्रिपाठी, राम कपिल सैनी, संजय त्रिपाठी, व अन्य शिक्षक गण की उपस्थित में मेडल व प्रमाण पत्र एवं सामग्री वितरण किया गया।

## महानवमी के दिन स्कूलों में अवकाश घोषित करने की मांग

**बलरामपुर,अमृत विचार।** विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन उ प्र के प्रांतीय अध्यक्ष संतोष तिवारी एवं प्रांतीय सचिव संयुक्त मोर्चा/मंडल अध्यक्ष राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद देवीपाटन दिलीप चौहान ने सचिव बेसिक शिक्षा परिषद को पत्र लिखकर बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा जारी अवकाश तालिका में शारदीय नवरात्र में 11 अक्टूबर को पड़ रहे महानवमी/महाअष्टमी के पर्व हेतु अवकाश की मांग की है ।संतोष तिवारी ने बताया विगत वर्षो में यह अवकाश होता आया है। हिंदू मान्यताओं में महानवमी पर्व का बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान है। परिषदीय विद्यालयों में गरीब परिवार के बच्चे शिक्षा ग्रहण करते हैं और महानवमी के दिन ऐसे बालक व बालिका कन्या भोज में आमंत्रित होते हैं। जिससे विद्यालयों में बच्चों की संख्या भी ना के बराबर रहती है। संगठन के प्रांतीय कोषाध्यक्ष/सचिव संयुक्त मोर्चा दिलीप चौहान ने बताया कि हिन्दू मान्यताओं में नवरात्रि में महानवमी/अष्टमी का विशेष महत्व है। इस दिन अधिकतर घरों में हवन पूजन व कन्या भोज का आयोजन किया जाता है। इस दिन अधिकतर लोग व्रत भी रखते हैं और पूर्व में भी परिषद की अवकाश तालिका में रामनवमी व दशहरा पर्व पर दो दिनों का अवकाश होता रहा है ।इसलिए 11 अक्टूबर को अवकाश घोषित किया जाना नितांत आवश्यक है।

# ग्रामीणों के सहयोग से मंदिर का जीर्णोद्धार शुरू



मंदिर के जीर्णोद्धार की शुरुआत करते पुजारी व ग्रामीण। अमृत विचार

संवाददाता, रेहराबाजार बलरामपुर

**अमृत विचार:** विकास खण्ड रेहराबाजार के ग्राम सभा खानपुर कुरूथुवा में स्थित 700वर्ष पुराने सम्मय माता मन्दिर का जीर्णोद्धार करने के लिए ग्रामीणों ने आपसी सहयोग से निर्माण शुरू कर दिया है ।सोमवार को वैदिक मंत्रोच्चार के बीच जीर्णो करने के लिए मुख्य अतिथि भाजपा नेता संतोष कुमार सिंह पिंकू सिंह ने पांच ईंट स्थापित कर निर्माण का शुभारंभ किया। मन्दिर के अध्यक्ष बीरेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि उक्त सम्मय माता मन्दिर का निर्माण लगभग 700 वर्ष पूर्व थारू जनजाति के द्वारा किया गया था ।समय समय पर ग्राम सभा के सहयोग से थोड़ा निर्माण हुआ था जो काफी जर्जर हो गया है। ग्रामीणों के सहयोग से मन्दिर का जीर्णोद्वार कार्य करने के लिए शुरुआत कर दिया गया है। इस अवसर पर सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

## कल देवीपाटन शक्तिपीठ आ सकते हैं मुख्यमंत्री योगी

**बलरामपुर, अमृत विचार।** शारदीय नवरात्र के सप्तमी तिथि बुधवार को सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का देवीपाटन शक्तिपीठ तुलसीपुर आने का कार्यक्रम प्रस्तावित है। जिला प्रशासन ने मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे को लेकर तैयारी तेज कर दी है। हालांकि अभी तक मुख्यमंत्री का मिनट टू मिनट कार्यक्रम जारी नहीं हुआ है। यह भी बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री पावन धाम देवीपाटन में बुधवार रात्रि विश्राम करेंगे ।यहीं पर वह जिले की अधिकारियों के साथ विकास व कानून व्यवस्था की समीक्षा भी कर सकते हैं। मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे की पुष्टि जिला सूचना अधिकारी आशुतोष ने की है।

# धार्मिक टिप्पणी को लेकर बवाल, दुकानें बंद

संवाददाता, नानपारा, बहराइच

**▸▸ नानपारा में तीन थानों की फोर्स तैनात**

**अमृत विचार:** जिले के नानपारा कस्बा निवासी एक युवक ने सोमवार को समुदाय विशेष के युवक के मोबाइल पर टिप्पणी कर मैसेज भेज दिया। इसको लेकर बवाल हो गया। दुकानें बंद हो गई। तीन थानों की फोर्स प्रोटेस्ट संभालने में लगी है।

कोतवाली नानपारा अंतर्गत सोनार गली निवासी युवक ने समुदाय विशेष के युवक के मोबाइल पर सोमवार को मैसेज कर दिया। समुदाय विशेष के युवक ने मैसेज को अन्य लोगों को दिखाया ।इसको लेकर समुदाय विशेष के लोग नाराज हो गए। सभी ने कोतवाली पहुंच कर तहरीर दी। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया। इसके बाद भी समुदाय विशेष के लोगों ने प्रोटेस्ट शुरू कर दिया। देखते ही देखते नगर की दुकानों बंद हो गईं। एकाएक शटर गिर गई। बवाल को देखते हुए रूपईडीहा और मटेरा थाने की पुलिस भी बुला ली गई।

तीन थानों की पुलिस फोर्स लोगों को समझा रही है। लेकिन लोग गिरफ्तारी और सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। मामला काफी संवेदनशील बना हुआ है। एसडीएम और सीओ भी लोगों को समझा रहे हैं। इस मामले में कोतवाल प्रदीप कुमार सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मैसेज को लेकर बवाल आगे बढ़ा है। स्थिति नियंत्रण में है। जल्द ही मैसेज करने वाले को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## नदी में बहा चार साल का बच्चा, तलाश जारी

**बलरामपुर अमृत विचार।** ललिया थाना क्षेत्र के ग्राम लक्ष्मणपुर खैरनिया के मुजरे जगतपुर निवासी अशोक आर्य उर्फ भुर्रे ने बताया कि गत रविवार शाम उसकी पत्नी राप्ती नदी के किनारे खेत में लगे पेड़ में पानी देने जा रही थी। उनके पीछे-पीछे 4 वर्षीय बेटा अनुज भी घर से निकल गया । नदी के किनारे पैर फिसलने से अनुज तेज बहाव में बह गया। सोमवार शाम तक अनुज का कोई पता नहीं चल सका है। पुलिस चौकी मथुरा बाजार की पुलिस तथा स्थानीय गोताखोर अनुज की तलाश में जुटे हुए हैं।

# ई-केवाईसी न होने पर कटेगा राशनकार्डधारकों का नाम

संवाददाता, बलरामपुर

**▸▸ 54.49 प्रतिशत राशन कार्ड के सदस्यों की अब तक हो पाई है ई-केवाईसी**

**अमृत विचार:** अक्तूबर माह में ई केवाईसी न कराने वाले राशन कार्डधारक व उनके सदस्यों का नाम काट दिया जाएगा। इसके साथ ही विभागीय पोर्टल से भी नाम हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

पूर्ति विभाग राशन कार्डधारकों के सदस्यों का सत्यापन कराने के लिए ई केवाईसी करा रहा है। जिले में ई केवाईसी कराने के लिए सदस्य रूचि नहीं ले रहे हैं। ऐसे में पूर्ति विभाग ने राशन कार्डधारकों को ई केवाईसी कराने का अंतिम मौका दिया है। अक्तूबर माह में ईकेवाईसी न कराने वालों का नाम कार्ड से हटा दिया जाएगा। इसके बाद उस यूनिट का राशन परिवार को नहीं मिल पाएगा। जिले में 876 कोटे की दुकान हैं। इन कोटे की दुकानों में 355302 अंत्योदय व पात्र गृहस्थी के राशन कार्डधारक हैं। इन कार्डों में 1652474 सदस्यों का नाम दर्ज हैं। सभी सदस्यों का आधार कार्ड सत्यापन के साथ ही ई-केवाईसी होना है। करीब तीन माह बीत गया, लेकिन अभी तक 900483 सदस्यों की ही ई केवाईसी हो पाई है। जो लक्ष्य का 54.49 प्रतिशत है। अब पांच अक्तूबर से इस माह राशन वितरण शुरू होगा। ऐसे में अब ईकेवाईसी काम प्रभावित रहेगा। जब तक 75 प्रतिशत खाद्यान्न का वितरण नहीं हो जाएगा, तब तक ई केवाईसी काम बंद रहेगा। जिला पूर्ति अधिकारी कुमार निर्मलेंदु ने बताया कि जिन यूनिटों की ईकेवाईसी नहीं कराई जाएगी, उन्हें यह मान लिया जाएगा कि वह लोग राशन लेने के इच्छुक नहीं हैं। ऐसी स्थिति में उन सदस्यों का नाम राशन कार्ड से काट दिया जाएगा।

**25 अक्तूबर से वितरित होगा खाद्यान्न:** अक्तूबर माह में कार्डधारकों को खाद्यान्न का वितरण पांच से 25 अक्तूबर से किया जाएगा। जिला पूर्ति अधिकारी कुमार निर्मलेंदु ने बताया कि कार्डधारक अपने उचित कोटे की दुकान से ई-पास मशीन से बायोमेट्रिक कराकर राशन का उठान कर सकते हैं।

# डॉक्टर की लापरवाही से हुई नवजात की मौत, परिजनों को नहीं दिया शव

संवाददाता, उतरौला, बलरामपुर

**▸▸ परिजनों ने उतरौला कोतवाली में डॉक्टर के खिलाफ दी तहरीर**

**अमृत विचार:** स्थानीय नगर स्थित एक नर्सिंग होम के डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगा है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि डॉक्टर की लापरवाही के चलते नवजात की मौत हो गई। यह भी आरोप है कि डॉक्टर ने नवजात का शव भी परिजनों को नहीं दिया और खुद अंतिम संस्कार कर दिया।

उतरौला कोतवाली में दी गई तहसील में शाहपुर इटई करमहिया निवासी फिरोज ने कहा है कि गति 6 अक्टूबर को उसकी गर्भवती पत्नी आफरीन को पेट में दर्द होने पर इलाज के लिए झपटपुरवा निवासी राबिया उसे इलाज के लिए उतरौला नगर स्थित राजा नर्सिंग होम ले गई। शिकायतकर्ता का आरोप है कि डॉक्टर ने आफरीन के पेट को जोर-जोर से दबाया और घर भेज दिया। घर पहुंचने पर आफरीन की तबीयत और बिगड़ गई। वह लोग दोबारा उसको लेकर रजा नर्सिंग होम पहुंचे वहां पर डॉक्टर ने गर्भवती का ऑपरेशन कर दिया। इस दौरान नवजात की मौत हो गई। पीड़ित का कहना है कि डॉक्टर ने नवजात के शव का अंतिम संस्कार खुद कर दिया ।उसे परिजनों को नहीं दिया। पीड़ित ने पुलिस से मामले में छानबीन कर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। वहीं दूसरी तरफ नर्सिंग होम के डॉक्टर अफजल का कहना है कि उनके ऊपर लगाए गए सभी आरोप असत्य व निराधार है।

गर्भवती को मारा पीटा गया था इसीलिए बच्चा पेट में ही मर गया था। गर्भवती के मायके वालों ने भी ससुराल पक्ष के लोगों पर इसी तरह की तहरीर दी है। इस संबंध में कोतवाल संजय दुबे ने बताया कि मामले में 2 तहरीर मिली है। जांच कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## 15 तक बन सकते हैं गन्ना समिति के सदस्य

**बलरामपुर, अमृत विचार:** गन्ना विकास समितियों के सदस्य बनने की तिथि 15 अक्तूबर तक बढ़ा दी गई है। पहले समिति का सदस्य बनने के लिए 30 सितंबर तक अंतिम तिथि निर्धारित थी। किसानों के हित को देखते हुए विभाग ने सहूलियत दी है। जिला गन्ना अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि इस समय गन्ना समितियों का चुनाव चल रहा है। चुनाव में किसान व्यस्त है। ऐसे में बहुत से किसान समितियों का सदस्य नहीं बन पाए हैं। उन्हें वर्तमान पेराई सत्र 2024-25 में गन्ना आपूर्ति करने के लिए 15 दिन का अतिरिक्त अवसर प्रदान किया गया है। पूर्व में गन्ना समिति सदस्यता एवं उपज बढ़ोत्तरी के लिए अंतिम तिथि 30 सितंबर तक ही निर्धारित थी। जिला गन्ना अधिकारी ने किसानों से अपील की है कि ऐसे कृषक जिन्होंने पहली बार गन्ने की खेती की है, समिति सदस्य बनकर गन्ना आपूर्ति का लाभ उठाएं। समिति का सदस्य बनने पर राज्य सरकार द्वारा घोषित गन्ना मूल्य दर पर गन्ना आपूर्ति कर सकेंगे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत बढ़या भैंसाही, विकास खण्ड- गैण्डास बुजुर्ग, जनपद –बलरामपुर**

निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2024–25 में मनरेगा. पंचम राज्य वित्त 15 वां वित्त आयोग शौचालय/S.L.W.M./C.S.C पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय निर्माण एवं अन्य के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि के सापेक्ष कराये जाने वाले कार्यो के लिए निर्माण सामग्री जैसे ईट, सीमेन्ट, बालू, सरिया, ह्यूम पाइप डाला, गिट्टी, मिट्टी ढलाई सहित हैण्डपम्प मरम्मत हेतु स्पेयर पार्ट, सोलर लाईट, स्ट्रीट लाईट, हैण्डपम्प रिबोर डस्टबिन, सफाई कर्मी किट, टाइल्स, इण्टरलाकिंग ईट कायाकल्प आर0सी0सी0सेन्टर, कूलर, गौशाला संचालन हेतु भूसा, दाना, चुनी, चोकर इत्यादि की आपूति कार्यस्थल पर करने हेतु दरें आमंत्रित किया जाता है।

इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 11.10.2024 तक अपनी दरें लेटर हेड पर संलग्न कर बन्द लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियम व शर्ते ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। **निविदा खुलने की तिथि 13–10–2024**

**ग्राम प्रधान**
ग्राम पंचायत बढ़या भैंसाही,
विकास खण्ड– गैण्डास बुजुर्ग,
जनपद –बलरामपुर

**ग्रा0वि0 अधि0/सचिव**
ग्राम पंचायत बढ़या भैंसाही,
विकास खण्ड– गैण्डास बुजुर्ग,
जनपद –बलरामपुर

**कार्यालय ग्राम पंचायत मगईपुर, विकास खण्ड- गैण्डास बुजुर्ग, जनपद –बलरामपुर**

निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2024–25 में मनरेगा. पंचम राज्य वित्त 15 वां वित्त आयोग शौचालय/S.L.W.M. व R.G.S.A. के अन्तर्गत C.S.C. व R.R.C. पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय निर्माण एवं अन्य कार्य प्राप्त धनराशि के सापेक्ष कराये जाने वाले कार्यो के लिए निर्माण सामग्री जैसे ईट, सीमेन्ट, बालू, सरिया, ह्यूम पाइप डाला, गिट्टी, मिट्टी ढलाई सहित हैण्डपम्प मरम्मत हेतु स्पेयर पार्ट, सोलर लाईट, स्ट्रीट लाईट, हैण्डपम्प रिबोर डस्टबिन, सफाई कर्मी किट, टाइल्स, इण्टरलाकिंग ईट कायाकल्प आर0सी0सी0सेन्टर, कूलर, गौशाला संचालन हेतु भूसा, दाना, चुनी, चोकर इत्यादि की आपूति कार्यस्थल पर करने हेतु दरें आमंत्रित किया जाता है।

इच्छुक आपूर्तिकर्ता **दिनांक** 11.10.2024 तक अपनी दरें लेटर हेड पर संलग्न कर बन्द लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियम व शर्ते ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। **निविदा खुलने की तिथि 13–10–2024**

**ग्राम प्रधान**
ग्राम पंचायत मगईपुर,
विकास खण्ड– गैण्डास बुजुर्ग,
जनपद –बलरामपुर

**ग्रा0वि0 अधि0/सचिव**
ग्राम पंचायत मगईपुर,
विकास खण्ड– गैण्डास बुजुर्ग,
जनपद –बलरामपुर

**कार्यालय ग्राम पंचायत नन्दौरी, विकास खण्ड- गैण्डास बुजुर्ग, जनपद –बलरामपुर**

निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2024–25 में मनरेगा. पंचम राज्य वित्त 15 वां वित्त आयोग शौचालय/S.L.W.M./C.S.C पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय निर्माण एवं अन्य के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि के सापेक्ष कराये जाने वाले कार्यो के लिए निर्माण सामग्री जैसे ईट, सीमेन्ट, बालू, सरिया, ह्यूम पाइप डाला, गिट्टी, मिट्टी ढलाई सहित हैण्डपम्प मरम्मत हेतु स्पेयर पार्ट, सोलर लाईट, स्ट्रीट लाईट, हैण्डपम्प रिबोर डस्टबिन, सफाई कर्मी किट, टाइल्स, इण्टरलाकिंग ईट कायाकल्प आर0सी0सी0सेन्टर, कूलर, गौशाला संचालन हेतु भूसा, दाना, चुनी, चोकर इत्यादि की आपूति कार्यस्थल पर करने हेतु दरें आमंत्रित किया जाता है।

इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक.11. 10.2024 तक अपनी दरें लेटर हेड पर संलग्न कर बन्द लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियम व शर्ते ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। **निविदा खुलने की तिथि 13–10–2024**

**ग्राम प्रधान**
ग्राम पंचायत नन्दौरी,
विकास खण्ड– गैण्डास बुजुर्ग,
जनपद –बलरामपुर

**ग्रा0वि0 अधि0/सचिव**
ग्राम पंचायत नन्दौरी,
विकास खण्ड– गैण्डास बुजुर्ग,
जनपद –बलरामपुर

**कार्यालय ग्राम पंचायत मझारी तप्पाबांक, विकास खण्ड- गैण्डास बुजुर्ग, जनपद –बलरामपुर**

निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2024–25 में मनरेगा. पंचम राज्य वित्त 15 वां वित्त आयोग शौचालय/S.L.W.M./C.S.C पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय निर्माण एवं अन्य के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि के सापेक्ष कराये जाने वाले कार्यो के लिए निर्माण सामग्री जैसे ईट, सीमेन्ट, बालू, सरिया, ह्यूम पाइप डाला, गिट्टी, मिट्टी ढलाई सहित हैण्डपम्प मरम्मत हेतु स्पेयर पार्ट, सोलर लाईट, स्ट्रीट लाईट, हैण्डपम्प रिबोर डस्टबिन, सफाई कर्मी किट, टाइल्स, इण्टरलाकिंग ईट कायाकल्प आर0सी0सी0सेन्टर, कूलर, गौशाला संचालन हेतु भूसा, दाना, चुनी, चोकर इत्यादि की आपूति कार्यस्थल पर करने हेतु दरें आमंत्रित किया जाता है।

इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक.11. 10.2024 तक अपनी दरें लेटर हेड पर संलग्न कर बन्द लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियम व शर्ते ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। **निविदा खुलने की तिथि 13–10–2024**

**ग्राम प्रधान**
ग्राम पंचायत मझारी तप्पाबांक,
विकास खण्ड– गैण्डास बुजुर्ग,
जनपद –बलरामपुर

**ग्रा0वि0 अधि0/सचिव**
ग्राम पंचायत मझारी तप्पाबांक,
विकास खण्ड– गैण्डास बुजुर्ग,
जनपद –बलरामपुर

**कार्यालय ग्राम पंचायत धौरहरा, विकास खण्ड- गैण्डास बुजुर्ग, जनपद –बलरामपुर**

निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2024–25 में मनरेगा. पंचम राज्य वित्त 15 वां वित्त आयोग शौचालय/S.L.W.M. व R.G.S.A. के अन्तर्गत C.S.C.R.R.C. पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय निर्माण एवं अन्य कार्य प्राप्त धनराशि के सापेक्ष कराये जाने वाले कार्यो के लिए निर्माण सामग्री जैसे ईट, सीमेन्ट, बालू, सरिया, ह्यूम पाइप डाला, गिट्टी, मिट्टी ढलाई सहित हैण्डपम्प मरम्मत हेतु स्पेयर पार्ट, सोलर लाईट, स्ट्रीट लाईट, हैण्डपम्प रिबोर डस्टबिन, सफाई कर्मी किट, टाइल्स, इण्टरलाकिंग ईट कायाकल्प आर0सी0सी0सेन्टर, कूलर, गौशाला संचालन हेतु भूसा, दाना, चुनी, चोकर इत्यादि की आपूति कार्यस्थल पर करने हेतु दरें आमंत्रित किया जाता है।

इच्छुक आपूर्तिकर्ता **दिनांक** 11.10.2024 तक अपनी दरें लेटर हेड पर संलग्न कर बन्द लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियम व शर्ते ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।
**निविदा खुलने की तिथि 13–10–2024**

**ग्राम प्रधान**
ग्राम पंचायत धौरहरा,
विकास खण्ड– गैण्डास बुजुर्ग,
जनपद –बलरामपुर

**ग्रा0वि0 अधि0/सचिव**
ग्राम पंचायत धौरहरा,
विकास खण्ड– गैण्डास बुजुर्ग,
जनपद –बलरामपुर

**कार्यालय ग्राम पंचायत टेढ्वा नबाबाद, विकास खण्ड- गैण्डास बुजुर्ग, जनपद –बलरामपुर**

निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2024–25 में मनरेगा. पंचम राज्य वित्त 15 वां वित्त आयोग शौचालय/S.L.W.M./C.S.C पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय निर्माण एवं अन्य के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि के सापेक्ष कराये जाने वाले कार्यो के लिए निर्माण सामग्री जैसे ईट, सीमेन्ट, बालू, सरिया, ह्यूम पाइप डाला, गिट्टी, मिट्टी ढलाई सहित हैण्डपम्प मरम्मत हेतु स्पेयर पार्ट, सोलर लाईट, स्ट्रीट लाईट, हैण्डपम्प रिबोर डस्टबिन, सफाई कर्मी किट, टाइल्स, इण्टरलाकिंग ईट कायाकल्प आर0सी0सी0सेन्टर, कूलर, गौशाला संचालन हेतु भूसा, दाना, चुनी, चोकर इत्यादि की आपूति कार्यस्थल पर करने हेतु दरें आमंत्रित किया जाता है।

इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 11.10.2024 तक अपनी दरें लेटर हेड पर संलग्न कर बन्द लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियम व शर्ते ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। **निविदा खुलने की तिथि 13–10–2024**

**ग्राम प्रधान**
ग्राम पंचायत टेढ्वा नबाबाद,
विकास खण्ड– गैण्डास बुजुर्ग,
जनपद –बलरामपुर

**ग्रा0वि0 अधि0/सचिव**
ग्राम पंचायत टेढ्वा नबाबाद,
विकास खण्ड– गैण्डास बुजुर्ग,
जनपद –बलरामपुर

**कार्यालय ग्राम पंचायत नगवा, विकास खण्ड- गैण्डास बुजुर्ग, जनपद –बलरामपुर**

निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2024–25 में मनरेगा. पंचम राज्य वित्त 15 वां वित्त आयोग शौचालय/S.L.W.M./C.S.C पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय निर्माण एवं अन्य के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि के सापेक्ष कराये जाने वाले कार्यो के लिए निर्माण सामग्री जैसे ईट, सीमेन्ट, बालू, सरिया, ह्यूम पाइप डाला, गिट्टी, मिट्टी ढलाई सहित हैण्डपम्प मरम्मत हेतु स्पेयर पार्ट, सोलर लाईट, स्ट्रीट लाईट, हैण्डपम्प रिबोर डस्टबिन, सफाई कर्मी किट, टाइल्स, इण्टरलाकिंग ईट कायाकल्प आर0सी0सी0सेन्टर, कूलर, गौशाला संचालन हेतु भूसा, दाना, चुनी, चोकर इत्यादि की आपूति कार्यस्थल पर करने हेतु दरें आमंत्रित किया जाता है।

इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 11.10.2024 तक अपनी दरें लेटर हेड पर संलग्न कर बन्द लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियम व शर्ते ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। **निविदा खुलने की तिथि 13–10–2024**

**ग्राम प्रधान**
ग्राम पंचायत नगवा,
विकास खण्ड– गैण्डास बुजुर्ग,
जनपद –बलरामपुर

**ग्रा0वि0 अधि0/सचिव**
ग्राम पंचायत नगवा
विकास खण्ड– गैण्डास बुजुर्ग,
जनपद –बलरामपुर

माता शत्रु : पिता वैरी येनवालो न पाठित : ।
न शोभते सभामध्ये हंसमध्ये वको यथा ॥

बच्चे को न पढ़ानेवाली माता शत्रु तथा पिता वैरी के समान होते हैं । बिना पढ़ा व्यक्ति पढ़े लोगों के बीच में कौए के समान शोभा नहीं पता ।


## संपादकीय

# मुइज्जू का भारत दौरा

मालदीव हिंद महासागर में अत्यधिक रणनीतिक महत्व रखता है, जो अरब सागर और उससे आगे के प्रवेश द्वार के रूप में कार्य करता है। मालदीव भारत की मुख्य भूमि से दक्षिण-पश्चिम तट के करीब हिंद महासागर में स्थित द्वीप समूह से बना एक देश है। मालदीव के साथ भारत के रिश्ते हमेशा से अच्छे रहे हैं, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर मालदीव के नेताओं की टिप्पणी के बाद दोनों देशों के रिश्तों में दूरियां आ गई थीं। मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू के भारत दौरे से मालदीव और भारत के रिश्तों में आई कड़ुवाहट दूर करने की रणनीति सफल होती दिख रही है। सोमवार को भारत और मालदीव ने द्विपक्षीय सहयोग को 'समग्र आर्थिक एवं समुद्री सुरक्षा साझीदारी' के रूप में आगे बढ़ाने की घोषणा की। पिछली कड़वी बातों को भुलाकर मालदीव के राष्ट्रपति का आगे बढ़ना उनका कूटनीतिक यू-टर्न कहा जा रहा है। भारत की 'पड़ोसी प्रथम' नीति और 'सागर' विज़न में मालदीव का महत्वपूर्ण स्थान है। जब भी कोई संकट आया, जैसे-सुनामी या पेयजल की कमी, भारत ने मालदीव की सहायता की है। इस बीच बदले वैश्विक हालात में भारत के पड़ोसी देशों में चीन के सामरिक दखल में वृद्धि देखने को मिली है। मालदीव, भारत और चीन के बीच प्रतिद्वंद्विता का केंद्र बनता दिखा। दोनों देशों के रिश्तों में हुई उथल-पुथल के चलते भारतीय सैन्यकर्मियों को मालदीव से निकालना और इंडिया आउट मोहम्मद मुइज्जू के चुनावी कैंपेन का हिस्सा रहा। इसके बावजूद भारत ने द्विपक्षीय रिश्ते को फिर से पटरी पर लाने के लिए कूटनीति प्रयास जारी रखे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुइज्जू से मुलाकात की थी और पेचीदा मुद्दों पर द्विपक्षीय बातचीत के लिए एक उच्चस्तरीय कोर ग्रुप का गठन किया। अब भारत पहुंचने पर राष्ट्रपति मुइज्जू ने कहा कि उनका देश भारत की सुरक्षा को कमजोर करने वाला कोई काम नहीं करेगा।

दरअसल मालदीव पर भारी कर्ज है। ऐसे में मालदीव को भारत से बहुत उम्मीदें हैं। राष्ट्रपति मुइज्जू को इस बात का अहसास रहा कि दोनों पक्ष शांति के फायदों पर गौर करें। दोनों देशो के बीच पनपे तनाव सिर्फ उन समस्याओं के लक्षण हैं, जो बड़ी बन सकती हैं। महत्वपूर्ण है कि प्रधानमंत्री मोदी ने भी कहा कि मुइज्जू की यात्रा से हमारे संबंधों में एक नया अध्याय जुड़ रहा है। मालदीव के लोगों की प्रगति और समृद्धि के लिए भारत अपना हरसंभव सहयोग देता रहेगा। हिन्द महासागर क्षेत्र में स्थिरता और समृद्धि के लिए हम मिलकर काम करेंगें। वास्तव में पड़ोसी प्रथम नीति के अनुरूप दक्षिण एशिया और आसपास की समुद्री सीमाओं में क्षेत्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भारत की इंडो-पैसिफिक सुरक्षा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण भूमिका है। इस दृष्टि से द्विपक्षीय संबंधों में आया बदलाव भारत और मालदीव दोनों के लिए अच्छा है।

# गर्मी के बढ़ते दिन और परेशानियां


पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

**यह संभलने का वक्त है क्योंकि जलवायु परिवर्तन का असर सबसे संवेदनशील नैसर्गिक स्थल-हिमाचल की गोद में अब गहरा होता जा रहा है। गर्मी से लोगों की सेहत पर तो बुरा असर हो ही रहा है, लगातार गर्मी ने पानी की मांग बढ़ाई और संकट भी। सबसे बड़ी बात गर्मी से शुद्ध पेयजल की उपलबद्धता घटी है।**

वायु सेना के शो के दौरान चेन्नई में तेज गर्मी के चलते छह लोग मारे गए और 100 से अधिक बीमार हो गए । बस्तर में कभी दशहरे के पास का मौसम बहुत सुहाना होता था, आज वहां तापमान 35 के पार है और गर्मी की चुभन 40 जैसी। अभी एक हफ्ते पहले ही उत्तर पूर्वी राज्यों में सबसे भीगा और पसंदीदा मौसम कहलाने वाले समय में गुवाहाटी समेत कई जिलों में स्कूल बंद करने पड़े क्योंकि तापमान 45 से पार हो गया। उत्तराखंड में देहरादून में अधिकतम तापमान 35 डिग्री और पंतनगर का अधिकतम तापमान 37.2 होना असामान्य है। कश्मीर में मौसमी तपिश लोगों को बेहाल किए है। यहां इस मौसम के तापमान से कोई 6.6 डिग्री अधिक गर्मी दर्ज की गई है और हालात लू जैसे हैं। कुपवाड़ा में 33.3, पहलगाम में 29.5 और गुलमार्ग में 23.6 तापमान असहनीय सा है। हिमाचल प्रदेश में सितंबर के महीने में जून सी गर्मी है। ऊना समेत प्रदेश के पांच जिलों में तापमान 35 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया है। मंगलवार को ऊना का तापमान 38 डिग्री को पार कर गया। जबकि कांगड़ा, मंडी, चंबा और बिलासपुर में भी तापमान 35 डिग्री पर पहुंच रहा है। सामान्य तौर पर सितंबर माह में हल्की सर्दी का दौर शुरू हो जाता है। लेकिन इस बार गर्मी का असर देखने को मिल रहा है। शिमला में भी तापमान 28 डिग्री सेल्सियस बना हुआ है। जो सामान्य से कहीं अधिक है।

यह संभलने का वक्त है क्योंकि जलवायु परिवर्तन का असर सबसे संवेदनशील नैसर्गिक स्थल-हिमाचल की गोद में अब गहरा होता जा रहा है। गर्मी से लोगों की सेहत पर तो बुरा असर हो ही रहा है, लगातार गर्मी ने पानी की मांग बढ़ाई और संकट भी। सबसे बड़ी बात गर्मी से शुद्ध पेयजल की उपलबद्धता घटी है। प्लास्टिक बोतलों में बिकने वाला पानी हो या फिर आम लोगों द्वारा सहेज कर रखा गया जल, तीखी गर्मी ने प्लास्टिक बोतल में उबाल गए पानी के जहर बना दिया। पानी का तापमान बढ़ना तालाब-नदियों की सेहत खराब कर रहा है। एक तो वाष्पीकरण तेज हो रहा है, दूसरा पानी अधिक गरम होने से जल में विकसित होने वाले जीव-जन्तु और वनस्पति मर रहे हैं।




**आधुनिक ज्ञान के पास तात्कालिक निदान और कथित सुख के साधन तो हैं लेकिन कुपित कायनात से जूझने में वह असहाय है। अब समय या गया ही कि इंसान बदलते मौसम के अनुकूल अपने कार्य का समय, हालात, भोजन , कपड़े आदि में बदलाव करे। खासकर पहाड़ों पर विकास और पर्यटन दो ऐसे मसले हैं, जिन पर नए सिरे से विचार करना होगा शहर के बीच बहने वाली नदियां, तालाब, जोहड़ आदि यदि निर्मल और अविरल रहेंगे तो बढ़ी गर्मी को सोखने में ये सक्षम होंगे। खासकर बिसरा चुके कुएं और बावड़ियों को जीलाने से जलवायु परिवर्तन की इस त्रासदी से बेहतर तरीके से निबटा जा सकता है। आवासीय और कार्यालयों के निर्माण की तकनीकी और सामग्री में बदलाव, सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा, बहुमंजिला भवनों का ईको फ्रेंडली होना, उर्जा संचयन, शहरों के तरफ पलायन रोकना, ऑर्गेनिक खेती सहित कुछ ऐसे उपाय हैं जो बहुत कम व्यय में देश को भट्टी बनने से बचा सकते हैं।**

तीखी गर्मी भोजन की पौष्टिकता की भी दुश्मन है। तीखी गर्मी में गेहूं, कहने के दाने छोटे हो रहे हैं और उनके पौष्टिक गुण घट रहे हैं। वैसे भी तीखी गर्मी में पका हुआ खान जल्दी सड़-बुस रहा है। फल-सब्जियां जल्दी खराब हो रही हैं। खासकर गर्मी में आने वाले वे फल जिन्हे केमिकल लगा कर पकाया जा रहा है, इतने उच्च तापमान में जहर बन रहे हैं और उनका सेवन करने वालों के अस्पताल का बिल बढ़ रहा है।

इस बार की गर्मी की एक और त्रासदी है कि इसमें रात का तापमान कम नहीं हो रहा, चाहे पहाड़ हो या मैदानी महानगर, बीते दो महीनों से न्यूनतम तापमान सामनी से पांच डिग्री तक अधिक रहा ही है। खासकर सुबह चार बजे भी लू का एहसास होता है और इसका कुप्रभाव यह है कि बड़ी आबादी की नींद पूरी नहीं हो पा रही। खासकर स्लम, नायलॉन आदि के किनारे रहने वाले मेहनतकश लोग उनींदे से सारे दिन रहते है और इससे उनकी कार्य क्षमता पर तो असर हो ही रहा है, शरीर में कई विकार या रहे है। जो लोग सोचते हैं कि वातानुकूलित संयत्र से वे इस गर्मी की मार से सुरक्षित है, तो यह बड़ा भ्रम है। लंबे समय तक एयर कंडीशनर वाले कमरों में रहने से शरीर की नस-नाड़ियों में संकुचन, मधुमेह और जोड़ों के दर्द का खामियाजा ताजिंदगी भोगना पड़ सकता है।

मार्च-24 में संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ) ने भारत में एक लाख लोगों के बीच सर्वे कर एक रिपोर्ट में बताया है कि गर्मी/ लू के कारण गरीब परिवारों को अमीरों की तुलना में पांच फीसदी अधिक आर्थिक नुकसान होगा। चूंकि आर्थिक रूप से सम्पन्न लोग बढ़ते तापमान के अनुरूप अपने कार्य को ढाल लेते हैं, जबकि गरीब ऐसा नहीं कर पाते।

भारत के बड़े हिस्से में दूरस्थ अंचल तक लगातार बढ़ता तापमान न केवल पर्यावरणीय संकट है, बल्कि सामाजिक-आर्थिक त्रासदी-असमानता और संकट का कारक भी बन रहा है। यह गर्मी अकेले शरीर को नहीं प्रभावित कर रही इससे इंसान की कार्यक्षमता प्रभावित होती है, पानी और बिजली की मांग बढती है, उत्पादन लागत भी बढ़ती है ।

सवाल यह है कि प्रकृति के इस बदलते रूप के सामने इंसान क्या करे? यह समझना होगा कि मौसम के बदलते मिजाज को जानलेवा हद तक ले जाने वाली हरकतें तो इंसान ने ही की है। फिर यह भी जान लें कि प्रकृति की किसी भी समस्या का निदान हमारे अतीत के ज्ञान में ही है, कोई भी आधुनिक विज्ञान इस तरह की दिक्कतों का हाल नहीं खोज सकता।

आधुनिक ज्ञान के पास तात्कालिक निदान और कथित सुख के साधन तो हैं लेकिन कुपित कायनात से जूझने में वह असहाय है। अब समय या गया ही कि इंसान बदलते मौसम के अनुकूल अपने कार्य का समय, हालात, भोजन , कपड़े आदि में बदलाव करे। खासकर पहाड़ों पर विकास और पर्यटन दो ऐसे मसले हैं, जिन पर नए सिरे से विचार करना होगा शहर के बीच बहने वाली नदियां, तालाब, जोहड़ आदि यदि निर्मल और अविरल रहेंगे तो बढ़ी गर्मी को सोखने में ये सक्षम होंगे। खासकर बिसरा चुके कुएं और बावड़ियों को जीलाने से जलवायु परिवर्तन की इस त्रासदी से बेहतर तरीके से निबटा जा सकता है। आवासीय और कार्यालयों के निर्माण की तकनीकी और सामग्री में बदलाव, सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा, बहुमंजिला भवनों का ईको फ्रेंडली होना, उर्जा संचयन, शहरों के तरफ पलायन रोकना, ऑर्गेनिक खेती सहित कुछ ऐसे उपाय हैं जो बहुत कम व्यय में देश को भट्टी बनने से बचा सकते हैं।

## प्रसंगवश

# संस्कृति के प्रति असंवेदनशील

एक ओर वे लोग हैं, जो जनता के जीवन में घुले-मिले प्रत्येक सांस्कृतिक पक्ष को झुठलाने का प्रयास करते हैं। जनता के जीवन से उलटे चलने को प्रगतिशीलता समझते हैं। जनता को हीनभावना से देखते हैं और अपने को सुपर समझ लेते हैं। खाए अघाए लोग हैं, पेट भरा है। त्योहार को देखते ही बक्कबाय लग जाती है। दूसरी ओर संस्कृति का झंडा उठाए हुए वे लोग हैं, जो संस्कृति के कुछ प्रतीकों और उपलक्षणों को ही संस्कृति समझते हैं, इसके अतिरिक्त कुछ भी सुनने और समझने को तैयार नहीं हैं। कट्टर हैं।


डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

भारतीय चिंतन उनके लिए नारा है, केवल नारा। वरना वे यह समझने की कोशिश करते कि भागवत (5-14-26) ने वित्तशाठ्य जैसी अवधारणा भी दी है- विद्वेषमेति वित्तशाठ्यात्। वित्तशाठ्य को आप आज कालेधन का नाम दें या भ्रष्टाचार कहें या घोटाला कहें, उन्होंने माना कि वित्तशाठ्य के प्रति तनिक भी सहानुभूति रखना अधर्म है। वेदव्यास ने कहा कि बहुत बडा संग्रह किया है तो इसका मतलब है कि उसने दूसरों के श्रम का अपहरण किया है। वे स्पष्ट करते हैं कि वह आदमी कितने भी बहाने बनाए, यह निश्चित ही है कि दूसरों को पीडित किए बिना बहुत बडा संग्रहःपूंजी बन ही नहीं सकती-

ना छित्वा पर-मर्माणि नाकृत्वा कर्म दुष्करं,/ ना हत्वा मत्स्यघातीव प्राप्नोति महतीं श्रियम्। (राजधर्म 14-14-14-130-36) नवधनाढ्य-वर्ग के युवा अति संपन्न देशों की बन्दर-नकल को ही संस्कृति समझ रहे हैं। जो निवेश और तकनीक हम पश्चिम से उधार ले रहे हैं, वह संपन्न-देशों की संस्कृति को साथ लेकर आ रही है और भारत की लोक संस्कृति पर हमला कर रही है? परिवार जैसी संस्था हिलने लगी है। संस्कृति को बाजार का माल बना दिया गया है। रामलीला हो या गरबा नृत्य दोनों के बाजार मेरे सामने ही सज गए हैं, दोनों को देख रहा हूं। राजनैतिक सत्ता और बाजार की सत्ता ने मिलकर अपसंस्कृति को प्रोत्साहित किया है। अपनी संस्कृति पर गर्व करने वाले देश की यह कैसी विडंबना है कि विश्वविद्यालयोंमें लोकसंस्कृति को स्वायत्त अनुशासन का दर्जा नहीं मिल सका है। जनता की संस्कृति के प्रति सभी असंवेदनशील हैं। रूढ़िवाद, प्रतिगामिता और मजहबी-उन्माद का जन्म सांस्कृतिक-शून्य में होता है।

# युद्ध जनित वैश्विक वातावरण के प्रभाव


डॉ .मनमोहन प्रकाश
स्वतंत्र पत्रकार

**हमें यह समझना होगा कि तकनीकी विकास और वैज्ञानिक उपलब्धियां मानव के जीवन को सुरक्षित, सुविधा युक्त और आनंद बनाने के लिए हैं।**

आज विश्व में कुछ देशों के मध्य चल रहे युद्ध ने न केवल प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप सम्मिलित देशों को परेशान कर रखा है अपितु विश्व के समस्त छोटे-बड़े देश चिंतित नजर आते हैं। चिंता का विषय न सिर्फ युद्ध देशों से आ रही बम, गोलों, राकेट, मिसाइल के धमाके, आग की लपटे, घना घुंआ और खंडहर होते भवन और शहर हैं, नष्ट होते पेड़-पौधे, जीव-जंतु, पशु-पक्षी हैं, बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक मिटती, उजड़ती जिंदगियां हैं अपितु कराहती, रोती, बिलखती मानवता है और आहट सुनाई देती परमाणु/ विश्व युद्ध की आशंका भी है।

आज विश्व में इजराइल-हमास और रुस-यूक्रेन युद्ध अपने चरम पर दिखाई दे रहे हैं। कहने को तो यह युद्ध वन टू वन है पर धरातल पर स्थितियां कुछ अलग है। विश्व के सभी देश चिंतित और परेशान हैं। कुछ ऐसे भी देश हैं जो इन युद्धों की आग में घी डालकर इसे और भयावह बनाने के साथ युद्ध देशों में सुलह के रास्ते बंद कर रहे हैं।

जहां रूस-यूक्रेन युद्ध में युक्रेन के पक्ष में परोक्षरूप से साथ दे रहे हैं अधिकांश नाटों सदस्य देश, वहीं रूस का खुलकर साथ दे रहे हैं चीन, ईरान और नोर्थ कोरिया। इसी तरह हमास-इजराइल युद्ध में हमास का खुलकर साथ दे रहे हैं लेबनान, ईरान,यमन वहीं इजरायल को समर्थन मिल रहा अमेरिका का। कुछ देश ऐसे भी हैं जो प्रत्यक्ष तौर पर तो किसी देश का समर्थन नहीं कर रहे हैं किन्तु चोरी-छुपे युद्ध में अपना अंशदान अवश्य दे रहे हैं। इन्हीं स्थितयों के देखते हुए तीसरे विश्व युद्ध के साथ परमाणु युद्ध होने की आशंका व्यक्त की जा रही है। इन युद्धों ने विश्व के अधिकांश देशों का प्रगति और विकास से ध्यान हटाकर अपने अस्तित्व और सीमाओं को सुरक्षित करने के प्रयासों में लगा दिया है। इन युद्धों से निर्मित स्थितियों ने देशों को भविष्य में अपनी आन-बान-शान और सीमाओं को सुरक्षित रखने के लिए नए सिरे सोचना, योजनाएं बनाना, सुरक्षात्मक संसाधन जुटाना आरंभ कर दिया है। विदेश नीति को नए सिरे लिखने के लिए मजबूर कर दिया है। इन युद्धों को देख कर लगता है कि मानव के वैज्ञानिक मन ने प्रकृति, मानव और मानवता को नष्ट करने के कितने सारे अविष्कार कर रखें है। यहीं पर नहीं रुकते हुए भविष्य के लिए आज जो खतरनाक अस्त्र-शस्त्र हैं उनसे और अधिक खतरनाक अस्त्र-शस्त्र बनाने के लिए मन बना लिया है।

आज के वैश्विक वातावरण तथा परिस्थितियों से उठते कई प्रश्नों ने विश्व के शांति प्रिय, विकास और विश्वबन्धुत्व में विश्वास रखने वाले देशों की नींद उड़ा रखी है और चिंतन करने के लिए मजबूर कर दिया है कि विश्व को अशांत कर कोई भी देश कैसे खुश रह सकता है? क्या परोक्ष या अपरोक्ष रूप से युद्ध में सम्मिलित देश सच्चे अर्थों में पर्यावरण, प्रकृति और मानवता के शुभचिंतक हैं? क्या युद्धों में नष्ट हो रहे प्राकृतिक संसाधन भविष्य में आने वाली पीढ़ी के जीवन को अधिक कष्टदायक नहीं बनाएंगे? क्या जैविक विकास की प्राकृतिक प्रक्रिया बाधित नहीं होगी? क्या युद्ध के कारण तमाम बिगड़ती वैश्विक अर्थव्यवस्थाएं विभिन्न नई समस्याओं को जन्म नहीं देगी? क्या अंतर्देशीय व्यापारिक मार्ग तथा व्यापार प्रभावित नहीं होगा? क्या देश अपने यहां विकास पर ध्यान देने के स्थान पर हथियारों की क्रय-विक्रय की होड़ में सम्मिलित नहीं हो जाएंगे? क्या विस्थापन और शरणार्थी संकट परेशान नहीं करेगा? ऐसे में क्या नये संघर्षों की संभावनाओं के जन्म लेने से इंकार किया जा सकता है? क्या देशों को अन्य खतरनाक हथियारों के साथ परमाणु, जैविक, रसायनिक, इलेक्ट्रॉनिक, साइबर, मानवरहित वैपन का खतरा नहीं सताएगा? क्या समाज और राष्ट्र के विभाजन के खतरे और नहीं बढ़ेंगे? क्या पोस्ट ट्रैमेटिक स्ट्रेस डिसऑर्डर के साथ मानसिक और शारीरिक बीमारियों में वृद्धि नहीं होगी? युद्ध का परिणाम केवल विकास, व्यवस्थाओं और बाह्य संरचनाओं पर ही नहीं होगा वरन मनुष्य की आंतरिक संरचनाएं भी बदल जाएंगी-उसके मन की करुणा, दया, सहयोग, सद्भाव आदि मानवीय मूल्य और गुण केवल इतिहास की बातें बन जाएंगी। जीवन भय, आशंका और असुरक्षा के साये में सिमट जाएगा। जीवन का आनंद ही समाप्त हो जाएगा। अतः हमें यह समझना होगा कि तकनीकी विकास और वैज्ञानिक उपलब्धियां मानव के जीवन को सुरक्षित, सुविधा युक्त और आनंद बनाने के लिए हैं। अतः हर देश को अपने संसाधन और क्षेत्रफल से संतुष्ट रहना सीखना होगा तथा बड़े सक्षम और सशक्त देशों को अपने से छोटे और कमजोर देश की मदद करनी होगी तभी मानव और मानवता के साथ यह सृष्टि सुरक्षित रह सकती है।

## सोशल फोरम

# सैन्य नशा और लंबा हैंगओवर


अपने प्रतिशोध को सीमित करने के लिए ईरान का रास्ते से हटकर जाने का निर्णय इजराइल के लिए एक दुविधा का प्रतिनिधित्व करता है। इजराइल जानता है कि वह अकेले ईरान की सैन्य क्षमताओं को कमज़ोर नहीं कर सकता। हालांकि, इजराइल ईरान पर बड़े पैमाने पर हमला कर सकता है, ताकि नवंबर में डोनाल्ड ट्रंप की संभावनाओं को बढ़ाने के लिए नेतन्याहू के अक्टूबर सरप्राइज़ के हिस्से के रूप में बिडेन और कमला हैरिस के अभियान को शर्मिंदा किया जा सके। खासकर तब जब ऐसी कार्रवाई से ईरान के जवाबी हमले को बढ़ावा मिलना तय है, जो इजराइल के नागरिक और आर्थिक बुनियादी ढांचे को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचाएगा। एक हमला और जवाबी हमला युद्ध को गर्म चुनावी बहस के मंच पर ले जाएगा, जिससे संभावित रूप से ट्रंप को फायदा होगा और हैरिस को नुकसान होगा।


प्रो . जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

ईरान में बेतहाशा तबाही मचाने की इजराइल की क्षमता के बारे में कोई भ्रम नहीं होना चाहिए। लेकिन अगर ईरान इजराइल द्वारा किए गए नुकसान के केवल दस प्रतिशत के साथ जवाब देने में सक्षम था, तो इजराइल के लिए विनाश बहुत अधिक विनाशकारी होगा। क्योंकि ईरान के विशाल विस्तार और संसाधनों के विपरीत, इजराइल के पास केवल एक अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, एक रिफाइनरी, मुट्ठी भर प्राकृतिक गैस रिग, कुछ बिजली संयंत्र और बंदरगाह, एक प्रमुख परमाणु सुविधा, दो प्रमुख आर्थिक शहर और मुट्ठी भर जल विलवणीकरण संयंत्र हैं। पिछले हफ्ते के युद्धाभ्यास में ईरान ने इज़राइली हवाई रक्षा प्रणाली को ध्वस्त करने की क्षमता का प्रदर्शन किया । अगर आईआरजीसी, लेबनानी प्रतिरोध के साथ समन्वय में, प्रत्येक प्रमुख बुनियादी ढांचे के स्थल पर केवल दस विस्फोटक उपकरण पहुंचाने में कामयाब हो जाता है, तो यह एक करारा झटका होगा, जो संभवतः इज़राइल को लंबे समय तक पंगु बना देगा। ऐसी संभावित स्थिति नेतन्याहू को उनके नशे से बाहर निकाल देगी और उन्हें लंबे समय तक नशे में रहने का एहसास कराएगी।

-फेसबुक वॉल से

# दर्दनाक आतंकी हमले का एक साल


राकेश शर्मा
अध्यक्ष, इंडियन न्यूज पेपर सोसाइटी, नई दिल्ली

**इज़राइल भी ईरान का नक्शा बिगड़ने की बात कर रहा है और अमेरिका और यूरोप केनबहुटन्से देशों ने इज़राइल को समर्थन देने की बात की है।**

एक वर्ष पूर्व दुनिया ने हमास के आतंकवादियों द्वारा इज़रायलियों पर किए गए भयंकर और दुर्दांत हमले को देखा था जिसमें 1200 बच्चे, महिलाएं, अधेड़ और बुजुर्ग बेवजह मारे गए थे, 250 अपृहत कर लिए गए थे। यह सब आराम से एक सांस्कृतिक कार्यक्रम देख रहे थे और ना उन्होंने और ना ही उनके घर वालों ने कभी स्वप्न में भी सोचा होगा कि अब ये कभी घर नहीं लौटेंगे।

ऐसी अविश्वसनीय नृशंस हत्याएं देखकर दुनिया सन्न रह गई थी। इस घटना को एक वर्ष पूरा हो गया है और इज़रायली आतंक का समूल नाश करने के अपने संकल्प से अकेले लड़ते लड़ते बिना थके सब परेशानियों के बाद अपना प्रयास अनवरत जारी रखे हुए हैं। हमास के इस आतंकवादियों को अंतर्राष्ट्रीय आतंकवादी संगठन हिज़्बुल्लाह और हुती ने अपना खुला समर्थन दिया और ईरान के नेतृत्व में कुछ मुस्लिम राष्ट्र भी इन आतंकवादियों को परोक्ष समर्थन देने लगे।

आतंक को समाप्त करने और स्वयं की रक्षा की भीष्म प्रतिज्ञा लिए इज़राइल के यहूदियों के मज़बूत इरादों को यह सब मिलकर भी विचलित नहीं कर पाएं हैं। एक साल के आतंक के ख़िलाफ़ भीषण जंग में इज़राइल ने बहुत हद तक हमास के आतंकियों पर हमला कर इसकी कमर तोड़ दी है, इनके कमांडर ढेर कर दिए हैं लेकिन अभी यह पूरी तरह समाप्त नहीं हुए हैं और इनको ऊर्जा हिज़्बुल्लाह और ईरान समर्थित देशों से प्राप्त हो रही है।

हमास का एक बहुत बड़ा समर्थक लेबनान में बैठा हिज़्बुल्लाह संगठन है जिसका नेता नस्रुल्लाह लगातार हमास की मदद करता रहा है और पिछले एक साल में इसने इज़रायल पर आतंकी भूख शांत करने के लिए हज़ारों मिसाइलों से इज़राइल पर हर दिन लगभग तीस हमले किए , इज़राइलियों का सुरक्षा कवच इतना मज़बूत है की ये हमले इज़राइल का कुछ बिगाड़ नहीं सके और दीपावली पर सीले हुए पटाखों की तरह फुस्स हो गए। लेकिन आतंक को समाप्त करने की फ़ौलादी इज़राइली प्रतिज्ञा इतनी मज़बूत थी की ज़मीन से सैंकड़ों फीट नीचे गड्ढे में छिपे बैठे हिज़्बुल्लाह के सर्वोच्च कमांडर को वहां भी नेस्तनाबूद कर दिया ।

अपने शागिर्द की मौत के सदमे से बोखलाए ईरान के आयातुल्लाह खोमनेई ने एक ही दिन में एक ही समय पर लगभग दो सौ मिसाइलें दाग कर आतंकवाद को अपना खुला समर्थन ज़ाहिर किया एवं और हमलों की धमकी भी दे रहा है।

उधर इज़राइल भी ईरान का नक्शा बिगड़ने की बात कर रहा है और अमेरिका और यूरोप केनबहुटन्से देशों ने इज़राइल को समर्थन देने की बात की है। इज़राइल कह रहा है की ईरान पर अपनी सुविधानुसार समय और तारीख़ पर हमला करेगा इस धमकी के बाद विश्व को लगभग तीसरे विश्व युद्ध की दस्तक सुनाई दे रही है।

कुछ नहीं कह सकते क्या होगा लेकिन उम्मीद के अनुसार मुझे नहीं लगता कि आतंक के ख़िलाफ़ अपने प्रयास की सालगिरह पर इज़राइल ईरान पर कोई हमला करेगा लेकिन करेगा ज़रूर। इस आतंक के ख़िलाफ़ धर्म युद्ध की कर्मभूमि कहीं भी हो लेकिन गजवाए हिन्द के समर्थक भारत में भी नस्रुल्लाह की मौत पर फ़ातिहा पढ़कर आतंकवाद को समर्थन दे रहे हैं। यह चिंतनीय है। संयुक्त राष्ट्र संघ बिना इच्छा शक्ति का काग़ज़ी शेर दिखता है विश्व के शांतिप्रिय लोगों को सारी दुनिया से आतंक के ख़ात्मे का संकल्प लेने का दिन है सात अक्तूबर।

# बड़ी विकट स्थिति

नवरात्र महोत्सव की धूम है। कुछ राज्यों में इस त्योहार पर गरबा व डांडिया नृत्य का सामूहिक आयोजन होता है और इसे धूमधाम से मनाया जाता है। आयोजकों की यह जिम्मेदारी है, वे ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करें कि ऐसे धार्मिक व संवेदनशील कार्यक्रम में अवांछित तत्व न घुसें और बेहतर तो यही होगा कि परिचित/ आमंत्रित व्यक्ति ही पंडाल मे प्रवेश पाएं।



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

बहस तो बहुत दिनों से चल रही थी, लेकिन टीवी चैनलों पर कुछ ऐसे मुखौटा प्रेमी, विघ्नसंतोषी जीव गरबा पंडालों के आयोजन स्थल पर उपस्थित दिखे, जो गोमूत्र चखाकर हिन्दुत्व की शुद्धता परखने व तत्पश्चात पूजा पंडाल में प्रवेश के लिए हुडदंग कर रहे थे। मेरा सुझाव है कि जो भी गोमूत्र-पान पर जोर दे, आयोजन स्थल पर तैनात स्वयंसेवक व पुलिसकर्मी पहले उन्हें सार्वजनिक रूप से गोमूत्र पिलाकर उनके हिन्दुत्व को जरूर परखें और गोमूत्र की शुद्धता की गारंटी के लिए आसपास आठ दस गायें खूंटे से बांधकर रखें। इन हुड़दंगियों को इस बात की चिंता नहीं है कि आस्था के उत्सव में भाग लेने जा रहे श्रद्धालुओं की भावनाएं इस प्रकार की ओछी हरकतों से कितनी आहत होती होंगी। पवित्रता 'गो' में है, मूत्र में नही। गाय के मूत्र को भी संशोधित व परिष्कृत किया जाता है। गो शब्द अनेकार्थी है, किरण, जो अज्ञान व अंधकार को दूर कर प्रकाश की ओर उन्मुख करती है, इन्द्रिय जो कर्तव्य -अकर्तव्य का विवेक उत्पन्न करती है, आदि इसके पर्यायवाची हैं। अनेक लोग स्वाम्बु को शिवाम्बु कहकर सेवन करते हैं।

पुंसवन से लेकर अंतिम संस्कार तक ही नहीं, पितृपक्ष में पितरों के पूजन के कारण ही नहीं, पुनर्जन्म व चौरासी लाख योनियों में विश्वास के कारण हम सनातनी हिंदू थे, हैं और रहेंगे। इसके लिए न तो किसी के प्रमाण पत्र की आवश्यकता है और न परीक्षण की। जो इससे इतर मापदंड स्थापित करता हो, उसके हिंदू होने का परीक्षण अवश्य किया जाना चाहिए।

# तुम्हें याद हो कि न याद हो

पिछली सदी की ग़ज़ल गायिकी में एक आवाज़ ऐसी भी हुआ करती थी जैसी आधी रात किसी वीराने से आहिस्ता-आहिस्ता उठती उनींदी-सी कोई पुकार। जैसी मुहब्बत में चोट खाई हुई माशूका की दबी-सी एक चीख। जैसे फुसफुसा कर बातें करता पलकों का कोई भींगा-सा कोना। एक सबसे गीली, पुरसुकून आवाज़, एक सबसे अलग अंदाज। ग़ज़ल गायिकी की विधा को जिन कुछ फनकारों ने जान, तेवर और हुस्न बख़्शा, उनमें अख्तरी बाई फैजाबादी उर्फ़ बेग़म अख्तर सबसे प्रमुख नाम है। अच्छा साहित्य, अच्छा संगीत और पुरकशिश आवाज़ मिलकर क्या तिलिस्म पैदा कर सकते हैं, यह पहली बार बेगम साहिबा ने बताया। उनकी गायिकी से गुज़रकर हमने पहली बार जाना कि दर्द को महसूस ही नहीं, सुना भी जा सकता है। सदियों में कभी एक बार ही होता है यह जादू। पिछली सदी के तीसरे- चौथे दशक से लेकर अब तक उनकी आवाज़ देश की कई-कई पीढ़ियों की यादों, दर्द और तन्हाई का भरोसेमंद साथी रही हैं। जाने कितने लोगों ने कितनी बेचैन रातें उनकी आवाज़ के कंधों पर सर टिकाकर गुज़ारे होंगे। आज मलिका-ए-ग़ज़ल बेगम अख्तर के यौम -ए -पैदाईश पर उन्हें खिराज़, मेरे एक शेर के साथ : जब भी कम होंगी उम्मीदें, जब भी घबड़ाएगा दिल/आपकी आवाज़ के पहलू में सो जाएंगे हम !


ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

**एक नजर**

### चित्रकला, निबंध प्रतियोगिता में छात्राओं ने दिखाया हुनर

**गोसाईंगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार :** पंडित प्रताप नारायण बालिका इंटर कॉलेज कटका खानपुर में स्वच्छता और सड़क सुरक्षा के विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता के साथ निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान जूनियर में वैष्णवी दुबे व संध्या प्रजापति दूसरे स्थान पर शालू साहू तीसरे स्थान पर रही वहीं सीनियर में मीनाक्षी प्रथम, दूसरे पर निकिता सोनी तीसरे पर चांदनी प्रजापति रही। वहीं निबंध प्रतियोगिता में जूनियर में शिवांशी मिश्रा, दूसरे पर दिव्यानी विश्वकर्मा तीसरे पर रिया रही वहीं सीनियर में मुस्कान प्रथम, हुमैरा दूसरे और तीसरे स्थान पर सादिया रहीं। कॉलेज के प्रबंधक कुशामकर देव मिश्र ने पुरस्कृत किया।

### कंपोजिट विद्यालय के भवन का उद्घाटन

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** करौंदीकला विकासखंड के कंपोजिट विद्यालय गुदरा के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन मुख्य अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी कृष्ण कुमार मिश्र एवं विशिष्ट अतिथि थानाध्यक्ष उपेन्द्र सिंह ने फीता काट कर तथा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व बीआरसी महानारायण झा ने की।

### निधन पर शोकसभा

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** बार एसोसिएशन के वरिष्ठ अधिवक्ता ज्ञानेन्द्र नाथ वर्मा के निधन पर बार संघ भवन में सोमवार को शोक सभा आयोजित की गई। अधिवक्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर बार अध्यक्ष रणजीत सिंह त्रिसुंडी, महासचिव रमाशंकर पांडेय, पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र बहादुर सिंह, नरोत्तम शुक्ल, करुणा शंकर द्विवेदी सहित कई अन्य अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# डीजे पर विवाद में चाकू से रेता युवक का गला

## आरोपी युवक ने मृतक के दोस्त पर भी किया चाकू से वार, शांति व्यवस्था के लिए दोनों गांवों में पुलिस बल तैनात

लंभुआ, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** दोस्त के साथ बारात में गए युवक पर डीजे पर डांस को लेकर हुए विवाद में दूसरे युवक ने चाकू से हमला कर दिया। हमलावर ने बीच बचाव करने दौड़े दोस्त पर भी हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल युवक को ट्रामा सेंटर ले जाते समय रास्ते में ही दम तोड़ दिया। पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए दोनों गांवों में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है।

लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के पांडेपुर गौतमपुर निवासी सत्यम यादव द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर के मुताबिक उसके भाई उत्तम यादव (21) की कोतवाली क्षेत्र के ही शाहगढ़ निवासी अमरदीप से बहुत पुरानी दोस्ती थी। रविवार की रात दोनों लोटिया निवासी राजेंद्र सोनकर की बहन की शादी में शामिल होने गए थे। वहां पर मोतिगरपुर कोतवाली क्षेत्र के दियरा बाजार निवासी राम संभारे सोनकर के यहां से बारात आई हुई थी। रात्रि में लगभग 11 बजे शाहगढ़ निवासी गोविंद सोनकर जो वहां पर पहले से ही मौजूद था, उससे डीजे पर डांस को लेकर विवाद हो गया और उसने उत्तम के गले पर चाकू से वार कर दिया। आरोपी युवक ने बीच बचाव करने आए अमरदीप की पीठ में भी चाकू घोंप दिया। घटना के बाद तत्काल घायल उत्तम को अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होती देख डॉक्टरों ने उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर रेफर कर दिया। वहां से उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया लेकिन रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। घटना के तत्काल बाद काफी संख्या में आए बाराती व अन्य रिश्तेदार फरार हो गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।


मृतक के गांव में तैनात पीएसी व पुलिस बल व इनसेट में उत्तम यादव की फाइल फोटो।

कोतवाली प्रभारी अखंड देव मिश्रा ने बताया कि आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और पुलिस मामले की जांच कर रही है। शीघ्र उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। एडिशनल एसपी ने बताया कि आरोपी गोविंद सोनकर की गिरफ्तारी हेतु तीन टीमों का गठन किया गया है। मृतक युवक के परिजनों ने बताया कि रविवार की शाम घर से वह पीढ़ी जयसिंहपुर के लिए गया था। फिर वहां से आने के बाद अपनी भाभी को कहीं छोड़ने गया था, फिर छोड़ कर आया और घर वालों से बताया कि हम बारात जा रहा हैं और रात में यह घटना हो गई।

# सड़क दुर्घटना में वृद्ध समेत दो लोगों की मौत

**धनपतगंज, अमृत विचार, सुलतानपुरः** तेज रफ्तार बाइक और पिकअप की आमने-सामने टक्कर में युवक समेत दो लोग घायल हो गए। बाइक सवार युवक की इलाज के दौरान मौत हो गयी। वहीं दूसरे घायल वृद्ध की घर जाने के कुछ देर बाद मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया।

सोमवार को करीब 12 बजे लोहंगी गांव निवासी रवि सेन (24) पुत्र उदय प्रताप किसी काम से बाइक स्थानीय कस्बा आए थे। तभी अचानक सामने जा रहे एक साइकिल सवार से टकरा गए और बाइक का संतुलन बिगड़ गया। सामने से आ रही पिकअप से टकरा गए। जिससे रबीसेन और हरी प्रसाद गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सीएचसी लाया गया। जहां हालत गंभीर देख चिकित्सक ने जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान घायल रवि सेन की मौत हो गयी। मौत की खबर सुनते ही परिवार मे कोहराम मच गया। वहीं, दुर्घटना में घायल साइकिल सवार रुद्रपुर गांव निवासी हरी प्रसाद (65) की हालत घर जाने के बाद करीब 3 बजे बिगड़ गई और उनकी भी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि दुर्घटना के सभी पहलुओं की जांच के साथ कार्रवाई जारी है।

# रेस्टोरेंट व होटल 10 बजे तक खोलने की मिले अनुमति

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचारः** सोमवार को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिला उपाध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल के नेतृत्व में व्यापारियों का एक प्रतिनिधिमंडल अपर पुलिस अधीक्षक अखंड प्रताप सिंह व सीओ सिटी प्रशांत सिंह को मांग पत्र सौंपा। व्यापारियों की मांग थी कि प्रशासन द्वारा रात नौ बजे ही दुकानों को बंद करा दिया जाता है। जिससे अस्पताल में भर्ती मरीजों व तीमारदारों को समस्याओं को सामना करना पड़ता है। रेस्टोरेंट व्यवसाय व जलपान से जुड़े व्यापारियों को भी आर्थिक नुकसान हो रहा है। जिला

**▸▸ व्यापारियों ने एडिशनल एसपी व सीओ सिटी को सौंपा ज्ञापन**

अस्पताल, रोडवेज स्टेशन व रेलवे स्टेशन को 10 बजे रात तक बंद करने से छूट दी जाए। साथ ही बताया कि पुलिस की तत्परता व तलाशी अभियान से आवांछित व अपराधियों में भय व्याप्त है। शहर का आम नागरिक व्यापारी सुरक्षित महसूस कर रहा है। प्रतिनिधि मंडल में जिला संगठन महामंत्री संजय कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष बैजनाथ कसौधन, जिला मंत्री पल्लव खेतान, फूलचंद्र अग्रहरि, युवा नगर अध्यक्ष मोहित साहू व शंकर दयाल अग्रहरि रहे।

# छेड़छाड़ के 2 दोषियों को पॉक्सो कोर्ट ने सुनाई 3 साल की सजा

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** गोसाईगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में चार साल पूर्व दलित किशोरी से छेड़छाड़ करने के दोषी हफीज अहमद और मोफीद को पॉक्सो कोर्ट न्यायाधीश नीरज श्रीवास्तव ने सोमवार को तीन साल की सजा सुनाई। कोर्ट ने प्रत्येक दोषी पर 17 हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड की संपूर्ण रकम पीड़िता को देने का आदेश भी कोर्ट ने दिया है। एडीजीसी रमेश चन्द्र सिंह के मुताबिक दोषियों ने 7 अप्रैल 2020 को किशोरी से छेड़छाड़ किया था । आरोपियों ने पीड़िता के घर जाकर मारपीट भी की तथा जातिसूचक शब्दों से अपमानित भी किया। पीड़िता के परिवार वालो



की तहरीर पर केस दर्ज कर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की। अभियोजन पक्ष की तरफ मुकदमे के दौरान पेश किए गये गवाहो के साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट ने दोषियों को तीन साल की सजा सुनाई।

### जेल में निरुद्ध आरोपी ससुर को मिली जमानत

कोतवाली देहात के रायचंद्रपुर में बीती एक अगस्त को बहू की दहेज उत्पीड़न और हत्या के मामले में आरोपी ससुर गया प्रसाद को विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट, राकेश पांडेय की अदालत से जमानत मिल गई। वादी श्यामा देवी ने अपनी बेटी लवली की दहेज के लिए गला दबाकर हत्या का आरोप लगाया था। बचाव पक्ष के वकील अरविंद सिंह राजा ने तर्क दिया कि गया प्रसाद घटना के समय ड्यूटी पर था और उसे झूठा फंसाया गया है। अदालत ने अभियोजन और बचाव पक्ष की दलीलों के बाद जमानत मंजूर की। मामले में मृतका की मां श्यामा देवी ने पति हितेश, सुषमा देवी, ससुर गया प्रसाद, ज्येष्ठ राहुल, सुमित, विवेक और ननद लक्ष्मी के खिलाफ केस दर्ज कराया था।

### माननीयों के विचाराधीन केस में सुनवाई टली

**संवाददाता, सुलतानपुर :** हर्ष फायरिंग मामले में इसौली के पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह सोनू और उनकी जिला पंचायत सदस्य बहन अर्चना सिंह की सुनवाई अभियोजन साक्षी के न आने के कारण 21 अक्टूबर तक टल गई। वहीं, लंभुआ विधायक सीताराम वर्मा और अन्य के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन के मामले में सुनवाई 22 अक्टूबर को होगी। इसके अलावा 11 साल पुराने अभद्र टिप्पणी के मामले में राहुल गांधी के खिलाफ सुनवाई भी 22 अक्टूबर को होगी।

### अशफाक हत्याकांड में सुनवाई आज

**संवाददाता, सुलतानपुर :** जगदीशपुर कस्बे में छह साल पूर्व दिन दहाड़े हुई अशफाक अहमद की हत्या के मामले में सोमवार को बहस नहीं हो सकी। कोर्ट ने बहस के लिए मंगलवार की तारीख नियत की है। जिला जज की अदालत ने सफाई साक्ष्य की कार्रवाई के बाद मामले को बहस के लिए नियत किया है। अमेठी के जगदीशपुर कस्बे विजया बैंक के सामने 30 जनवरी 2018 को बम व गोली मारकर अशफाक की हत्या कर दी गई थी। घटना में कई लोग घायल हुए थे। हत्याकांड में जगदीशपुर के पूर्व ब्लाक प्रमुख राजेश विक्रम सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राकेश विक्रम व सतई सहित कई आरोपी हैं। कोर्ट ने मामले में बहस के लिए आठ अक्टूबर की तारीख नियत की है।

# महिलाओं को किया गया जागरूक

लंभुआ, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के दूल्हापुर ग्राम पंचायत भवन पर सरकार द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान शारदीय नवरात्रि के चतुर्थ दिवस पर महिला सुरक्षा को लेकर महिला पुलिस चौकी लंभुआ प्रभारी ने कार्यक्रम आयोजित किया। महिलाओं व छात्राओं के साथ संवाद कर उनके अधिकारों की प्रति जागरूक किया।

आयोजित बैठक में महिला उप निरीक्षक कुसुमलता ने मिशन शक्ति अभियान में नियुक्त बीसी सखी, राजस्व लेखपाल, आशा बहू, पंचायत सहायक, महिला मंडल अध्यक्ष तथा अन्य सरकारी विभागों के महिला कर्मियों से समन्वय स्थापित कर मिशन शक्ति अभियान के तहत बताया कि महिला सुरक्षा के तहत बाल घरेलू हिंसा, पास्को और कार्य स्थल पर लैंगिक उत्पीड़न, प्रति महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति उन्हें जागरूक किया। श्री मिश्रा ने मौजूद महिलाओं को सरकारी योजनाओं कन्या सुमंगला योजना, पीएम सम्मान निधि योजना, सामूहिक विवाह योजना के बारे में विस्तार से बताया उन्होंने मौजूद महिलाओं को महिला हिंसा से संबंधित शिकायतों के निवारण के लिए हेल्पलाइन नंबर 1090, 1098, 1076, 181 और 112 के बारे में जानकारी दी।


पंचायत भवन में आयोजित जागरूकता शिविर में शामिल महिलाएं व छात्राएं।

**● पंचायत भवन पर मनाया गया मिशन शक्ति अभियान**

# आशनाई में हुई थी प्रतापगढ़ के युवक की हत्या

भदैंया, सुलतानपुर

**खुलासा**

**▸▸ ननिहाल में रहकर पड़ोस की युवती से बनाया था प्रेम प्रसंग**

**अमृत विचारः** कुटीवा तिवारीपुर गांव में शनिवार को दिनदहाड़े प्रतापगढ़ के अनुज वर्मा उर्फ गोलू की गर्दन काटकर हत्या का पुलिस ने तीसरे दिन 48 घंटे बाद राजफाश कर दिया है। आरोपी की बहन से प्रेम प्रसंग के चलते भाई ने अनुज को मौत के घाट उतार दिया था। जिसमें सभी नामजद को पुलिस ने गिरफ्तार कर आला कत्ल के साथ जेल भेजने की कार्रवाई भी की है।

प्रतापगढ के कोहड़ौर थाने के लोहारन का पुरवा निवासी अनुज वर्मा उर्फ गोलू (18) पुत्र शिवलाल वर्मा की शनिवार दोपहर बाद गांव के बाहर कुल्हाड़ी से गर्दन काटकर हत्या कर दी गयी थी। मृतक के मामा की तहरीर पर कोतवाली देहात पुलिस ने पड़ोस के सनी वर्मा उर्फ सूरज, उसके पिता नंदलाल वर्मा, मां जानकी तथा बहन शिवानी वर्मा के नाम हत्या सहित गंभीर धाराओं मे मुकदमा दर्ज किया है। मृतक अनुज तिवारीपुर मे अपने नाना नेपाल वर्मा के यहां रहता था उसके पिता परदेश मे नौकरी करते है। घटना के 48 घंटे बाद देहात पुलिस ने सभी नामजदों को उतुरी स्कूल के पकड़ी मोड़ से गिरफ्तार करने मे सफलता पाई है। जिसके बाद मुख्य आरोपी ने घटना का कारण अपनी बहन से मृतक अनुज वर्मा का प्रेम प्रसंग का मामला बताया तथा आशनाई को लेकर उसकी हत्या की बात बताई है। पुलिस ने हत्यारोपी की निशानदेही पर घटना में मौजूद रक्त रंजित कुल्हाड़ी भी बरामद करने में सफलता पायी है। अनुज उर्फ गोलू की हत्या में गिरफ्तार चारो आरोपी रिश्ते में मां बाप व भाई बहन है। देहात कोतवाल ने बताया कि आशनाई के चलते यह घटना घटी है। इसमें मृतक का हत्यारोपी सनी की बहन से संबंध था, जिसको लेकर शनी ने अनुज की बुलाकर हत्या कर दी थी। सभी नामजदों को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

**सार-संक्षेप**

### विजेथुआ महोत्सव को लेकर तैयारियां तेज

**सूरापुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** बिजेथुआ महोत्सव के आयोजन की तैयारियों को लेकर सोमवार को स्थानीय विधायक राजेश गौतम की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में उपजिलाधिकारी कादीपुर उत्तम तिवारी ने महोत्सव आयोजन समिति के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त किया। बैठक में प्रशासन के सहयोग, मकरी कुंड सरोवर की साफ–सफाई, स्वयं सेवकों की व्यवस्था, प्रशासन की अनुमति आदि विषयों पर व्यापक विचार विमर्श किया गया। इसके बाद उपजिलाधिकारी कादीपुर ने कार्यक्रम स्थल का विधायक के साथ निरीक्षण किया। उन्होंने आयोजन स्थल पर बनने वाले मंच, प्रवेश द्वार, निकास द्वार आदि की जानकारी लिया तथा आवश्यक निर्देश दिया। इस अवसर पर रितेश दूबे, राधेश्याम पांडेय, प्रधान प्रतिनिधि संदीप चौधरी, डा. सुरेन्द्र तिवारी, अम्बरीष मिश्र, रमाकांत बरनवाल, एसपी तिवारी के अतिरिक्त काफी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।


कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करते विधायक व एसडीएम।

### बाजार आए युवक को रोककर पीटा, फायरिंग का आरोप

**धनपतगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार :** बाइक से बाजार गए युवक को दूसरे गांव के लोगों ने जबरदस्ती रोककर पीट दिया। पिटाई के बाद युवक ने थाने पर तहरीर दे कार्यवाही की मांग की है। धनपतगंज थाना क्षेत्र बनके पुर गांव निवासी आदर्श पांडेय ने थाने पर तहरीर दी है। आदर्श ने बताया कि दो अक्टूबर की शाम पांच बजे बाइक सीएचसी धनपतगंज जा रहा था। इसी बीच बल्दन पांडेय पुरवा निवासी अभय शुक्ला ने अपने चार पहिया वाहन से पीछा किया और जबरदस्ती रोक गाली गलौज देते हुए मारा पीटा। जिसकी शिकायत थाने पर देकर घर वापस आ रहा था। इसी बीच उक्त लोगों ने जान से मारने की नियत से फायर कर दिया। जिसमें वह बाल–बाल बच गए। धनपतगंज थाना प्रभारी राम आशीष उपाध्याय ने बताया कि मामला संज्ञान में है। जांच पड़ताल की जा रही है। पूर्व में भी दोनो पक्षों पर मुकदमा दर्ज है।

### सत्यापन में दिखा दिया मृत, पेंशन को भटक रहा बुजुर्ग

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** हर साल समाज कल्याण विभाग वृद्धा व विधवा पेंशन का सत्यापन कराता है। सत्यापन के दौरान सचिव ने जीवित वृद्ध को ही मृत दिखा दिया तो समाज कल्याण ने पेंशन रोक दी। वृद्धा पेंशन बहाल कराने के लिए वृद्ध दो वर्षों से ब्लाक तहसील व विकास भवन का चक्कर लगा रहा है। कूरेभार विकास खंड के पलिया गांव निवासी वृद्ध काली सहाय को बुढ़ापे की लाठी वृद्धा पेंशन योजना से लाभान्वित थे। वर्ष 2022 में समाज कल्याण विभाग ने ग्रामीण क्षेत्रों में विकास खंड स्तर पर नगर क्षेत्र में तहसील पर सूची सत्यापन के लिए भेजा था। अधिकारियों ने आफिस से ही सत्यापन कर काली सहाय को मृत दिखा सूची भेज दी। सूची देख समाज कल्याण विभाग ने वृद्ध की पेंशन रोक दी। पेंशन पाने के लिए वृद्ध दो साल से ब्लाक तहसील व विकास खंड स्थित समाज कल्याण का चक्कर लगाता रहा। सोमवार को जब मामला समाज कल्याण के बड़े बाबू के पास पहुंचा तोवृद्ध से शिकायती पत्र लेकर समाज कल्याण अधिकारी से अग्रसारित करा लखनऊ भेज दिया।

# किसान समस्याओं को लेकर भाकियू ने लगाई पंचायत

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचारः** भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) कस्बे के निरीक्षण गृह के परिसर में पंचायत कर किसान समस्याओं से संबंधित एसडीएम को संबोधित नौ सूत्री ज्ञापन तहसीलदार घनश्याम भारती को सौंपा।

सोमवार को दिए गए ज्ञापन में शासन द्वारा मिट्टी का तेल नहीं दिया जा रहा है। जिससे किसानों को शाम को अंधेरे में रहने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। मिट्टी के तेल की आपूर्ति कराए जाने एवं शाम को साढ़े पांच बजे से विद्युत आपूर्ति कराई जाने की मांग की गई है। पशु स्वास्थ्य प्रमाण पत्र की शुल्क कितनी है एवं दवा करने की शुल्क कितनी है। गोकुल ग्राम के अंतर्गत चयनित किए गए गांव की सूची उपलब्ध कराए जाने तथा बाल विकास परियोजना अधिकारी द्वारा हर ग्राम में कुपोषित बच्चों व गर्भवती महिलाओं जिन्हें पोषाहार की सुविधा दी जा रही है। उनकी सूची पंचायत भवन एवं आंगनबाड़ी केंद्र पर चस्पा किए जाने की मांग की गई है। आपूर्ति विभाग द्वारा छोटे काश्तकारों को भी राशन कार्ड काटने की नोटिस दी जा रही है। उसे तत्काल रोका जाए और अभी हाल में आए तूफान व बारिश के कारण किसानों के नुकसान हुई फसलों का मुआवजा दिलाए जाने की मांग की गई है।

# साहित्य एवं कला में रामरती बना चैंपियन

गोसाईगंज, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** तीन दिवसीय 74वीं माध्यमिक स्कूल खेलकूद प्रतियोगिता रामरती इंटर मीडिएट कालेज द्वारिकागंज का भव्य समापन हुआ। जिसमें जिले के एक हजार बच्चों ने एथलेटिक्स, सांस्कृतिक कार्यक्रम साहित्य एवं कला प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया।

खेल में एमजीएस, एथलेटिक्स में हनुमत इंटर कॉलेज धम्मौर तो वही कला, साहित्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में रामरती इण्टरमीडिएट कालेज चैंपियन बना। ट्रिपल जंप सीनियर बालिका में धम्मौर की श्रेया, बालक में एम एस वी के महफूज रहे विजेता वही जूनियर बालिका ट्रिपल जंप में तिरहुत की रोली, बालक में सुभाष इंटर कॉलेज पलिया के फुजैल ने बाजी मारी।भाला फेंक सीनियर बालिका में धम्मौर की रिंकी कश्यप, जूनियर में धम्मौर की ही अंशिका ने ही जीत दर्ज की।सीनियर बालक गोला फेंक में धम्मौर के सनी कनौजिया विजेता रहे। ऊंची कूद सब जूनियर बालक में धम्मौर के सूरज पाल, जूनियर में सरस्वती विद्यालय के अंतरिक्ष ध्वज वहीं सीनियर में छींटे पट्टी के आरिश खान विजेता रहे। सीनियर बालक वर्ग एमएसवी के महफूज अहमद, मधैया के अंश चौरसिया, जूनियर बालक वर्ग में दियरा के अनुभव, कुड़वार के अंकित कोरी ,सब जूनियर बालक में रामरती के आदर्श विजेता रहे। सीनियर बालिका वर्ग में कुड़वार की साक्षी, धम्मौर की गीता और तिरहुत की शालू सिंह, जूनियर बालिका वर्ग में कादीपुर की शालू और लंभुआ की शाहीन बानो,सब जूनियर बालिका वर्ग में तिरहुत की रिचा सिंह और धम्मौर की सोनिका चौंपियन बनी।

कार्यक्रम का समापन बतौर मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य व पूर्व लोकसभा प्रत्याशी उदराज वर्मा पंकज एवं विशिष्ट अतिथि राजीव मोहन श्रीवास्तव, मथुरा प्रसाद ने किया। मुख्य अतिथि ने विजेता खिलाड़ियों मेडल देकर पुरस्कृत किया साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आयोजक मंडल को बधाई दी।


विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान करते अतिथिगण। अमृत विचार

**● एथलेटिक्स में धम्मौर इंटर कॉलेज को मिली ट्रॉफी**

**आयोजन** विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर में बोले अपर जिला जज–

# महिलाओं को अधिकारों के साथ हो कर्तव्यों का भी बोध

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** दूबेपुर विकासखंड मुख्यालय के सभागार में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आयोजित विधान से समाधान पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। अपर जिला जज/सचिव विजय कुमार गुप्ता ने शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं को अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों का भी बोध होना आवश्यक है। परिवार और समाज का सफल संचालन कर्तव्यों के पालन से ही संभव है, जिससे विवाद कम होते हैं।


दूबेपुर ब्लॉक में आयोजित किया गया विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर।

उन्होंने महिलाओं से अपील किया कि वे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आयोजित शिविरों में भाग लें और समस्याओं के समाधान के लिए जागरूक हों। चीफ लीगल डिफेंस काउंसिल तारकेश्वर सिंह ने बताया कि महिलाओं के साथ होने वाले अपराधों से संबंधित कई कानून मौजूद हैं, जिनका लाभ उठाकर महिलाएं न्याय पा सकती हैं। पैनल अधिवक्ता अमित कुमार पांडेय ने प्राधिकरण द्वारा महिलाओं को दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी दी। असिस्टेंट लीगल डिफेंस काउंसिल कुमारी अंजली ने कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न और बालिकाओं के साथ होने वाले अपराधों के प्रति जागरूकता पर जोर दिया। उन्होंने महिलाओं और बालिकाओं को गुड टच और बैड टच की पहचान करने और अपराधों को छिपाने के बजाय रिपोर्ट करने की सलाह दी, ताकि अपराधियों को दंडित किया जा सके।

वन स्टॉप सेंटर की प्रबंधक सीता सिंह ने जानकारी दी कि संकट में घिरी महिलाओं को सेंटर पर पांच दिन का नि शुल्क प्रवास और पुलिस सुरक्षा मिलती है। सहायक श्रम आयुक्त मधुबन ने श्रमिकों और महिलाओं के लिए श्रम विभाग की योजनाओं के बारे में बताया।

# इजराइल को मदद देना बंद करे भारत

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** सोमवार को वाम दलों के राष्ट्रीय आवाह्न पर कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों द्वारा तिकोनिया पार्क में प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट प्रवीण कुमार को सौंपा। उनकी मांग थी कि भारत सरकार द्वारा इजरायल को जो आर्थिक मदद व हथियार की आपूर्ति की जा रही है उसको बंद कराया जाए। कम्युनिष्ट पार्टी के जिला सचिव शारदा पांडेय ने कहा कि अब तक इस युद्ध में करीब 40 हजार लोगों की जाने चली गयी हैं। वहीं जिला सचिव मंडल सदस्य शशांक पांडेय ने कहा कि युद्ध किसी भी समस्या का समाधान नहीं हो सकता, बल्कि में इसमें मासूम और निर्दोषों की जान जाती है।

# दुर्गा पूजाः नगर पालिका ने कसी कमर

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** ऐतिहासिक दुर्गा पूजा महोत्सव को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए जहां अन्य विभागों की तरह नगर पालिका ने भी कमर कस ली है। सोमवार को नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता ने पालिका सभाकक्ष में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा करते हुए रोस्टर के अनुसार ड्यूटी लगा दी है।

उन्होंने कहा कि महोत्सव को सम्पन्न कराने के लिए शाहगंज पुलिस चौकी के निकट पालिका का कैंप कार्यालय बनाया जाएगा। जहां से पूरे महोत्सव की निगरानी की जाएगी। पालिका ने सफाई, पेयजल, मार्ग प्रकाश, निर्माण विंग के अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी दो पालियों में लगाई गई है। कंट्रोल रुम पर सभी संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहकर समस्याओं का निस्तारण करेंगे। जिले में कुल 126 छोटी बड़ी देवी प्रतिमाओं के पंडाल लगाए जा रहे हैं। पालिका द्वारा महोत्सव में भंडारे के दौरान पेयजल के लिए पर्याप्त पानी की टैंकरों की व्यवस्था करते हुए बचे हुए सभी कार्यों को समय से पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिए हैं। ईओ लालचंद्र सरोज ने बताया कि छुट्टा मवेशियों को अभियान चलाकर पकड़ने की कार्रवाई की जा रही है।


अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते चेयरमैन प्रवीन कुमार अग्रवाल।

**● पालिकाध्यक्ष ने अधिकारियों के साथ बैठक कर बनाई रणनीति**

# बेहतर हो गई है श्रीलंका : शेफाली

दुबई, एजेंसी

- महिला टी-20 विश्व कप में कल श्रीलंका से भिड़ेगी टीम इंडिया

भारत की सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा का मानना है कि श्रीलंका की टीम पहले से बेहतर हो गई है और उसे किसी भी तरह से हल्के से नहीं लिया जा सकता क्योंकि वह अब केवल चमारी अटापट्टू पर ही निर्भर नहीं है। भारत को महिला टी-20 विश्व कप के अपने अगले मैच में बुधवार को श्रीलंका का सामना करना है जिसने उसे एशिया कप के फाइनल में हराया था। भारतीय टीम को इसके बाद 13 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया का सामना करना है।

शेफाली ने पाकिस्तान के खिलाफ भारत की जीत में 32 रन का योगदान देने के बाद कहा इससे पहले उनकी तरफ से चमारी ही अधिक रन बनाती थी और विकेट लेती थी लेकिन एशिया कप में उनकी पूरी टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया। उनकी टीम में काफी सुधार हुआ है और इसलिए वह एशिया कप जीतने में सफल रही। भारतीय टीम की उप कप्तान स्मृति मंधाना का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच काफी महत्वपूर्ण है जिसमें टीम को छोटी-छोटी गलतियों को करने से भी बचना होगा। मंधाना ने कहा एक खिलाड़ी के लिए प्रत्येक मैच महत्वपूर्ण होता है। जब आप विश्व कप में खेल रहे हों तो आपको अपना शत प्रतिशत देना होता है। लेकिन ऑस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम के खिलाफ आप गलतियां नहीं कर सकते हैं। उसे हराने के लिए आपको उस दिन अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। तेज गेंदबाज रेणुका ने कहा चमारी अटापट्टू बेहद दिलचस्प खिलाड़ी है। वह श्रीलंका में एकमात्र ऐसी खिलाड़ी है जो अपने दम पर मैच का पासा पलट सकती है।

# दिग्गज जिम्नास्ट दीपा कर्माकर ने की संन्यास की घोषणा

- रियो ओलंपिक में मामूली अंतर से कांस्य से चूक गईं थी दीपा



**नई दिल्ली।** भारत की दिग्गज जिम्नास्ट दीपा कर्माकर ने सोमवार को खेल से संन्यास लेने की घोषणा की। दीपा 2016 रियो ओलंपिक में मामूली अंतर से कांस्य पदक से चूक गईं थी।

ओलंपिक में शिरकत करने वाली भारत की पहली महिला जिम्नास्ट बनी 31 साल की दीपा रियो ओलंपिक की वॉल्ट स्पर्धा में चौथे स्थान पर रहीं थी और सिर्फ 0.15 अंक से कांस्य पदक जीतने से चूक गईं थी। दीपा ने कहा बहुत सोच-विचार और चिंतन के बाद मैंने प्रतिस्पर्धी जिम्नास्टिक से संन्यास लेने का फैसला किया है। यह आसान फैसला नहीं है लेकिन मुझे लगता है कि यह सही समय है। जब से मुझे याद है तब से जिम्नास्टिक मेरे जीवन का केंद्र रहा है और मैं उतार-चढ़ाव और बीच के हर लम्हे के लिए आभारी हूं।

# मोहन बागान को एसीएल दो से हटा हुआ माना जाएगा : एएफसी

नई दिल्ली, एजेंसी

- एशियाई फुटबॉल परिसंघ ने ईरान की यात्रा करने के खिलाफ फैसला करने पर लिया फैसला

एशियाई फुटबॉल की संचालन संस्था एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) ने सोमवार को कहा कि ट्रेक्टर एफसी का सामना करने के लिए ईरान की यात्रा करने के खिलाफ फैसला करने के लिए मोहन बागान सुपर जाइंट को एएफसी चैंपियन्स लीग (एसीएल) दो से हटा हुआ माना जाएगा।

खिलाड़ियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मोहन बागान सुपर जाइंट ने उस समय ईरान में अस्थिर स्थिति को ध्यान में रखते हुए दो अक्टूबर को होने वाले मुकाबले के लिए इस पश्चिम एशियाई देश की यात्रा नहीं करने का फैसला किया था। एएफसी ने कहा एएफसी लीग दो 2024/25 प्रतियोगिता नियमों के नियम 5.2 के अनुसार एशियाई फुटबॉल परिसंघ पुष्टि करता है कि मोहन बागान सुपर जाइंट को दो अक्टूबर को ट्रेक्टर एफसी के खिलाफ होने वाले मुकाबले के लिए तबरीज पहुंचने में नाकाम रहने के बाद एसीएल दो प्रतियोगिता से हटा माना जाएगा। परिणामस्वरूप मोहन बागान सुपर जाइंट द्वारा खेले गए सभी मैच प्रतियोगिता के नियम 5.6 के अनुसार रद्द कर दिए गए हैं और उन्हें अमान्य माना है। संदेह से बचने के लिए प्रतियोगिता के नियम 8.3 के अनुसार ग्रुप ए में अंतिम रैंकिंग निर्धारित करते समय क्लब के मैचों से जुड़े किसी अंक और गोल को ध्यान में नहीं रखा जाएगा।

## खेल डायरी

### भारत ने 50 मीटर पिस्टल स्पर्धा में टीम स्वर्ण जीता

**नई दिल्ली।** दीपक दलाल (545), कमलजीत (543) और राज चंद्रा (528) की भारतीय टीम ने पेरू की राजधानी लीमा में विश्व जूनियर निशानेबाजी चैंपियनशिप के अंतिम दिन पुरुषों की 50 मीटर पिस्टल टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। भारतीय टीम ने अजरबैजान को एक अंक से हराकर कुल 1616 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता। आर्मेनिया की टीम तीसरे स्थान पर रही। भारत ने इस तरह से 13 स्वर्ण, तीन रजत और आठ कांस्य पदक सहित कुल 24 पदकों के साथ चैंपियनशिप में शीर्ष स्थान हासिल किया। इटली पांच स्वर्ण, चार रजत और चार कांस्य पदकों के साथ दूसरे जबकि नॉर्वे चार स्वर्ण सहित कुल 10 पदकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा। भारत के मुकेश नेलवल्ली ने 50 मीटर पिस्टल स्पर्धा में व्यक्तिगत कांस्य पदक जीता, जो प्रतियोगिता में उनका छठा पदक है। उन्होंने 548 अंक बनाकर तीसरा स्थान हासिल किया। अजरबैजान के इमरान गारायेव ने 552 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता।

### नकवी को चैंपियंस ट्रॉफी पाकिस्तान में होने का भरोसा

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने सोमवार को भरोसा जताया कि आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन देश में होगा और चिर प्रतिद्वंद्वी भारत सहित सभी टीमें टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के 19 फरवरी को शुरू होने का कार्यक्रम है जबकि इसका फाइनल नौ मार्च को खेला जाना है। आयोजन स्थल के रूप में लाहौर, कराची और रावलपिंडी को चुना है। दोनों देशों के बीच तनावपूर्ण राजनीतिक रिश्तों के कारण भारत ने जुलाई 2008 के बाद से अपनी टीम को पाकिस्तान नहीं भेजा है। भारतीय टीम को आना चाहिए। मुझे नहीं लगता कि वे यहां आना रद्द या स्थगित करेंगे और हमें पूरा भरोसा है कि हम चैंपियंस ट्रॉफी में सभी टीमों की मेजबानी पाकिस्तान में करेंगे। पाकिस्तान भारत सहित सभी टीमों की मेजबानी के लिए तैयार है और तैयारियां तय समय पर चल रही हैं।

### एशियाई क्रॉस कंट्री के लिए भारतीय टीम में गुलवीर

**नई दिल्ली।** एशियाई खेलों के पदक विजेता लंबी दूरी के धावक गुलवीर सिंह को 20 अक्टूबर को हांगकांग में होने वाली एशियाई क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप के लिए सोमवार को आठ सदस्यीय भारतीय सीनियर टीम में शामिल किया गया। सेना के इस 26 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछले साल हांगझोउ एशियाई खेलों में पुरुषों की 10,000 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीता था। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) की चयन समिति ने 24 नवंबर को पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में होने वाली दक्षिण एशियाई क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप के लिए राष्ट्रीय सीनियर और जूनियर टीमों की भी घोषणा कर दी है। एशियाई क्रॉस कंट्री में भाग लेने वाली राष्ट्रीय टीम को नवंबर में पाकिस्तान में दक्षिण एशियाई क्रॉस कंट्री में खेलने का भी मौका मिलेगा। एएफआई के अध्यक्ष आदिल सुमरिवाला ने कहा पाकिस्तान में होने वाली दक्षिण एशियाई क्रॉस-कंट्री चैंपियनशिप में एथलीटों की भागीदारी फिटनेस पर निर्भर करेगी। जो भी एथलीट अनफिट होगा उसे राष्ट्रीय टीम से बाहर कर दिया जाएगा। एशियाई क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप के लिए टीम में सीनियर पुरुष : गुलवीर सिंह, कार्तिक कुमार, अभिषेक पाल, अरुण राठौड़।

### सनत जयसूर्या श्रीलंका के प्रमुख कोच बने

**कोलंबो।** सनत जयसूर्या को 2026 टी-20 विश्व कप तक श्रीलंकाई पुरुष टीम का प्रमुख कोच बनाया गया है। श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने अंतरिम कोच जयसूर्या की अगवाई में टीम के अच्छे प्रदर्शन को देखते हुए उन्हें स्थाई कोच बनाने का फैसला किया है। एसएलसी की ओर से कहा गया है श्रीलंका क्रिकेट की एग्ज़ेक्यूटिव कमेटी ने टीम के बेहतरीन प्रदर्शन को आधार मानते हुए ये निर्णय लिया है। जयसूर्या के अंतरिम कोच रहते हुए टीम ने भारत, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के खिलाफ शानदार जीत दर्ज की है। पिछले कुछ महीने में जयसूर्या की कोचिंग में श्रीलंका ने 27 साल बाद भारत के एकदिवसीय सीरीज जीती, उसके बाद इंग्लैंड के खिलाफ इंग्लैंड में 10 साल बाद टेस्ट में जीत हासिल की और फिर अभी भी न्यूजीलैंड को टेस्ट सीरीज में 2-0 से हराते हुए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फइनल में जगह बनाने की उम्मीदों को जिंदा रखा है। जयसूर्या का ये पहला कोचिंग अनुभव है। इससे पहले जयसूर्या श्रीलंकाई टीम के साथ मुख्य चयनकर्ता के तौर भी कार्यभार संभाल चुके हैं। प्रमुख कोच के तौर पर जयसूर्या का पहली परीक्षा दंबुला और पल्लेकेले में होने वाले वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू सफेद गेंद सीरीज में होगा।



# वापसी को तैयार लक्ष्य और सिंधू

## पेरिस ओलंपिक की निराशा के बाद आर्कटिक ओपन सुपर 500 में उतरेंगे दोनों दिग्गज

वंता (फिनलैंड), एजेंसी

पेरिस ओलंपिक में पदक जीतने में नाकाम रहे भारत के स्टार खिलाड़ी पीवी सिंधू और लक्ष्य सेन मंगलवार से यहां शुरू होने वाले आर्कटिक ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वापसी करेंगे। सिंधू और सेन का ओलंपिक के बाद यह पहला टूर्नामेंट होगा। इन दोनों ने इस बीच अपने खेल का मूल्यांकन करने और उसमें आवश्यक सुधार करने पर ध्यान दिया।

सिंधू ने इस बीच अपने पिछले कोच इंडोनेशिया के एगस ड्वी सैंटोसो से नाता तोड़कर भारत के अनूप श्रीधर और कोरियाई दिग्गज ली स्यून इल को अपने नए कोच के रूप में नियुक्त किया। दूसरी तरफ सेन ने अपनी फिटनेस पर ध्यान दिया। उन्होंने इस दौरान अपना अधिकतर समय ऑस्ट्रिया के रेड बुल एरेना में बिताया। आर्कटिक ओपन में सिंधू का पहला मुकाबला कनाडा की मिशेल ली से जबकि ओलंपिक में कांस्य पदक के मुकाबले में हारने वाले सेन का डेनमार्क के रासमस गेम्के से होगा। ओलंपिक में दो बार की पदक विजेता सिंधू अगर पहली बाधा पर कर लेती हैं तो अगले दौर में



उनका सामना 2022 की जूनियर विश्व चैंपियन 18 वर्षीय जापानी खिलाड़ी टोमाको मियाजाकी से हो सकता है जिससे वह इस साल की शुरुआत में स्विस ओपन में हार गई थी। सेन के लिए भी यह गेम्के से बदला लेने का मौका होगा। वह 2023 में इंडिया ओपन में उनसे हार गए थे। अगर वह इस मैच को जीतने में सफल रहते हैं तो उनका अगला मुकाबला चीनी ताइपे के सातवीं वरीयता प्राप्त चोउ टीएन चेन से हो सकता है।

चोट के कारण चार महीने तक बाहर रहने के बाद मकाऊ ओपन में वापसी करने वाले किदांबी श्रीकांत भी आर्कटिक ओपन में अपनी चुनौती पेश करेंगे। वह हमवतन किरण जॉर्ज और सतीश कुमार करुणाकरण के साथ क्वालीफायर से अपना अभियान आगे बढ़ाएंगे। क्वालीफायर में दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत का मुकाबला जॉर्ज से होगा, जबकि सतीश फ्रांस के अरनॉड मर्कले से भिड़ेंगे। महिला एकल में सिंधू के अलावा फॉर्म में चल रही मालविका बंसोड़ और आकर्षी कश्यप भी अपनी चुनौती पेश करेंगे। चीन ओपन सुपर 1000 के क्वार्टरफाइनल में पहुंचने वाली मालविका पहले दौर में चीनी ताइपे की सुंग शुओ युन से भिड़ेंगी, जबकि आकर्षी का मुकाबला जर्मनी की यवोन ली से होगा। एक अन्य भारतीय खिलाड़ी उन्नति हुडा क्वालीफायर में इज़राइल की हेली नीमन से भिड़ेंगी। पुरुष युगल में कोई भारतीय भाग नहीं ले रहा है लेकिन रितुपर्णा पांडा और स्वेतापर्णा पांडा महिला युगल में जबकि सतीश और आद्या वरियाथ मिश्रित युगल में अपनी चुनौती पेश करेंगे।

# फ्रिट्ज-दिमित्रोव जीत के साथ शंघाई मास्टर्स में आगे बढ़े



**शंघाई।** विश्व रैंकिंग में सातवें स्थान पर काबिज टेलर फ्रिट्ज और 10वीं रैंकिंग के खिलाड़ी ग्रिगो दिमित्रोव बारिश से प्रभावित शंघाई मास्टर्स के दूसरे दौर के अपने-अपने मैच को जीतकर अगले दौर में पहुंच गए। इन दोनों खिलाड़ियों का मैच शनिवार को शुरू हुआ था लेकिन बारिश की बाधा के कारण यह सोमवार को पूरा हुआ।

अमेरिकी ओपन के उपविजेता फ्रिट्ज ने शनिवार को बारिश के कारण खेल रोके जाते समय फ्रांस के टेरेंस एटमाने के खिलाफ शुरुआती सेट में 4-3 की बढ़त बना ली थी। इस 26 साल के अमेरिका के खिलाड़ी ने 122 मिनट के मैच में विश्व रैंकिंग में 161वें स्थान पर काबिज एटमाने को 7-6 (4), 7-6 (5) हराया। अपने 100वें मास्टर्स टूर्नामेंट में खेल रहे 33 साल के दिमित्रोव ने जिजौ बर्ग्स पर सोमवार को एक सेट की बढ़त के साथ फिर से शुरुआत की। दिमित्रोव ने 6-3, 3-6, 6-2 से अपने नाम किया।

# लेवांडोव्स्की की हैट्रिक से बार्सिलोना शीर्ष पर पहुंचा

मैड्रिड, एजेंसी

- स्पेनिश लीग फुटबॉल टूर्नामेंट ला लिगा में अलावेस को 3-0 से चखाया हार का स्वाद

रॉबर्ट लेवांडोव्स्की ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए रविवार को यहां खेले गए मैच में 25 मिनट के अंतराल में हैट्रिक बनाई, जिससे बार्सिलोना ने अलावेस को 3-0 से हराकर स्पेनिश लीग फुटबॉल टूर्नामेंट ला लिगा में अंतरराष्ट्रीय ब्रेक से पहले शीर्ष पर पहुंच गया।

लेवांडोव्स्की ने सातवें, 22वें और 32वें मिनट में गोल करके लीग में नौ मैचों में अपने गोल की संख्या 10 पर पहुंचा दी। वह अभी तक वर्तमान सत्र में सभी प्रतियोगिताओं में 11 मैच में 12 गोल कर चुके हैं। उन्होंने अपने पिछले पांच मैचों में आठ गोल किए हैं। पोलैंड के स्ट्राइकर ने मंगलवार को चैंपियंस लीग में बार्सिलोना की यंग बॉयज़ पर 5-0 से जीत में भी दो गोल किए थे। इस जीत से बार्सिलोना दूसरे स्थान पर काबिज रियाल मैड्रिड से तीन अंक आगे हो गया है। रियाल मैड्रिड शनिवार को चौथे स्थान पर मौजूद विलारियाल को 2-0 से पराजित करके बार्सिलोना की बराबरी पर पहुंच गया था।

इस बीच एटलेटिको मैड्रिड रियल सोसिदाद से 1-1 से ड्रा खेलकर तीसरे स्थान पर पहुंच गया। अन्य मैचों में डोडी ल्यूकबाकियो ने 50वें मिनट में पेनल्टी किक को गोल में बदलकर सेविला को रियल बेटिस पर 1-0 से जीत दिलाई जबकि गिरोना ने एथलेटिक बिलबाओ को हराया।

# ब्रूनो विश्व कप क्वालीफायर के लिए ब्राजील की टीम में

**रियो डी जेनेरियो।** फ्लैमेंगो डिफेंडर फैब्रिसियो ब्रूनो को चिली और पेरू के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर के लिए ब्राजील की टीम में शामिल किया गया है।

ब्राजील फुटबॉल परिसंघ (सीबीएफ) ने बताया कि 28 वर्षीय खिलाड़ी रियल मैड्रिड के सेंटर-बैक एडर मिलिटाओ की जगह लेंगे जिन्हें मांसपेशियों में खिंचाव के कारण मैचों बहार होना पड़ा है। मिलिटाओ चोट के कारण ब्राजील की टीम से बाहर किए जाने वाले पांचवें खिलाड़ी हैं। इससे पहले रविवार को सीबीएफ ने घोषणा की थी कि गर्दन की समस्या के कारण रियल मैड्रिड के फॉरवर्ड विनीसियस जूनियर के हटने के बाद फुलहम के मिडफील्डर एंड्रियास परेरा को टीम में शामिल किया।

# भारत अंडर-19 ने बनाए 316 रन

चेन्नई, एजेंसी

- दूसरे टेस्ट के पहले दिन नित्या, कार्तिकेय, निखिल और कप्तान सोहम ने लगाए अर्धशतक

नित्या पांडे (94), केपी कार्तिकेय (71), निखिल कुमार (61) और कप्तान सोहम पटवर्धन (नाबाद 61) की अर्धशतकीय पारियों के दम पर भारत अंडर-19 टीम ने सोमवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले जा दूसरे चार दिवसीय टेस्ट मैच में पहले दिन पांच विकेट पर 316 स्कोर खड़ा कर मैच पर अपनी मजबूत पकड़ बना ली है।

आज यहां चेपक स्टेडियम में भारतीय टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और केवल चार रन के स्कोर पर वैभव सूर्यवंशी (3) आउट होकर वापस पैवेलियन लौट गए। वैभव को होकेस्ट्रा ने ली यंग के हाथों आउट करा ऑस्ट्रेलिया को पहली सफलता



172 रनों की साझेदारी के दौरान नित्या और केपी कार्तिकेय ● एजेंसी

दिलाई। इसके बाद विहान मल्होत्रा एवं नित्या पांड्या ने दूसरे विकेट के लिए 60 रन जोड़े। मल्होत्रा (10) को रामकुमार ने बोल्ड आउट कर दिया। इसके बाद नित्या पंड्या और केपी कार्तिकेय ने तीसरे विकेट के लिए 172 रनों की साझेदारी की। इस दौरान नित्या पंड्या (94) शतक से चूक गए। पांड्या को होकेस्ट्रा ने रानाल्डो के हाथों कैच आउट कराया। केपी कार्तिकेय ने 71 रन बनाए। उन्हें होवे ने ओ कॉनर के हाथों कैच आउट कराया। पांचवें विकेट के रुप में निखिल कुमार (61) रन बनाकर आउट हुए। निखिल को पैटरसन ने होवे के हाथों कैच आउट कराया। दो मैचों की इस श्रृंखला में भारतीय टीम 1-0 की बढ़त बनाए हुए हैञ दिन का खेल समाप्त होने पर कप्तान सोहम पटवर्धन (नाबाद 61) और हरवंश पंगालिया (सात) रन बनाकर नाबाद रहे। ऑस्ट्रेलिया की ओर हेरी होकेस्ट्रा ने दो विकेट लिए जबकि पैटरसन, होवे तथा रामकुमार को एक-एक विकेट मिला।

## बॉलीवुड हलचल



# शर्वरी ने दिखाया फिटनेस का जलवा

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री शर्वरी ने सोशल मीडिया पर अपनी फिटनेस का जलवा दिखाया है। शर्वरी इस साल अपने शानदार प्रदर्शन के कारण सुर्खियों में हैं। मुंजा, महाराज और वेदा जैसी फिल्मों में उनकी दमदार अदाकारी ने लोगों का दिल जीत लिया है। शर्वरी अपनी आगामी फिल्म अल्फा के एक और शेड्यूल के लिए तैयार हो रही हैं, उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने वॉश बोर्ड एब्स दिखाकर सभी को बड़ा फिटनेस मोटिवेशन दिया है। शर्वरी ने अपने ग्लैमरस फिटनेस फोटोज को कैप्शन दिया इन माय फिट पूकी एरा। यशराज फिल्म्स स्पाई यूनिवर्स की फिल्म अल्फा के तीसरे शेड्यूल की शुरुआत होने जा रही है, और शर्वरी अपने फिटनेस के चरम पर हैं। इस फिल्म में वह आलिया भट्ट के साथ नजर आएंगी, और यह फिल्म 25 दिसंबर 2025 को रिलीज होगी।

# अजय की फिल्म सिंघम अगेन का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन की आने वाली फिल्म सिंघम अगेन का ट्रेलर रिलीज हो गया है। रोहित शेट्टी के निर्देशन में बनी फिल्म सिंघम अगेन, सिंघम फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म है। सिंघम अगेन का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर में अजय देवगन, करीना कपूर, अक्षय कुमार, दीपिका पादुकोण, रवि किशन, टाइगर श्रॉफ, अर्जुन कपूर, रणवीर सिंह, श्वेता तिवारी और जैकी श्रॉफ की झलक देखने को मिली है और कई दमदार डायलॉग्स सुनने को मिले हैं। इस फिल्म के ट्रेलर को हिन्दी फिल्मों के इतिहास का सबसे लंबा ट्रेलर बताया जा रहा है। फिल्म के 4 :58 सेकंड के इस ट्रेलर की शुरुआत अजय देवगन के सीन से होती है, जो देश की सीमा पर बर्फ से लदे पहाड़ों की तरफ देख रहे हैं।करीना कपूर अजय देवगन की पत्नी की भूमिका में हैं, जो रामलीला आयोजित कर रही हैं। अब अजय देवगन इतिहास दोहराने जा रहे हैं और अपने वचन के लिए एक और लंका जलाने की तैयारी में हैं। यहां से कहानी एक अलग ट्रैक पर है। फिल्म में जैकी श्रॉफ से अजय देवगन पड़ताल करते दिख रहे हैं और बात हो रही हैं अर्जुन कपूर की। अर्जुन इस फिल्म में नेगेटिव भूमिका में शानदार जंच रहे हैं। और फि एंट्री होती है पुलिस ऑफिसर शक्ति की यानी दीपिका पादुकोण की। रोहित शेट्टी की निर्देशित सिंघम अगेनमें अजय देवगन, सिंघम के किरदार में नजर आएंगे। इस फिल्म में अक्षय कुमार, रणवीर सिंह,दीपिका पादुकोण, करीना कपूर खान, टाइगर श्रॉफ, अर्जुन कपूर और जैकी श्रॉफ जैसे कई सितारे नजर आयेंगे। यह फिल्म 01 नवंबर को दीवाली के अवसर पर रिलीज होगी।



### मणिरत्नम की फिल्म में फिर से काम करेंगे रजनीकांत

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के महानायक रजनीकांत, सुप्रसिद्ध फिल्मकार मणिरत्नम के साथ फिर से काम करते नजर आ सकते हैं। रजनीकांत ने वर्ष 1991 में प्रदर्शित मणिरत्नम निर्देशित फिल्म थलपति में काम किया था। इस फिल्म में ममूटी, अरविंद स्वामी, अमरीश पुरी, श्रीविद्या, भानुप्रिया और शोभना ने भी अहम भूमिका निभाई थी। फिल्म की कहानी महाभारत के कर्ण और दुर्योधन की दोस्ती से प्रेरित थी। इस फिल्म में रजनीकांत ने कर्ण से प्रेरित सूर्य की भूमिका निभाई थी जबकि ममूटी ने दुर्योधन से प्रेरित देवराज की भूमिका निभाई थी। चर्चा है कि रजनीकांत 33 साल के बाद फिर से मणिरत्नम की फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं। रजनीकांत के जन्मदिन 12 दिसंबर को इस फिल्म की आधिकारिक घोषणा की जा सकती है।मणिरत्नम इन दिनों कमल हासन के साथ ठग लाइफ की शूटिंग कर रहे हैं। वहीं रजनीकांत अपनी फिल्म वेट्टैयन की रिलीज के लिए तैयार हैं, जो 10 अक्टूबर को आनी है।

# अलास्कन नाइट्स ने एसजी पाइपर्स को हराकर दर्ज की पांचवी जीत

लंदन, एजेंसी

- जीसीएल ग्लोबल शतरंज लीग में कार्लसन से हारने के बावजूद अनीश गिरी शीर्ष पर

पीबीजी अलास्कन नाइट्स ने यहां चल रही टेक महिंद्रा ग्लोबल शतरंज लीग (जीसीएल) में रविवार चौथे दिन के दूसरे मैच में अल्पाइन एसजी पाइपर्स को 9-7 के करीबी अंतर से हराकर अपना अपराजेय अभियान जारी रखा। अलास्कन नाइट्स ने इस टूर्नामेंट के आधे चरण तक हुए कुल 15 मैचों के बाद अपने सभी पांच मुकाबले जीते हैं।

अलास्कन के शीर्ष खिलाड़ी अनीश गिरी के मैग्नस कार्लसन से हारने के बावजूद उनकी टीम 58 गेम अंक हासिल करके शीर्ष पर है। वहीं गत चैंपियन त्रिवेणी कॉन्टिनेंटल किंग्स ने अपग्रेड मुंबा मास्टर्स को पराजित कर दूसरा स्थान हासिल किया और टीम शीर्ष स्थान पर काबिज अलास्कन से केवल तीन गेम अंक पीछे है। कॉन्टिनेंटल किंग्स के तेजतर्रार खिलाड़ी अलीरेजा फिरोजा ने फ्रांस के शीर्ष रेटिंग वाले खिलाड़ी मैक्सिम वैचियर-लाग्रेव को हराकर प्रतियोगिता में अपना विजय क्रम बरकरार रखा। दिन के आखिरी मैच में दुनिया के नंबर एक कार्लसन (अल्पाइन एसजी पाइपर्स) और नंबर दो खिलाड़ी हिकारू नाकामुरा (अमेरिकन गैम्बिट्स) के बीच खेला गया शानदार मुकाबला ड्रॉ पर समाप्त हुआ।

जूनियर खिलाड़ियों के बोर्ड पर डैनियल डार्डा ने जोनास बजेर को शिकस्त देकर अल्पाइन एसजी पाइपर्स को अमेरिकन गैम्बिट्स के खिलाफ 9-7 से जीत दिलाई, जिससे वह 43 गेम अंक के साथ तीसरे स्थान पर आ गए। रविवार के मुकाबलों में एक जीत और एक हार से अमेरिकन गैम्बिट्स 33 गेम अंक लेकर चौथे स्थान पर है। अपग्रेड मुंबा मास्टर्स पांचवें जबकि गैंजेस ग्रैंडमास्टर्स तालिका में अंतिम स्थान पर हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-**शंभू दयाल वाजपेयी**, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना* 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharayodhya@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

## एक नजर

### मेक्सिको में मेयर एलेजांद्रो आर्कोस की हत्या

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको के मेक्सिकन सिटी के मेयर एलेजांद्रो आर्कोस की पदभार ग्रहण करने के एक सप्ताह से भी कम समय में हत्या कर दी गई। बीबीसी की सोमवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, दिवंगत आर्कोस रविवार को चिलपेंसिंगो में मृत पाए गए। वह दक्षिण-पश्चिमी राज्य गुएरेरो के छह दिनों तक मेयर रहे थे। राज्य की गवर्नर एवलिन सालगाडो ने कहा कि आर्कोस की हत्या को लेकर शहर में शोक की लहर है। रिपोर्ट के अनुसार, मेयर की मौत शहर सरकार के नए मंत्री फ्रांसिस्को तापिया की गोली मारकर हत्या के तीन दिन बाद हुई।

### परिवार के 13 लोगों को जहर देने वाली लड़की गिरफ्तार

**सुक्कुर (सिंध)।** पाकिस्तान के सिंध प्रांत में एक लड़की और उसके प्रेमी को अपने परिवार के 13 सदस्यों को जहर देकर मारने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पाकिस्तानी समाचारपत्र डॉन ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट के अनुसार पुलिस ने कहा कि शाइस्ता अमीर बख्श से प्यार करती थी लेकिन उसका परिवार उनकी शादी के लिए सहमत नहीं था, जिसके कारण उसने प्रेमी के साथ मिलकर 19 अगस्त को खैरपुर के पास हैबत खान ब्रोही गांव में सामूहिक हत्या करने की योजना बनाई। जहरीला खाना खाने से शाइस्ता के परिवार के नौ सदस्यों की जल्द ही मौत हो गई, जबकि परिवार के चार अन्य सदस्यों की मौत कुछ दिनों में इलाज के दौरान हो गई।

### पुलिस अभियान में 7 आतंकवादी ढेर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्वी पंजाब प्रांत में पुलिस के आतंकवाद निरोधी विभाग (सीटीडी) ने प्रांत के मियांवाली जिले में सात आतंकवादियों को मार गिराने का सोमवार को दावा किया। सीटीडी की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि रविवार देर रात जिले के मेकरवाल इलाके में खुफिया सूचना के आधार पर अभियान चलाया गया, जिसके बाद आतंकवादियों और सीटीडी कर्मियों के बीच गोलीबारी हुई। गोलीबारी के दौरान सात आतंकवादी मारे गए, जबकि उनके आठ साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे।

### म्यांमा : पूर्व सत्तारूढ़ दल के वरिष्ठ नेता की जेल में मौत

**म्यांमा।** पूर्व सत्तारूढ़ दल के वरिष्ठ नेता की जेल में मौत बैंकॉक, सात अक्टूबर (एपी) म्यांमा की पूर्व सत्तारूढ़ पार्टी नेशनल लीग फॉर डेमोक्रेसी (एनएलडी) के वरिष्ठ नेता जॉ म्यिंट मौंग की सोमवार को जेल में मौत हो गई। वह 72 साल के थे। मौंग को 2021 में सेना द्वारा तख्ता पलट किए जाने के बाद गिरफ्तार किया गया था। माना जाता है कि उन पर लगे आरोप राजनीति से प्रेरित थे। मौंग अपदस्थ नेता आंग सान सू ची के करीबी थे और नेशनल लीग फॉर डेमोक्रेसी के प्रवक्ता थे। सेना द्वारा 2021 में तख्ता पलट कर सत्ता अपने हाथ में लेने से पहले तक मौंग पार्टी के द्वितीय उपाध्यक्ष और मध्य मांडले क्षेत्र के मुख्यमंत्री भी थे। सेना ने 2021 में तख्ता पलट के बाद सू ची और एनएलडी के कई वरिष्ठ नेताओं को गिरफ्तार कर लिया था।

## हमला



बेंगलुरु के पास बन्नेरघट्टा नेशनल पार्क में रविवार को एक तेंदुआ सफारी बस पर कूद गया। • एजेंसी

## हसीना के सहयोगी हिरासत में, पूर्व प्रधान सचिव भी गिरफ्तार

**ढाका।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका की एक अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के प्रधान सचिव अबुल कलाम आजाद और ढाका मेट्रोपॉलिटन अवामी लीग के कोषाध्यक्ष हुमायूं कबीर को जुबो दल के नेता शमीम की हत्या के मामले में सात दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, ढाका मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट ने रविवार को यह आदेश जारी किया। इससे पहले, इस मामले के जांच अधिकारी, पलटन पुलिस स्टेशन के उप-निरीक्षक (एसआई) नजमुल हसन ने दोनों आरोपियों के लिए 10 दिन की पुलिस रिमांड की मांग की थी। जवाब में, बचाव पक्ष के वकील ने रिमांड रद्द करने की मांग करते हुए जमानत याचिका दायर की थी।

# हमले का साल पूरा, जान गंवाने वालों को किया याद

- इजराइल पर हमास के हमले को लेकर दुनिया भर के कई देशों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

बुडापेस्ट, एजेंसी



हमलों के एक साल पूरे होने पर अपनों को याद कर पत्नी को गले लगाता पति।

इजराइल पर हमास के हमले का एक वर्ष पूरा होने को लेकर सोमवार को दुनिया भर के कई देशों में कई विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। साथ ही वैश्विक स्तर पर कई नेताओं ने यहूदी-विरोध' को समाप्त करने तथा इजराइली बंधकों की रिहाई का आह्वान किया। पिछले साल सात अक्टूबर को हमास के लड़ाकों ने इजराइल की सीमा में घुसकर सैकड़ों लोगों को बंधक बना लिया था।

हमास के हमले में करीब 1,200 लोग मारे गए थे। इसके बाद से इजराइल के गाजा पर हमले जारी हैं। रूस और यूक्रेन के बीच लंबे समय से जारी युद्ध के बीच इजराइल-हमास जंग से पश्चिम एशिया में तनाव और बढ़ गया। यूरोपीय देशों, जहां यहूदी और मुस्लिम समुदाय के सदस्य रहते हैं, ने हमास के हमले और उसके बाद गाजा में उग्रवादियों के खिलाफ इजराइल के युद्ध के मद्देनजर यहूदी विरोधी और मुस्लिम विरोधी भावनाओं को दबाने का प्रयास किया है। पिछले साल अक्टूबर से जारी इस युद्ध में 41,000 से अधिक लोग मारे गए हैं और लगभग 19 लाख लोग युद्धग्रस्त क्षेत्र से विस्थापित हुए हैं। हमास द्वारा बंधक बनाए गए इजराइली लोगों की याद में बर्लिन स्थित जर्मन चांसलरी के बाहर पीले रंग का एक रिबन लगाया गया। रिबन पर इजराइल पर हमले के दौरान मारे गए लोगों के नाम भी लिखे गए। इनमें से लगभग 100 लोग अभी भी बंधक हैं और उनमें से कई के मारे जाने की आशंका है।


# भारत-मालदीव में मुद्रा समझौता

## प्रधानमंत्री मोदी ने मुइज्जू से द्विपक्षीय संबंधों पर की चर्चा, मुक्त व्यापार समझौता जल्द

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत और मालदीव ने अपने द्विपक्षीय सहयोग को समग्र आर्थिक एवं समुद्री सुरक्षा साझेदारी के रूप में आगे बढ़ाने की घोषणा करने के साथ ही मुक्त व्यापार समझौता करने और स्थानीय मुद्राओं में कारोबार करने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के बीच सोमवार को यहां हैदराबाद हाउस में हुई द्विपक्षीय शिखर बैठक में ये निर्णय लिए गए।

दोनों नेताओं ने भारतीय सहयोग से निर्मित हानीमाधू अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के नये रनवे और 700 से अधिक आवास का उद्घाटन किया तथा मालदीव में रूपे कार्ड का शुभारंभ किया। इस मौके पर दोनों देशों के बीच आपसी सहयोग के पांच समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर करके आदान-प्रदान किया गया जो रक्षा, भ्रष्टाचार निरोधक कार्यवाही, विधि क्षेत्र में क्षमता विस्तार तथा खेल एवं युवा मामलों के क्षेत्र को लेकर हैं। इस मौके पर मोदी ने अपने वक्तव्य में कहा कि भारत और मालदीव के संबंध सदियों पुराने हैं। हमारी पड़ोसी प्रथम की नीति और 'सागर' विजन में मालदीव का महत्वपूर्ण स्थान है। उन्होंने कहा कि भारत ने सदैव मालदीव के लिए सबसे पहले मददगार की भूमिका निभाई है। चाहे मालदीव के लोगों के लिए आवश्यक वस्तुओं की जरूरत पूरी करनी हो, प्राकृतिक आपदा के समय पीने का पानी उपलब्ध कराना हो या कोविड महामारी के समय वैक्सीन देने की बात हो। मोदी ने कहा हमने हमेशा मालदीव के लोगों की प्राथमिकताओं को प्रमुखता दी है। इस वर्ष भारतीय स्टेट बैंक ने मालदीव के 10 करोड़ डॉलर के ट्रेज़री बिल्स का रोल ओवर किया है। मालदीव की आवश्यकता अनुसार, 40 करोड़ डॉलर और तीन हजार करोड़ रुपए का मुद्रा विनिमय समझौता भी संपन्न हुआ है। हमने मालदीव में बुनियादी ढांचे के विकास के लिए व्यापक सहयोग पर बात की है।



मालदीव के राष्ट्रपति से मिलते प्रधानमंत्री मोदी।

### जलवायु परिवर्तन है बड़ी चुनौती

मोदी ने कोलंबो सिक्योरिटी कॉन्क्लेव में संस्थापक सदस्य के रूप में जुड़ने पर मालदीव का स्वागत किया और कहा कि जलवायु परिवर्तन दोनों देशों के लिए बड़ी चुनौती है। इस संबंध में सौर ऊर्जा और ऊर्जा दक्षता में भारत अपने अनुभव मालदीव के साथ साझा करने के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री ने मुइज्जू का स्वागत करते हुए कहा कि उनकी यात्रा से संबंध मजबूत होंगे।

### मोदी ने कहा- डिजिटल कनेक्टिविटी पर भी फोकस

मोदी ने कहा कि डिजिटल कनेक्टिविटी पर भी फोकस किया है। उन्होंने कहा कि कुछ देर पहले, मालदीव में रूपे कार्ड का शुभारंभ किया गया है। आने वाले समय में, भारत और मालदीव को यूपीआई से भी जोड़ने के लिए काम किया जायेगा। उन्होंने कहा कि अड्डू में नया भारतीय वाणिज्य दूतावास और बेंगलुरु में मालदीव का नया वाणिज्य दूतावास खोलने पर भी हमने बात की है। इन सभी पहलों से, हमारे लोगों के बीच संबंधों को बल मिलेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमने रक्षा और सुरक्षा सहयोग के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। एकता हार्बर प्रोजेक्ट में काम तेजी से चल रहा है। हम मालदीव राष्ट्रीय रक्षा बलों की ट्रेनिंग और क्षमता निर्माण में अपना सहयोग जारी रखेंगे। हिन्द महासागर क्षेत्र में स्थिरता और समृद्धि के लिए हम मिलकर काम करेंगे। हाइड्रोग्राफी और आपदा प्रबंधन में सहयोग बढ़ाया जायेगा।

# इमरान के 18 तक मिलने-जुलने पर प्रतिबंध

लाहौर, एजेंसी

- कई शहरों में सरकार-विरोधी प्रदर्शन के बीच लगाया प्रतिबंध



पाकिस्तान की पंजाब सरकार ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को सुरक्षा चिंताओं के कारण 18 अक्टूबर तक उनके परिवार के सदस्यों, वकीलों और पार्टी नेताओं से मिलने पर सोमवार को प्रतिबंध लगा दिया। यह प्रतिबंध खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) द्वारा कई शहरों में सरकार-विरोधी प्रदर्शन किये जाने के बीच लगाया गया है।

पीटीआई के संस्थापक खान अगस्त 2023 से कई मामलों में रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद हैं। गृहमंत्री मोहसिन नकवी ने पीटीआई पर 15 और 16 अक्टूबर को इस्लामाबाद में होने वाले शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन को बाधित करने के प्रयास का आरोप लगाया है और यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया है कि ये साजिशें नाकाम हों। पंजाब सरकार के एक अधिकारी ने बताया पीटीआई के संस्थापक इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को रावलपिंडी की अदियाला जेल में अपने परिवार, वकीलों और पार्टी नेताओं से 18 अक्टूबर तक मिलने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने सुरक्षा चिंताओं के मद्देनजर यह फैसला लिया है। सूत्रों के अनुसार, सरकार ने आगामी एससीओ शिखर सम्मेलन की प्रत्याशा में यह फैसला लिया है। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के नेता शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार ने आरोप लगाया है कि शिखर सम्मेलन को विफल करने के लिए पीटीआई इस्लामाबाद में विरोध प्रदर्शन कर रही है।

## दुनिया की नदियों के लिए 2023 गत तीन दशक में सबसे अधिक सूखा

**जिनेवा।** संयुक्त राष्ट्र मौसम एजेंसी ने सोमवार को बताया कि 2023 विश्व की नदियों के लिए तीन दशकों से अधिक समय में सबसे सूखा वर्ष रहा, क्योंकि रिकॉर्ड गर्मी की वजह से जल प्रवाह घट गया और कुछ स्थानों पर लंबे समय तक सूखे की स्थिति बनी रही। विश्व मौसम विज्ञान संगठन ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि कई देशों में स्थित ग्लेशियर को गत पांच दशक में भारी नुकसान हुआ है जो इन नदियों में जल के स्रोत हैं।

## हैरिस के पाकिस्तानी-अमेरिकी नागरिक से संबंधों को लेकर सवाल

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका में एक हिंदू राजनीतिक समूह ने डेमोक्रेटिक पार्टी की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार कमला हैरिस के यूएस कमीशन फॉर इंटरनेशनल रिलिजीयस फ्रीडम (यूएससीआईआरएफ) के पाकिस्तानी-अमेरिकी सदस्य से संबंधों पर सवाल उठाए व कश्मीर जैसे संवेदनशील मुद्दों पर उनके प्रशासन के रुख को लेकर चिंता व्यक्त की है। हिंदूज फॉर अमेरिका फर्स्ट के संस्थापक और अध्यक्ष उत्सव संदूजा ने यूएससीआईआरएफ की पिछले सप्ताह जारी एक रिपोर्ट के बाद यह टिप्पणी की है जिसमें आरोप लगाया गया है कि भारत में धार्मिक स्वतंत्रता की स्थितियां 2024 में भी बदतर रहीं, खासतौर से देश के आम चुनावों से पहले और तुरंत बाद के महीनों में। भारत ने इस रिपोर्ट को दुर्भावनापूर्णबताया है। ट्रंप के समर्थक संदूजा ने एक्स पर एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें हैरिस को प्रचार का समर्थन करने के लिए पाकिस्तानी अमेरिकी और यूएससीआईआरएफ के आयुक्त आसिफ महमूद की तारीफ करते हुए देखा गया।

## सूडान में जारी संघर्ष में 13 बच्चों की गई जान

**काहिरा।** सूडान के उत्तरी दारफुर में सूडानी सेना और उसके प्रतिद्वंद्वी अर्धसैनिक बल के बीच जारी संघर्ष में कम से कम 13 बच्चों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) ने यह जानकारी दी।

यूनिसेफ ने रविवार को एक बयान में कहा कि बच्चों की उम्र छह से 17 वर्ष के बीच थी। स्थानीय समाचार पत्र सूडान पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, सूडानी सेना ने शुक्रवार को उत्तरी दारफुर की राजधानी अल फाशिर से लगभग 70 किलोमीटर पूर्व में स्थित अल कुमा शहर के एक बाजार को निशाना बनाकर हवाई हमले किए।

# रूस के तेल टर्मिनल को बनाया निशाना

कीव, एजेंसी

- राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा- युद्ध अपने अहम चरण में

यूक्रेन की सेना ने दावा किया कि उसने क्रीमिया में रूस के अहम तेल टर्मिनल को निशाना बनाया है जहां से रूसी सेना को युद्ध में तेल की आपूर्ति की जाती है। वहीं, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि युद्ध अहम चरण में प्रवेश कर गया है।


यूक्रेन के जनरल स्टाफ ने सोशल मीडिया के माध्यम से बताया कि रूस की सैन्य और आर्थिक संभावानाओं पर चोट पहुंचाने के इरादे' से उसके कब्जे वाले क्रीमिया प्रायद्वीप के दक्षिण में स्थित फियोदोसिया तेल टर्मिनल पर हमला किया गया क्योंकि वहां से रूसी सेना को युद्ध के लिए तेल की आपूर्ति की जा रही थी। फियोदोसिया में तैनात रूसी अधिकारियों ने बताया कि काला सागर के किनारे स्थित टर्मिनल में सोमवार सुबह आग लग गई लेकिन उन्होंने इसके कारणों का खुलासा नहीं किया।

यूक्रेन तीसरे साल में प्रवेश कर गए युद्ध में रूस के कब्जे वाले अहम इलाकों को निशाना बना रहा है। उसने लंबी दूरी के ड्रोन विकसित किए हैं, जिनसे तेल डिपो और तेल शोधकों के साथ-साथ शस्त्रागारों पर भी हमला किया गया है।

## ट्यूनीशिया के राष्ट्रपति सईद के दूसरी बार चुनाव जीतने के संकेत

**ट्यूनिस।** ट्यूनीशिया में आम चुनाव के बाद हुए सर्वेक्षणों (एग्जिट पोल) में निवर्तमान राष्ट्रपति कैस सईद को लगातार दूसरे कार्यकाल के लिए जीत मिलने की संभावना जताई गई है। बहरहाल, सईद ने 'एग्जिट पोल' के नतीजों को स्वीकार करते हुए रविवार देर रात कहा की कि वह अपनी जीत की घोषणा करने से पहले आधिकारिक परिणामों की प्रतीक्षा करेंगे। 'एग्जिट पोल' में सईद की भारी अंतर से जीत की संभावना जताई गई है। सईद के कई विरोधियों को गिरफ्तार किए जाने से चुनाव पर असर पड़ा है। सईद ने चुनाव के बाद कहा, हम देश से सभी भ्रष्ट लोगों और षड्यंत्रकारियों का सफाया कर देंगे।

## हरियाली को बढ़ावा



कोलकाता में दुर्गा पूजा उत्सव से पहले हरियाली को बढ़ावा देने के लिए पौधों का उपयोग करके एक कलाकार के द्वारा बनाया गया पूजा पंडाल। • एजेंसी

# पाकिस्तान में आत्मघाती हमला, दो चीनी नागरिकों व आतंकी की मौत

कराची, एजेंसी

- जिन्ना अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास देर रात हुआ विस्फोट

पाकिस्तान के सबसे व्यस्त हवाई अड्डे के पास देर रात चीनी श्रमिकों के काफिले को निशाना बनाकर किए गए बलूच विद्रोही समूह के आत्मघाती हमले में दो चीनी नागरिकों की मौत हो गई और 17 लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। जिन्ना अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास देर रात हुए विस्फोट में एक संदिग्ध आत्मघाती हमलावर की भी मौत हो गई।

यह हमला पाकिस्तान में चीनी श्रमिकों के खिलाफ हिंसा की श्रृंखला में नवीनतम घटना है। यह हमला राष्ट्रीय राजधानी में होने वाले शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन से दो सप्ताह से भी कम समय पहले हुआ है।



प्रतिबंधित बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने हमले की जिम्मेदारी लेते हुए कहा कि यह विस्फोट एक आत्मघाती हमला था, जिसमें जिन्ना अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से निकल रहे चीनी इंजीनियरों और निवेशकों के काफिले को निशाना बनाया गया। यह हमला हवाई अड्डे के मुख्य टर्मिनल से एक मील से भी कम दूरी पर हुआ। अधिकारियों ने हवाई अड्डे की तरफ जाने वाले सभी यातायात को कुछ समय के लिए रोक दिया। हमले में एक इलेक्ट्रिक पावर कंपनी के चीनी कर्मचारियों को ले जा रहे काफिले को निशाना बनाया गया। पुलिस उप महानिरीक्षक आसिफ शेख ने बताया प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि आत्मघाती हमले को अंजाम देने के लिए एक छोटे वाहन का तब इस्तेमाल किया गया, जब चीनी नागरिकों को ले जा रहा वाहन कराची हवाई अड्डे के पास मुख्य सिग्नल पर पहुंचा था। उन्होंने कहा कि आत्मघाती हमलावर द्वारा इस्तेमाल किए गए वाहन में विस्फोटक थे और निशाने से टकराने के बाद उसमें विस्फोट हो गया।

## अल्बानिया में भारतीय व्यंजनों, परंपरा की दिखी झलक

**तिराना।** अल्बानिया के राष्ट्रपति के राजप्रसाद का एक हिस्सा कुछ समय के लिए भारतीय शाही दरबार में तब्दील हो गया जिसमें रामपुर की समृद्ध पाककला, पारंपरिक संगीत और फैशन की झलक दिखाई दी। हजारों मील की दूरी पर यह संभव हुआ अल्बानिया में भारत की समृद्ध संस्कृति को प्रदर्शित करने के लिए आयोजित पहले भारत महोत्सव की वजह से। इस उत्सव का आयोजन अल्बानिया के अर्थव्यवस्था, संस्कृतिक और नवाचार मंत्रालय द्वारा किया गया क्योंकि बाल्कन का यह छोटा सा देश भारत के साथ अपने संबंधों को प्रगाढ़ करना चाहता है और इसकी शुरुआत वह लोगों से लोगों के बीच संपर्क के साथ कर रहा है। मिनी फेस्टिवल ऑफ इंडिया इन तिराना नाम से की गई इस पहल में शाही रात्रि भोज के अलावा आजादी के बाद से भारत की वास्तुकला में की गई प्रगति भी प्रदर्शित की।

**ज्ञान-विज्ञान** | सेंटौर पिंडों की उत्पत्ति व बनावट का रहस्य खोलेगी यह खोज

# गैस की धारा छोड़ रहे बर्फीले पिंड की खोज

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** सुदूर अंतरिक्ष में गैस की तीव्र धारा छोड़ रहे बर्फीले पिंड की खोज की है। जेम्स वेब स्पेस टेलेस्कोप द्वारा यह खोज हुई है। इन्हें सेंटौर कहा जाता है। हमारे सौरमंडल की उत्पत्ति व विकास को समझने में यह खोज महत्वपूर्ण मानी जा रही है। साथ ही सेंटौर पिंडों की उत्पत्ति व बनावट के रहस्य को जानने में भी मददगार होगी।

सौरमंडल के सभी पिंडों से हम परिचित हैं। मगर सेंटौर जैसे बर्फीले पिंड आज भी रहस्य बने हुए हैं। इन पिंडों से निकलने वाली गैस की धारा कुछ उसी तरह की होती है, जैसे पृथ्वी में ज्वालामुखी फटा करते हैं। इस पिंड का नाम सेंटौर 29पी/ श्वासमैन-वाचमैन है। पिंड के चट्टान के भीतर से गैस के विस्फोट होते हैं और कार्बन मोनोऑक्साइड और कार्बन डाइऑक्साइड के जेट जैसी तेज धारा छोड़ते हैं। विस्फोट हर छह से आठ सप्ताह में होते हैं, जिस कारण यह बाहरी सौर मंडल में सबसे गतिशील वस्तुओं में माने जाते हैं। इस पिंड का आकार मूंगफली जैसा है। यह बर्फीले पिंड बृहस्पति और नेपच्यून के बीच से सूर्य की परिक्रमा करते हैं। यह खोज सौर मंडल के गठन और विकास में नई अंतर्दृष्टि प्रदान करता है, ऐसा वैज्ञानिकों का मानना है। वैज्ञानिक इन पिंडो की संरचना को समझने की कोशिश कर रहे हैं। साथ ही उनकी गैस-उत्सर्जन गतिविधि के कारण को समझने का प्रयास कर रहे हैं। पिंड की सतह के नीचे मौजूद बर्फ के लुप्त होने का कारण भी तलाश करेंगे।



खोजे गए सेंटौर की तस्वीर।

### प्राचीन पिंडों व धूमकेतुओं के बीच की कड़ी हैं ये पिंड

नैनीताल : सेंटौर के संदर्भ में अधिक जानकारी नही है। यह पूर्व ट्रांस-नेप्च्यूनियन वस्तुएं हैं जो पिछले कुछ मिलियन वर्षों में ग्रहों के सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण प्रभाव से नेप्च्यून की कक्षा के अंदर चली गई हैं। ये पिंड बाहरी सौर मंडल में आदिकालीन बर्फीले पिंडों और विकसित धूमकेतुओं के बीच की कड़ी हैं। नासा ग्रीनबेल्ट, मैरीलैंड के गोडार्ड स्पेस फ्लाइट सेंटर और वाशिंगटन डी.सी., अमेरिकी विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने यह शोध किया है।